@Qpatrika
@qaumipatrika hindi
instagram.com/qaumipatrika

# कौमी पत्रिका
राष्ट्रीय दैनिक अखबार

दिल्ली-हरियाणा-पंजाब-चण्डीगढ़-उत्तर प्रदेश से प्रसारित
रविवार, 23 जून 2024

VISIT:
www.qaumipatrika.in
Email: qpatrika@gmail.com

R.N.I. No. UP-HIN/2007/21472 सम्पादक - गुरचरन सिंह बब्बर वर्ष 17 अंक 215 qaumipatrikahindi 011-41509689, 23315814, 9312262300 गाजियाबाद संवत् 2077-78, पेज (12) मूल्य 3.00 रुपये (हवाई शुल्क 50 पैसे अतिरिक्त)

## मणिपुर की हिंसा असम तक न फैले, शरण लेने वाले लोगों की मदद करें

गुवाहाटी, 22 जून। असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने शनिवार को कछार प्रशासन से यह सुनिश्चित करने को कहा कि जिले में शांति बनी रहे और पड़ोसी राय मणिपुर से हिंसा न फैले। जून के पहले सप्ताह में मणिपुर के जिरिबाम में जातीय हिंसा की घटनाएं हुईं, जिसके बाद राय के कई लोगों ने दक्षिण असम के पास के कछार जिले में शरण ली है। मुख्यमंत्री कार्यालय (सीएमओ) ने एक्स पर पोस्ट किया, मुख्यमंत्री सरमा ने मणिपुर के जिरिबाम में हाल की घटनाओं पर कछार के जिला आयुक्त और पुलिस अधीक्षक के साथ एक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग की और उन्हें जिले में शांति और सौहार्द बनाए रखने के निर्देश दिए। सरमा ने जिला आयुक्त और पुलिस अधीक्षक को यह भी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि असम में शरण लेने वाले मणिपुर के लोगों को सभी मानवीय सहायता प्रदान की जाए। सीएमओ ने कहा कि बैठक में राय के मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक के साथ अन्य अधिकारी भी मौजूद थे। एक पुलिस अधिकारी ने कहा कि मणिपुर की सीमा से सटे इलाकों में कड़ी निगरानी रखी जा रही है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि असम में हिंसा न फैले। पिछले साल मई से मणिपुर में भड़की जातीय हिंसा से जिरिबाम अब तक अप्रभावित रहा है। इस जिले में मैतई, मुस्लिम, नागा, कुकी और गैर मणिपुरी लोग रहते हैं। इंफाल घाटी में रहने वाले मैतई और पहाड़ी जिलों में रहने वाले कुकी के बीच जातीय संघर्ष के चलते 200 से यादा लोगों की मौत हो गई और हजारों लोग बेघर हो गए।

# भारत ने बांग्लादेश को 50 रनों से हराया

**सिम्मी कौर बब्बर**

एंटीगुआ, 22 जून। भारत का सुपर आठ चरण में मुकाबला बांग्लादेश से हो रहा है। भारतीय टीम की कोशिश विजयी अभियान जारी रखकर सेमीफाइनल का दावा पुख्ता करने की है, जबकि बांग्लादेश के लिए एक और हार उसकी आगे पहुंचने की संभावना समाप्त कर देगी। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम ने बांग्लादेश को 197 रनों का लक्ष्य दिया है। हार्दिक पांड्या की अर्धशतकीय पारी के बाद कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव की अगुआई में गेंदबाजों के दमदार प्रदर्शन से भारत ने सुपर आठ चरण के मुकाबले में बांग्लादेश को 50 रनों से हराया। भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए पांच विकेट पर 196 रन बनाए थे। जवाब में बांग्लादेश की टीम 20 ओवर में आठ विकेट पर 146 रन ही बना सकी। भारत का विजयी अभियान इस तरह जारी रहा और टीम ने टूर्नामेंट में लगातार पांचवां मुकाबला जीता। भारतीय टीम ने सुपर आठ चरण में लगातार दो मैच जीतकर सेमीफाइनल का दावा पुख्ता कर लिया है। टीम का सामना अब 24 जून को इस चरण के अंतिम मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया से होगा। भारतीय टीम ग्रुप एक में लगातार दो मैच जीतकर चार अंकों के साथ शीर्ष पर आ गई है और उसने सेमीफाइनल के लिए लगभग क्वालिफाई कर लिया है। मालूम हो कि दोनों ग्रुप से शीर्ष दो टीमें अंतिम चार के लिए क्वालिफाई करेंगी। भारत के लिए इस मैच में




हार्दिक पांड्या ने शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने नाबाद 50 रनों की पारी खेली और एक विकेट भी झटका। हार्दिक को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए प्लेअयर ऑफ द मैच चुना गया। कुलदीप ने दमदार गेंदबाजी करते हुए तीन विकेट झटके, जबकि जसप्रीत बुमराह और अर्शदीप सिंह को दो-दो विकेट मिले। बांग्लादेश के लिए कप्तान नजमुल हुसैन शंटो ने सर्वाधिक 40 रन बनाए। बांग्लादेश की टीम ने सुपर आठ चरण में लगातार दूसरा मैच गंवाया और उसके लिए आगे के दरवाजे अब बंद हो गए हैं। तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने शानदार गेंदबाजी करते हुए बांग्लादेश को सातवां झटका दिया। रिशाद हुसैन 10 गेंदों पर 24 रन बनाकर पवेलियन लौट गए। बुमराह का यह इस मैच का दूसरा विकेट है। तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह ने जाकिर अली को आउट कर बांग्लादेश को छठा झटका दिया। नए बल्लेबाज के तौर पर उतरे जाकिर कुछ खास प्रदर्शन नहीं कर सके और चार गेंदों पर एक रन बनाकर पवेलियन लौट गए। तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने कप्तान नजमुल हुसैन शंटो को आउट कर बांग्लादेश की पारी लड़खड़ा दी। शंटो अच्छी बल्लेबाजी कर रहे थे, लेकिन बुमराह के खिलाफ बड़ा शॉट खेलने के चक्कर में अपना विकेट गंवा बैठे। बुमराह ने अर्शदीप सिंह के हाथों कैच कराकर शंटो की पारी का अंत किया। शंटो 32 गेंदों पर 40 रन बनाकर आउट हुए। कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए बांग्लादेश को चौथा झटका दिया। कुलदीप ने अनुभवी बल्लेबाज शाकिब अल हसन को आउट कर भारत को चौथी सफलता दिलाई। शाकिब सात गेंदों पर 11 रन बनाकर आउट हुए। कुलदीप का इस मैच का यह तीसरा विकेट है। कुलदीप यादव ने एक बार फिर अपनी गेंदबाजी से बांग्लादेश को परेशानी में डाला और नए बल्लेबाज के तौर पर उतरे तौहीद ह्रदोय को आउट कर भारत को तीसरी सफलता दिलाई। तौहीद छह गेंदों पर चार रन बनाकर आउट हुए। कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव ने शानदार गेंदबाजी करते हुए तंजिद हसन को आउट कर बांग्लादेश को दूसरा झटका दिया। तंजिद कप्तान नजमुल हुसैन के साथ मिलकर अच्छी साझेदारी निभा रहे थे, लेकिन कुलदीप ने एलबीडब्ल्यू आउट कर तंजिद की पारी का अंत किया। तंजिद 29 रन बनाकर आउट हुए। पहला झटका लगने के बाद तंजिद हसन ने कप्तान नजमुल हुसैन शंटो के साथ मिलकर बांग्लादेश की पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजों ने शानदार बल्लेबाजी कर पावरप्ले में अन्य कोई झटके लगने नहीं दिया। बांग्लादेश ने आठ ओवर की समाप्ति के बाद एक विकेट पर 50 रन बना लिए हैं। तंजिद 27 रन और शंटो सात रन बनाकर क्रीज पर मौजूद हैं।

## विधानसभा चुनाव में सीट बंटवारे पर होगी रार: शरद पवार

**तेजिन्दर कौर बब्बर**

पुणे, 22 जून। लोकसभा चुनाव में बेहतरीन प्रदर्शन के बाद शरद पवार के नेतृत्व वाली एनसीपी एसपी जोश में है। यही वजह है कि पार्टी ने संकेत दिए हैं कि लोकसभा चुनाव में वे भले ही कम सीटों पर मान गए थे, लेकिन विधानसभा चुनाव में महाविकास अघाड़ी गठबंधन की पार्टियों के बीच सीट बंटवारे के दौरान वे कम सीटों पर सहमत नहीं होंगे। एनसीपी एसपी के दौरान शरद पवार ने ऐसे संकेत दिए हैं। शरद पवार ने शुक्रवार को पुणे में पार्टी की दो बैठकों में हिस्सा लिया। एक बैठक पार्टी पदाधिकारियों की थी, वहीं दूसरी बैठक पार्टी के विधायकों और नवनिर्वाचित सांसदों की थी। पहली बैठक में शामिल हुए पुणे एनसीपी (एसपी) के प्रमुख प्रशांत जगताप ने कहा कि शरद पवार ने सभी को बताया कि पार्टी ने लोकसभा चुनाव में कम सीटों पर चुनाव इसलिए लड़ा ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि शिवसेना (यूबीटी) और कांग्रेस के साथ गठबंधन बरकरार रहे। जगताप ने कहा, उन्होंने (शरद पवार) संकेत दिया कि विधानसभा चुनाव में तस्वीर अलग होगी। जगताप ने बताया



कि एनसीपी (एसपी) प्रमुख ने पुणे, बारामती, मावल और शिरूर लोकसभा क्षेत्रों की विधानसभा सीटों की स्थिति की भी समीक्षा की। दूसरी बैठक में शामिल हुए पार्टी के एक नेता ने बताया कि शरद पवार ने सांसदों और विधायकों से विधानसभा चुनाव के लिए तैयार रहने को कहा। हालांकि राय एनसीपी (एसपी) प्रमुख जयंत पाटिल ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि पार्टी ने अभी तक यह तय नहीं किया है कि वह एमवीए सीट बंटवारे की बातचीत के दौरान कितनी सीटें मांगेगी। उन्होंने कहा कि महाविकास अघाड़ी गठबंधन में कोई बड़ा भाई और छोटा भाई नहीं है, सभी बराबर हैं। बारामती विधानसभा सीट से उम्मीदवारी के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि बारामती से कौन चुनाव लड़ेगा, इसका फैसला पवार ही करेंगे। उल्लेखनयी है कि अभी बारामती सीट से एनसीपी प्रमुख अजित पवार विधायक हैं। लोकसभा चुनाव की तरह विधानसभा चुनाव में भी बारामती सीट पर सभी की निगाहें रहेंगी। देशमुख ने दावा किया कि लोकसभा चुनाव के नतीजों के बाद अजीत पवार के नेतृत्व वाली एनसीपी के विधायकों में काफी घबराहट है और उनमें से कुछ एनसीपी (एसपी) नेताओं को फोन कर रहे हैं। उन्होंने कहा, देखते हैं कि उनके साथ क्या किया जाना है।

## उरी में सुरक्षा बलों को मिली बड़ी कामयाबी, दो आतंकी ढेर

श्रीनगर, 22 जून। उत्तरी कश्मीर के बारामूला जिले के उरी के गोहलान इलाके में भारतीय सेना और संयुक्त सुरक्षा बलों ने शनिवार को घुसपैठ की कोशिश नाकाम कर दी। वहीं सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक सुरक्षाबलों ने उरी के पास दो आतंकवादी मार गिराने में भी कामयाबी पाई है। ये दोनों घुसपैठ की कोशिश कर रहे थे। फिलहाल सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ जारी है। फिलहाल मारे गए आतंकियों के बारे में अभी कोई जानकारी सामने नहीं है। सुरक्षाबल इनकी पहचान में जुटे हुए हैं। इससे पहले बीते बुधवार 21 जून को बालामूला में मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने दो पाकिस्तानी आतंकियों को मार गिराया था। ये दोनों तश्कर-ए-ताइबा से जुड़े थे। पड़ोसी मुल्क पाकिस्तानी उत्तरी कश्मीर में फिर से आतंकवाद को सक्रिय करने की साजिश रच रहा है। इस क्षेत्र में 2005 से 2015 तक आतंक फैला था। हालांकि 2019 में जम्मू-कश्मीर पुलिस की एक मुहिम के तहत बारामुला जिले को आतंकी मुक्त घोषित किया गया था। सुरक्षा एजेंसियों के अनुसार, पाकिस्तानी मूल के विदेशी आतंकियों की संख्या अभी स्थानीय आतंकियों से यादा है, लेकिन इनका सफाया किया जा रहा है। अमरनाथ यात्रा के लिए जम्मू-कश्मीर में अर्धसैनिक बलों की तैनाती शुरू कर दी गई है। जम्मू जिले को इस बार अर्धसैनिक बलों की 24 अतिरिक्त कंपनियां मिली हैं, जोकि पिछले वर्ष की तुलना में पांच से छह अधिक हैं। पहली बार अमरनाथ यात्रा के रूट, यात्रियों के रुकने के स्थलों, लंगरों और अन्य जगहों पर तैनाती के अलावा अर्धसैनिक बल उन जगहों पर भी तैनात किए जा रहे हैं, जहां पर किसी अप्रिय घटना होने की आशंका है।

## सरकार आपकी रक्षा नहीं करेगी तो विपक्ष करेगा: राहुल गांधी

**कौमी संवाददाता**

नई दिल्ली, 22 जून। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने एक बार फिर नीट परीक्षा में कथित गड़बड़ियों को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधा। राहुल ने कहा कि वे इस मुद्दे को निजी तौर पर संसद में उठाएंगे। मोदी सरकार पर निशाना साधते हुए एक वीडियो संदेश में राहुल ने कहा कि अगर सरकार छात्रों की रक्षा नहीं करेगी तो विपक्ष यह काम करेगा। राहुल गांधी ने यूट्यूब पर साझा वीडियो में कहा कि छात्रों को न्याय दिलाने के लिए विपक्ष सरकार पर दबाव बनाना जारी रखेगा। वीडियो में राहुल की नीट अभ्यर्थियों और उनके माता-पिता से मुलाकात को भी दिखाया गया है। उन्होंने कहा कि इस तरह के अपराध की वजह से बचों का अमूल्य समय बर्बाद हुआ है और परीक्षा की तैयारी में खर्च लाखों रुपये का भी नुकसान हुआ है। इतना ही नहीं इससे देश के युवाओं के मानसिक स्वास्थ्य पर भी असर पड़ा है। उन्होंने कहा, मैं इस देश के युवाओं को आश्वस्त करता हूं कि मैं इस अन्याय के खिलाफ उनके साथ



खड़ा हूं। कांग्रेस पार्टी पेपर लीक और नकल के खिलाफ देशभर में प्रदर्शन करेगी और छात्रों को न्याय दिलाएगी। राहुल गांधी ने आगे कहा, नीट देने वाले हज़ारों छात्र अपने परिवारों के साथ भयंकर गर्मी में सड़क पर हैं और नरेंद्र मोदी चुपचाप तमाशा देख रहे हैं। उन्हें भरोसा दिलाता हूं कि इस संघर्ष में सड़क से लेकर संसद तक इंडिया आपके साथ है। उन्होंने वीडियो में कहा, अगर सरकार आपकी (छात्र) रक्षा नहीं कर सकती, तो विपक्ष आपकी रक्षा करेगा। मैं व्यक्तिगत रूप से यह मुद्दा संसद में उठाऊंगा और सरकार पर पूरा दबाव डालेंगे। वीडियो में राहुल ने कहा कि मैं नीट परीक्षा पेपर लीक से प्रभावित 24 लाख छात्रों से बात करना चाहता हूं। सड़कों से संसद तक हम आपके साथ खड़े हैं। मैं 24 लाख छात्रों से कहना चाहता हूं कि आप अकेले नहीं हैं। बीते सात साल में 70 पेपर लीक हुए हैं और इससे दो करोड़ युवाओं ने मौके खोए हैं। हम साथ लड़ेंगे और इसमें जीत हासिल करेंगे।

## बसपा में आकाश आनंद की वापसी

देहरादून, 22 जून। बहुजन समाज पार्टी ने उत्तराखंड विधानसभा उप-चुनाव के लिए 13 स्टार प्रचारकों की सूची जारी की है। मंगलौर सीट पर चुनाव प्रचार के लिए पार्टी प्रमुख मायावती सहित आकाश आनंद और अन्य लोग पार्टी के लिए प्रचार करेंगे। लिस्ट में बड़ा नाम भतीजे आकाश आनंद का है। जिन्हें लोकसभा चुनाव से ठीक पहले मायावती ने पार्टी की जिम्मेदारियों से मुक्त कर दिया था लेकिन एक बार फिर उनके नाम से यह साफ हो गया है कि पार्टी में उनकी वापसी अब तय हो गई है। वहीं बसपा के स्टार प्रचारकों की सूची चुनाव आयोग को भेजी गई है। मंगलौर सीट से बसपा ने पार्टी की ओर से दिवंगत विधायक सरवत करीम अंसारी के पुत्र उबेदुर्रहमान को ही टिकट दिया है।

## हिंसक घटना पर भड़के पूर्व सीएम बघेल, यह भाजपा सरकार का ही षड्यंत्र

रायपुर, 22 जून। छत्तीसगढ़ के बलौदाबाजार में हुई हिंसक घटना के बाद राजनीतिक सियासत गरमाई हुई है। कांग्रेस-बीजेपी दोनों एक दूसरे को घटना की षड्यंत्रकारी बता रहे हैं। दोनों एक दूसरे आरोप-प्रत्यारोप लगा रहे हैं। इसी क्रम में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने मामले में भाजपा को घेरने का प्रयास किया है। उन्होंने जमकर राय सरकार पर जमकर निशाना साधा है। पूर्व सीएम बघेल ने इस घटना को भाजपा सरकार की षड्यंत्र बताया है। पूर्व सीएम भूपेश ने कहा कि बलौदाबाजार में षड्यंत्र थमने का नाम नहीं ले रहा है। इस षड्यंत्र के तहत ही कलेक्टर और एसपी कार्यालय में आग लगी है। वहां खड़ी वाहनों में आग लगाई गई। अब जो जानकारी आ रही है वहां पुलिस द्वारा वाहन जलाए गए हैं। मारपीट की जा रही है। उन्होंने कहा कि अभी जो आवेदन दिए हैं, आयोजनकर्ता में से एक व्यक्ति है जिनके पिता हैं, उसके जीजा और उसके भाई सभी आए हुए हैं। उन्हें भोजन भी नहीं दिया जा रहा है। उसको शाम के समय कलेक्ट्रेट परिसर में ले जाकर में उसे आकर्षित मुद्रा में उसे पत्थर मरवा रहे हैं। डंडा पकड़वा रहे हैं। उसे वीडियोग्राफी कर रहे हैं। पूर्व सीएम भूपेश ने कहा कि दूसरी बात है यह है कि उन पर दबाओं डाला जा रहा है कि कांग्रेस के नेताओं का नाम लो। ऐसे में यह बेहद गंभीर मामला है। पूर्व सीएम बघेल ने आरोप लगाते हुए कहा कि यह सरकार के देखरेख में सब कुछ हो रहा है। यह षड्यंत्र बेहद ही निंदनीय है। उन्होंने आरोप लगाया कि यह बीजेपी सरकार का ही षड्यंत्र है।

## विधानसभा चुनाव के लिए एमवीए में सीट बंटवारे का फॉर्मूला तय नहीं: राउत

**सौरभ शर्मा**

मुंबई, 22 जून। महाराष्ट्र में इस साल के अंत में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। चुनाव को लेकर पार्टियों ने अपनी तैयारी शुरू कर दी है। बता दें कि लोकसभा चुनाव में महाराष्ट्र में महा विकास अघाड़ी (एमवीए) ने चुनाव लड़ा, जिसमें शिवसेना (यूबीटी), एनसीपी (एसपी) और कांग्रेस शामिल थी। अब विधानसभा चुनाव में भी एमवीए उतरने की तैयारी में है। लेकिन अब तक सीटों का बंटवारा नहीं हो सका है। शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय राउत ने शनिवार को कहा कि इस साल के अंत में होने वाले महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों के लिए महा विकास अघाड़ी (एमवीए) सहयोगियों के बीच सीट बंटवारे पर बातचीत शुरू नहीं हुई है। उन्होंने जोर देकर कहा कि विपक्षी गठबंधन में सभी बराबर के हिस्सेदार हैं। संजय राउत ने कहा कि एमवीए ने एकजुट होकर लोकसभा चुनाव लड़ा और दुनिया को दिखाया कि कैसे महाराष्ट्र ने भाजपा को पूर्ण बहुमत हासिल करने से रोका। उन्होंने कहा कि गठबंधन ने राय की 48 लोकसभा सीटों में से 30 पर जीत हासिल की। उन्होंने कहा, सीट बंटवारे पर बातचीत अभी शुरू नहीं हुई है, न तो एनसीपी



(एसपी) के साथ और न ही कांग्रेस के साथ। इसलिए यह सवाल ही नहीं उठता कि कौन कितनी सीटों पर चुनाव लड़ेगा। सभी बराबर के हिस्सेदार हैं। राउत ने कहा, महाराष्ट्र में 288 (विधानसभा) सीटें हैं। किसी के लिए सीटों की कमी नहीं होगी। हर कोई आराम से चुनाव लड़ेगा। संजय राउत की यह टिप्पणी एनसीपी (एसपी) पार्टी के एक नेता की टिप्पणी के बाद आई, जिसमें उन्होंने कहा था कि उनकी पार्टी लोकसभा चुनाव के दौरान एमवीए सहयोगियों की तुलना में कम सीटों पर चुनाव लड़ने के लिए सहमत हुई थी। लेकिन विधानसभा चुनाव में स्थिति अलग होगी। संजय राउत ने कहा कि लोकसभा चुनाव में एनसीपी (एसपी) का स्ट्राइक रेट सबसे अधिक रहा। क्योंकि उन्होंने जिन 10 सीटों पर चुनाव लड़ा उनमें से आठ पर जीत हासिल की। उन्होंने दावा किया कि शिवसेना (यूबीटी) ने 21 में से 9 सीटें जीतीं। विपक्ष ने सबसे यादा इस पार्टी को निशाना बनाया था। संजय राउत ने कहा कि शिवसेना (यूबीटी) ने मामूली अंतर से दो-तीन सीटों पर हारी हैं। वरना उनका स्ट्राइक रेट भी बेहतर हो जाता। एमवीए के तीनों दलों में से एनसीपी (सपा) का स्ट्राइक रेट 80 प्रतिशत था। वहीं कांग्रेस का स्ट्राइक रेट 75 प्रतिशत था, जबकि सबसे अधिक सीटों पर चुनाव लड़ने वाली शिवसेना (यूबीटी) का स्ट्राइक रेट सिर्फ 41 प्रतिशत था।

## जल्द गोहाना को बनाया जाएगा जिला, सीएम नायब सिंह सैनी

सोनीपत (हरियाणा), 22 जून। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि गोहाना को जिला बनाने के लिए गठित की गई कमेटी औपचारिकताएं पूरी करने में जुटी है। गोहाना से जींद रोड तक बाईपास निर्माण के लिए जमीन उपलब्ध होते ही काम शुरू करवा दिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने संत कबीरदास छात्रावास योजना के लिए 31 लाख रुपये का अनुदान दिया। उन्होंने कहा कि प्रदेश में एससी, बीसी वर्ग की धर्मशालाओं के लिए 100 करोड़ जारी करने का काम जल्द किया जाएगा। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी शनिवार को गोहाना के जींद रोड स्थित नई अनाज मंडी में आयोजित संत कबीर दास जयंती पर आयोजित राय स्तरीय कार्यक्रम में लोगों व कार्यकर्ताओं का संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कबीर की वाणी को लेकर पूरी दुनिया आगे बढ़ने का काम कर रही है। संत कबीर दास ने पूरा जीवन समाज में फैले अंधविश्वास व रूढ़िवादी सोच को खत्म करने में लगाया। आज उन्हीं की सोच को देश के प्रधानमंत्री व डबल इंजन की सरकार धरातल पर उतारने का प्रयास कर रही है। कबीर दास की वाणी का एक-एक शब्द हमें कुछ करने व आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मैं गरीब लोगों की सेवा के लिए ही कुर्सी पर बैठा हूं। हर दिन 22 के 22 जिलों की रिपोर्ट ली जाती है, साथ ही अधिकारियों को ईमानदारी से काम करने की हिदायत दी गई है। जहां से शिकायत आ रही हैं, गंभीरता से समस्याओं का समाधान किया जा रहा है। उन्हें जिस दिन से कुर्सी पर बैठाया गया है उसी दिन से कांग्रेस के नेताओं का पेट खराब हो गया है। यही कारण है कि संविधान बदलने जैसी अफवाह फैलाते हुए दुष्प्रचार किया जा रहा है। नायब सैनी ने कहा कि सरकार हर वर्ग के लोगों के लिए लगातार कई योजनाओं पर काम कर रही है। हाल ही में लोगों को 100-100 वर्ग गज के प्लाटों की रजिस्ट्री वितरित की गई है। इसके अलावा हैप्पी कार्ड, आयुष्मान कार्ड, स्वरोजगार के तहत ऋण सहित अनेक योजनाएं शामिल हैं। इस मौके पर राई विधायक मोहन लाल बड़ौली, रायसभा सदस्य रामचंद्र जांगड़ा, जिला अध्यक्ष जसबीर दोदवा, पूर्व जिला अध्यक्ष तीर्थ राणा, पूर्व कैबिनेट मंत्री कविता जैन, बलराम कौशिक, योगेश्वर दत्त सहित अन्य नेता व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# 110 साल पुराने हिंदुजा समूह के सदस्यों पर गंभीर आरोप

**नरेश मल्होत्रा**

नई दिल्ली, 22 जून। हिंदुजा परिवार ब्रिटेन का सबसे धनवान परिवार है। हिंदुजा परिवार के नेतृत्व वाला हिंदुजा समूह करीब 110 साल पुराना है। हालांकि इन दिनों हिंदुजा परिवार गलत कारणों से सुर्खियों में है। दरअसल हिंदुजा परिवार के चार सदस्यों को स्विट्जरलैंड की एक अदालत ने साढ़े चार-साढ़े चार साल जेल की सजा सुनाई है। सजा पाने वालों में प्रकाश हिंदुजा और उनकी पत्नी कमल और बेटे अजय के साथ ही उनकी बहू का नाम शामिल है। आरोप है कि हिंदुजा परिवार के सदस्यों पर घरेलू नौकरों के शोषण का आरोप है। प्रकाश हिंदुजा, कमल, अजय और बहू नम्रता पर आरोप हैं कि उन्होंने स्विट्जरलैंड के जिनेवा स्थित अपने बंगले में काम करने वाले कामगारों का शोषण और गैरकानूनी तरीके से कर्मचारियों को काम पर रखा। उन्हें कम वेतन पर 18 घंटे तक काम कराया गया। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, हिंदुजा परिवार के सदस्यों ने स्विस कानून के तहत तय न्यूनतम वेतन के दसवें हिस्से के बराबर वेतन कर्मचारियों को दिया, जो कानून का उल्लंघन है। परिवार के सदस्यों पर मानव तस्करी के भी आरोप लगे, लेकिन अब परिवार के वकीलों ने बताया कि मानव तस्करी के आरोपों से परिवार के सदस्यों को बरी कर दिया गया है। हिंदुजा परिवार के सदस्यों ने अदालत के फैसले के खिलाफ उच न्यायालय में अपील की है। हालांकि इस मामले में किसी भी सदस्य को हिरासत में नहीं लिया गया है। हिंदुजा परिवार में संपत्ति बंटवारे को लेकर भी विवाद हुआ था, जिसने खासी सुर्खियां बटोरी थी। दरअसल, 2014 में हिंदुजा समूह के संस्थापक दीपचंद हिंदुजा के चार बेटों श्रीचंद, गोपीचंद, प्रकाश और अशोक के बीच एक समझौता हुआ। इसमें कहा गया था कि एक भाई के नाम पर रखी गई सम्पत्ति एक की नहीं बल्कि चार भाइयों की होगी। यही समझौता विवाद की जड़ है। समझौते के करीब एक साल बाद



हिंदुजा भाइयों में सबसे बड़े श्रीचंद हिंदुजा ने हिंदुजा बैंक ऑफ स्विटजरलैंड पर अकेले स्वामित्व का दावा किया। इसके लिए उन्होंने हाईकोर्ट में अपने तीनों अन्य भाइयों पर केस कर दिया। याचिका में कहा गया 2014 में हुआ समझौता कानूनी तौर पर वैध नहीं था। संपत्ति बंटवारे का ये मामला लंदन की कोर्ट ऑफ प्रोटेक्शन में चल रहा था। केस के दौरान श्रीचंद हिंदुजा को भूलने की बीमारी हो गई। श्रीचंद ने अपने मामलों पर स्थायी पावर ऑफ अटॉर्नी बेटी वीनू को दे दी। वीनू ही इस मामले में अब कोर्ट में लड़ रहीं थी। 2020 में श्रीचंद के भाई गोपीचंद ने वीनू को पावर ऑफ अर्टनी मिलने को भी चुनौती दी थी। अदालत में उन्होंने अपने भाई के डिमिंशिया बीमारी का उल्लेख किया और कहा उनके भाई ये पावर देने में योग्य नहीं थे। हालांकि बाद में परिवार के सदस्यों में आपसी सहमति से सभी विवादों के निपटारे का फैसला किया गया। श्रीचंद हिंदुजा का अब निधन हो चुका है। हिंदुजा समूह की शुरुआत अविभाजित भारत के सिंध प्रांत के शिकारपुर जिले में जन्मे दीपचंद हिंदुजा ने की थी। 1914 में दीपचंद ने देश की आर्थिक राजधानी मुंबई की यात्रा की और वहां व्यापार के गुर सिखे। बाद में सिंध जाकर उन्होंने अपने व्यापार की शुरुआत की। 1919 में दीपचंद ने अपने व्यापार का विस्तार किया और ईरान में पहला अंतर्राष्ट्रीय कार्यालय खोला। 1979 तक यह समूह ईरान से चलता रहा। 1979 में ईरान में हुई इस्लामिक क्रांति के बाद समूह ने अपना हेडक्वार्टर लंदन स्थानांतरित कर दिया। अभी भी इस समूह का केंद्र ब्रिटेन में ही है। दीपचंद हिंदुजा द्वारा शुरू इस समूह को उनके बेटों श्रीचंद हिंदुजा, गोपीचंद, प्रकाश और अशोक हिंदुजा ने आगे बढ़ाया।

## हिज़्बुल्लाह के हमलों को लेकर इज़रायल जल्द ही 'आवश्यक निर्णय' लेगा



**एजेंसी**

**यरूशलम।** इजरायल के विदेश मंत्री इजरायल कैट्ज ने कहा है कि इजरायल लेबनान के शिया आंदोलन हिजबुल्लाह को अपने क्षेत्र में नए हमले करने की अनुमति नहीं दे सकता है और जल्द ही आवश्यक निर्णय लेगा। श्री कैट्ज ने एक्स पर लिखा, इजरायल हिजबुल्लाह आतंकवादी संगठन को अपने क्षेत्र और नागरिकों पर हमला जारी रखने की अनुमति नहीं दे सकता है और जल्द ही हम आवश्यक निर्णय लेंगे।

## पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप ने अमेरिका में रहने वाले छात्रों से किया ग्रीन कार्ड देने का वादा

**वाशिंगटन।** अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव से पहले पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने देश के कॉलेजों से स्नातक करने वाले विदेशी छात्रों को ग्रीन कार्ड देने का वादा किया है। ट्रंप ने वादा किया कि अगर वे फिर से राष्ट्रपति चुने गए तो अमेरिकी कॉलेजों से स्नातक करने के बाद विदेशी छात्र स्वतः ही ग्रीन कार्ड के अधिकारी होंगे। उन्होंने कहा कि इससे भारत, चीन जैसे देशों की मेधा को डिग्री लेने के बाद घर वापस नहीं लौटना पड़ेगा। ट्रंप ने कहा कि अमेरिका को आगे ले जाने के लिए काबिल लोगों की जरूरत है। उन्हें देश से बाहर भेजने की नहीं, अमेरिका में रोकने की जरूरत है। इस वर्ष नवंबर में होने वाले अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव से पहले प्रवासियों के प्रति रुख में नरमी लाकर ट्रंप ने उन्हें रिझाने की कोशिश की है। ट्रंप के वादे से भारतवंशियों को बड़ा फायदा हो सकता है। अमेरिका में भारतवंशियों की बड़ी संख्या है। इसलिए ग्रीन कार्ड का उन्हें अधिक मिलेगा। अमेरिका में ग्रीन कार्ड स्थायी निवास का एक दस्तावेज है। पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप मेक्सिको सीमा से प्रवेश करने वाले अवैध प्रवासियों के प्रति कड़े रुख के लिए जाने जाते हैं। हालांकि, ट्रंप हमेशा से मेरिट आधारित आप्रवासन प्रणाली के समर्थक रहे हैं। ट्रंप ने गुरुवार को आल इन पाडकास्ट के दौरान कहा कि किसी विदेशी छात्र को कालेज से स्नातक करते ही ग्रीन कार्ड मिल जाना चाहिए। इसमें जूनियर कालेज भी हों। पाडकास्ट का आयोजन जिन चार चंदा देने वाले पूंजीपतियों की ओर से आयोजित किया गया था उनमें तीन आप्रवासी थे।

## उत्तर कोरिया से रूस के रक्षा संधि पर दक्षिण कोरिया ने जताया विरोध, रूसी राजदूत को किया तलब

**सियोल।** उत्तर कोरिया से सीमा पर तनाव के बीच दक्षिण कोरिया ने रूस के राजदूत को तलब कर हालिया रक्षा समझौते पर विरोध दर्ज कराते हुए कहा कि इससे दक्षिण कोरिया के राष्ट्रीय सुरक्षा को खतरा हो सकता है। वहीं, रूस ने दक्षिण कोरिया की किसी तरह की धमकी या ब्लैकमेल को अस्वीकार्य बताया है। दक्षिण कोरिया के उप विदेश मंत्री किम होंग क्युन ने सियोल स्थित रूसी राजदूत जार्जी जिनोवीव को तलब कर कहा कि उत्तर कोरिया और रूस के बीच रक्षा समझौते से न केवल संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्तावों का उल्लंघन हुआ है बल्कि इससे दक्षिण कोरिया की राष्ट्रीय सुरक्षा को भी खतरा है। क्युन ने कहा कि दोनों देशों के बीच प्रत्यक्ष या परोक्ष सैन्य गठबंधन से दक्षिण कोरिया और रूस के संबंधों पर प्रभाव पड़ेगा। उधर, रूसी दूतावास ने एक्स पर लिखा कि रूसी राजदूत जार्जी जिनोवीव ने कोरियाई अधिकारी से कहा कि दो देशों के बीच समझौते में तीसरे देश को हस्तक्षेप नहीं करना चाहिए। दक्षिण कोरिया के विदेश मंत्रालय ने कहा कि जिनोनीव ने वादा किया है वह दक्षिण कोरिया की चिंता को अपने उच्च अधिकारियों तक पहुंचा देंगे। उल्लेखनीय है कि संधि के तहत रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और उत्तर कोरियाई शासक किम जोंग उन ने एक दूसरे पर आक्रमण के समय तुरंत सैन्य मदद करने का संकल्प लिया है।

## कैबिनेट ने की भारत समेत आठ देशों के लिए राजदूत के नाम की सिफारिश

**काठमांडू।** नेपाल सरकार ने भारत, अमेरिका, यूके सहित आठ देशों के लिए अपने राजदूत के नामों की सिफारिश की है। कुछ दिन पहले ही सरकार ने 11 देशों के राजदूतों को वापस बुलाने का निर्णय लिया था। प्रधानमंत्री पुष्पकमल दाहाल प्रचण्ड की अध्यक्षता में आज हुई कैबिनेट की बैठक में भारत, अमेरिका, यूके, दक्षिण कोरिया, मलेशिया सहित आठ देशों के लिए अपने राजदूत के नाम की सिफारिश की है। विदेश मंत्री नारायणकाजी श्रेष्ठ ने बताया कि कैबिनेट की बैठक में 11 देशों में से 8 देशों के नाम की आज सिफारिश की गई है। इन नामों को संसदीय सुनवाई समिति में भेजा जाएगा जहां से अनुमोदन होने के बाद एग्रिमो के लिए संबंधित देशों में भेजा जाएगा। विदेश मंत्री श्रेष्ठ के मुताबिक भारत के लिए लोकदर्शन रेग्मी को राजदूत बनाने की सिफारिश की गई है। रेग्मी नेपाल सरकार के पूर्व चीफ सेक्रेटरी रह चुके हैं। उनकी सिफारिश सत्तारूढ़ गठबंधन के नेपाल कम्यूनिष्ट पार्टी एमाले के तरफ से किया गया है। नेपाल के तरफ से प्रमुख देशों में राजदूत की नियुक्ति राजनीतिक स्तर पर की जाती है। विदेश मंत्री के मुताबिक चन्द्र घिमिरे को अमेरिका, सुशील प्याकुरेल को दक्षिण कोरिया, सुम्निमा तुलाधर को डेनमार्क, डॉ विजन पन्त को यूके, पुष्पराज राजकर्णिकार को स्पेन, नेत्रप्रसाद तिमल्सिना को मलेशया और अबु सुफ्यान खान को साउदी अरब के लिए राजदूत में सिफारिश की गई है।

# उष्णकटिबंधीय तूफान अल्बर्टो से मेक्सिको में चार लोगों की मौत

**एजेंसी**

**मेक्सिको सिटी।** उष्णकटिबंधीय तूफान अल्बर्टो के मेक्सिको के उत्तरी राज्य नुएवो लियोन से गुजरने के कारण भारी बारिश और खराब मौसम के कारण हुई अन्य दुर्घटनाओं में कम से कम चार लोगों की मौत हो गई। नुएवो लियोन के नागरिक सुरक्षा समन्वयक एरिक कैवाज़ोस ने कहा कि राज्य में अब तक चार मौतों की पुष्टि हुई है, जिनमें से दो बिजली के झटके के कारण हुई हैं।



राज्य के गवर्नर सैमुअल गार्सिया ने लोगों को अपने घरों से बाहर न निकलने की चेतावनी दी और गुरुवार से विद्यालयों में कक्षाएं निलंबित कर दी गयी हैं। उष्णकटिबंधीय तूफान ने पूर्वोत्तर मेक्सिको में ऐसी तस्वीरें छोड़ी हैं, जो इस क्षेत्र में वर्षों से नहीं देखी गई थीं। स्थानीय अधिकारियों ने कहा कि किसी भी घटना की स्थिति में अस्पताल और आश्रय उपलब्ध हैं। राष्ट्रीय मौसम विज्ञान सेवा ने क्षेत्र में बारिश और तेज़ हवाओं की उपस्थिति का अनुमान लगाया।

# उरूस को उत्तर कोरिया पर प्रतिबंधों का पालन करना चाहिए: संयुक्त राष्ट्र महासचिव

**एजेंसी**

**युनाइटेड नेशंस।** रूस और उत्तर कोरिया के लगातार गहराते संबंधों को देखते हुए संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने कहा है कि रूस को उत्तर कोरिया पर संयुक्त राष्ट्र की तरफ से लगाए गए प्रतिबंधों का पालन करना चाहिए।

रूसी संघ सहित किसी भी देश के साथ डेमोक्रेटिक पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ कोरिया (डीपीआरके) के संबंध में उसपर लागू प्रतिबंधों का पालन करना होगा। संयुक्त राष्ट्र महासचिव गुटेरेस ने पत्रकारों से यह बात तब कही जब रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग उन द्वारा बुधवार को ऐसे समझौते पर हस्ताक्षर का आरोप है, जिसमें यूक्रेन के खिलाफ इस्तेमाल के लिए प्योंगयांग की तरफ से रूस को हथियार हस्तांतरित किए जाएंगे। हालांकि मॉस्को और प्योंगयांग ने आरोपों से इनकार किया है।

अमेरिका, फ्रांस, ब्रिटेन, दक्षिण कोरिया और जापान के अनुरोध पर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद् 28 जून को बैठक करेगा जिसमें परिषद के प्रस्तावों के उल्लंघन को लेकर प्योंगयांग की तरफ से हथियारों के हस्तांतरण पर चर्चा होगी। उत्तर कोरिया अपने परमाणु और बैलिस्टिक मिसाइल कार्यक्रमों को लेकर 2006 से संयुक्त राष्ट्र के प्रतिबंधों के अधीन है। इसके बावजूद उत्तर कोरिया को रूस का लगातार समर्थन मिलता रहा है। दरअसल, उत्तर कोरिया के तानाशाह किम जोन उन के तौर-तरीकों से निबटने में पिछले कई वर्षों से 15 सदस्यीय सुरक्षा परिषद् का विभाजित रुख है।

रूस और चीन का कहना है कि अधिक प्रतिबंधों से मदद नहीं मिलेगी और वे प्रतिबंधों में ढील चाहते हैं।

दोनों देशों का यह भी कहना है कि अमेरिका और दक्षिण कोरिया के संयुक्त सैन्य अभ्यास ने प्योंगयांग को उकसाया है। हालांकि वाशिंगटन ने बीजिंग और मॉस्को पर उत्तर कोरिया को और अधिक प्रतिबंधों से बचा कर उसका हौसला बढ़ाने का आरोप लगाया है।

# अमेरिका के अर्कांसस में सामूहिक गोलीबारी में तीन की मौत, 10 घायल

**एजेंसी**

**सैन फ्रांसिस्को।** अमेरिका के अर्कांसस के फोर्डिस प्रांत में एक किराने की दुकान के बाहर गोलीबारी में तीन लोगों की मौत हो गई और 10 अन्य घायल हो गए। राज्य पुलिस ने अपराह्न में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि घायलों में दो कानून प्रवर्तन अधिकारी भी शामिल हैं। उन्होंने कहा कि घायलों में से कुछ लोगों को हल्की चोटें आयी हैं, जबकि कुछ लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। पुलिस ने कहा कि पुलिस द्वारा गोली मारे जाने के बाद शूटर गंभीर रूप से घायल हो गया और उसे हिरासत में ले लिया गया है। संघीय अल्कोहल, तंबाकू, आग्नेयास्त्र एवं विस्फोटक ब्यूरो ने कहा कि गोलीबारी की सूचना मिलने पर ब्यूरो के न्यू



ऑरलियन्स फील्ड ऑफिस से विशेष एजेंटों को घटनास्थल पर भेजा गया था। लगभग 3,400 लोगों की आबादी वाला शहर फोर्डिस राज्य की राजधानी लिटिल रॉक से लगभग 70 मील दक्षिण में स्थित है। अर्कांसस की गवर्नर सारा हकबी सैंडर्स ने सोशल मीडिया पर कहा, मुझे फोर्डिस में हुई दुखद गोलीबारी के बारे में जानकारी दी गई है और मैं घटनास्थल पर मौजूद राज्य पुलिस के साथ लगातार संपर्क में हूं। मैं कानून प्रवर्तन और लोगों के जीवन को जीवन बचाने के लिए त्वरित और वीरतापूर्ण कार्रवाई के लिए पुलिस अधिकारियों को धन्यवाद देती हूं। अमेरिकी आधारित 'गन वायलेंस आर्काइव' के अनुसार उल्लेखनीय है कि अमेरिका में इस साल तकगोलीबारी की 234 घटनाएं घटित हुई हैं और प्रत्येक घटना में कम से कम चार लोगों की मौत हुयी है।

## दक्षिण चीन में भीषण बाढ़ और भूस्खलन से 47 की मौत

**एजेंसी**

**बीजिंग।** चीन के दक्षिणी क्षेत्र में स्थित गुआंग्डोंग प्रांत में भारी बारिश के कारण आई भीषण बाढ़ व भूस्खलन में कम से कम 47 लोगों की मौत हो गई है। चीन की सरकारी मीडिया ने यह खबर दी। सरकारी प्रसारणकर्ता सीसीटीवी ने शुक्रवार दोपहर में कहा कि मीझोउ शहर में 38 अन्य लोगों की मौत की पुष्टि हुई है। इसने कहा कि इसी शहर में इसके पहले नौ अन्य लोगों की मौत हुई थी।

सरकारी प्रसारणकर्ता सीसीटीवी ने दोपहर में कहा कि मीझोउ शहर में 38 अन्य लोगों की मौत की पुष्टि हुई है। इसने कहा कि इसी शहर में इसके पहले नौ अन्य लोगों की मौत हुई थी। इसी हफ्ते की शुरुआत में, मेझाऊ शहर से 10,000 से ज़्यादा लोगों को सुरक्षित निकाला गया था। वहीं 1 लाख 30 हज़ार से ज़्यादा लोग बिजली की किल्लत से जूझ रहे थे। बाढ़ के हालात को देखते हुए शहर के प्रशासन ने बाढ़ नियंत्रण की आपातकालीन कार्रवाई को सबसे



गंभीर स्तर यानि लेवल-1 पर पहुंचा दिया। चीन में बाढ़ नियंत्रण की आपातकालीन व्यवस्था में चार स्तर होते हैं। आसपास के दक्षिणी प्रांत फ़ुज़ियान में भी भारी बारिश हुई है। वहां अब तक कम से कम 4 लोगों की मौत हो चुकी है और 40 ज़िलों के लगभग 5 लाख 86 हज़ार लोग इससे प्रभावित हुए हैं।

# अंतरिक्ष में फंसी सुनीता विलियम्स, फिलहाल वापस नहीं आएगा बोइंग स्टारलाइनर

**एजेंसी**

**वॉशिंगटन।** अंतरराष्ट्रीय स्पेस स्टेशन (आईएसएस) पर मौजूद नासा की भारतीय मूल की अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स और क्रू के आठ अन्य सदस्यों के लिए एक बार फिर एक बड़ी मुश्किल खड़ी हो गई है। नासा ने जानकारी दी कि अंतरिक्ष यात्रियों के पहले दल को ले जाने वाले बोइंग स्टारलाइनर की वापसी को फिलहाल टाल दिया गया है। यहां तक कि नासा ने वापसी की कोई नई तारीख भी नहीं बताई है।

अंतरिक्ष यात्रियों की वापसी को लेकर अब कई सवाल खड़े हो रहे हैं। लोग जानना चाह रहे हैं कि मिशन के दो अंतरिक्ष यात्री कब लौटेंगे। टेस्टिंग और तकनीकी मुद्दों के कारण पहले से ही देरी हुई है। बता दें, अंतरिक्ष यान की वापसी पहले 26 जून को निर्धारित की गई थी।

**कब आएंगे अंतरिक्ष यात्री वापस?**

अमेरिकी अंतरिक्ष यात्रियों बुच विल्मोर और सुनीता विलियम्स ने पांच जून को उड़ान भरी थी। 2019 के बाद से इसे दो बार बिना इंसान के अंतरिक्ष में भेजा गया है। इसके थ्रस्टर्स को पांच विफलताओं और पांच हीलियम रिसाव का सामना करना पड़ा है। नासा और बोइंग को खराबी का सामना करना पड़ा और अतिरिक्त परीक्षण करने पड़े, जिससे



यह सवाल उठता है कि वास्तव में स्टारलाइनर अपने चालक दल को कब तक वापस ला सकेगा। इसके आलावा इस अंतरिक्ष यान की कई समस्याएं सामने आई हैं।

**कई समस्याओं से जूझ रहा स्टारलाइनर**

गौरतलब है, कंपनी ने इस प्रोजेक्ट के लिए 4.5 अरब डॉलर के नासा डेवलपमेंट कॉन्ट्रैक्ट के अलावा लागत में वृद्धि पर 1.5 अरब डॉलर खर्च किए हैं। नासा चाहता है कि स्टारलाइनर दूसरा अमेरिकी अंतरिक्ष यान बने जो स्पेसएक्स के क्रू ड्रैगन के साथ अंतरिक्ष यात्रियों को इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन तक ले जा सके। बोइंग का स्टारलाइनर कार्यक्रम वर्षों से सॉफ्टवेयर गड़बड़ियों, डिजाइन समस्याओं और उपठेकेदारों के विवाद से जूझ रहा है। स्टारलाइनर छह जून को डॉक करने के लिए स्पेस स्टेशन के करीब पहुंचा तो थ्रस्टर फेलियर देखा गया। इस कारण अंतरिक्ष यान स्पेस स्टेशन के पास तब तक नहीं गया, जब तक इसे सही नहीं कर लिया गया।

**स्पेस स्टेशन में मिली इस चीज ने वैज्ञानिकों के उड़ाए थे होश**

इससे पहले आईएसएस के अंदर एक सुपरबग के होने की जानकारी सामने आई थी। वैज्ञानिकों ने एंटरोबैक्टर बुगंडेंसिस नामक एक बहु दवा प्रतिरोधी बैक्टेरिया का पता लगाया था। यह आईएसएस के बंद वातावरण में विकसित होकर अधिक प्रभावशाली हो चुका है। वैज्ञानिकों के मुताबिक, एक बहु दवा प्रतिरोधी बैक्टेरिया है, जिसकी वजह से इसका नाम सुपरबग रखा गया है। यह बैक्टेरिया श्वसन तंत्र को संक्रमित करता है।

**सुनीता का रिकॉर्ड**

सुनीता विलियम्स अंतरिक्ष में रिकॉर्ड 322 दिन बिता चुकी हैं। वह पहली बार 9 दिसंबर 2006 को अंतरिक्ष में गई, और 22 जून 2007 तक वहां रहीं। इसके बाद वह 14 जुलाई 2012 को दूसरी बार अंतरिक्ष यात्रा पर गई और 18 नवंबर 2012 तक अंतरिक्ष में रहीं।

# अल-मवासी की पहाड़ी चोटियों से इस्राइल का हमला जारी

**एजेंसी**

**यरूशलम।** इस्राइली सेना ने दक्षिणी गाजा समेत अन्य इलाकों में हमला किया, जिसमें 45 फलस्तीनियों की मौत हो गई। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस्राइली राफा पर पूरी तरह से कब्जा करने की कोशिश में है। टैंक के जरिए शहर के पश्चिमी और उत्तरी हिस्सों में कब्जा करने की कोशिश जारी है। इस्राइली सेना ने केंद्र, पूर्वी और दक्षिणी हिस्सों में पहले से ही कब्जा कर लिया है। हवाई जहाज और टैंकों से जारी फायरिंग के कारण स्थानीय लोग शहर छोड़कर जाने को मजबूर हैं। कुछ महीने पहले ही स्थानांतरित हुए लोगों को एक बार फिर अपना स्थान बदलना पड़ रहा है। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि पश्चिमी राफा के मवासी में 25 फलस्तीनियों की मौत हो गई, जबकि 50 के करीब घायल हैं। एक स्थानीय व्यक्ति ने मौजूदा हालात पर मीडिया से बात की। उन्होंने कहा, दो टैंकों को मवासी की पहाड़ी की चोटियों पर रखा गया। उनमें से आग के गोले छोड़े जा रहे हैं। ये आग के गोले विस्थापित लोगों के तंबुओं पर गिर रहे हैं।

**घटना की समीक्षा कर रहें इस्राइली सेना**

इस्राइली सेना ने बताया कि घटना की समीक्षा की जा रही है। उन्होंने आगे कहा, प्रारंभिक जांच से मालूम चला है कि इस बात का कोई



संकेत नहीं है कि अल-मवासी में मानवीय क्षेत्र में आईडीएफ (इस्राइली रक्षा बलों) द्वारा हमला किया गया था। इससे पहले सेना ने कहा था कि राफा क्षेत्र में खुफिया आधारित कार्रवाई की जा रही है। इस दौरान हमास द्वारा इस्तेमाल की जाने वाली सुरंगों का पता भी लगाया गया। सेना ने आगे बताया कि कुछ हफ्ते पहले सैनिकों ने एक यूनिवर्सिटी को निशाना बनाया था। दरअसल, इस यूनिवर्सिटी में हमास के आतंकी अपना अभियान चला रहे थे। कुछ स्थानीय लोगों ने बताया कि पिछले दो दिनों में इस्राइल ने हमले तेज कर दिए थे, मुश्किल से ही गोलियों और विस्फोटों की आवाजें रूकी थीं। स्थानीय नागरिक हैतेम ने कहा, पिछली रात राफा में सबसे खराब रातों में से एक थीं। इलाके में ड्रोन, विमान और टैंक से हमले किए गए। पिछले साल अक्तूबर से जारी इस्राइल-हमास संघर्ष को आठ महीने हो चुके हैं, लेकिन इसके बावजूद युद्ध थमने का नाम नहीं ले रहा। संयुक्त राष्ट्र ने कहा कि गाजा पट्टी में कब्जा करने वाली शक्ति के रूप में यह इस्राइल की जिम्मेदारी है कि फिलिस्तीनी क्षेत्र में सार्वजनिक व्यवस्था और सुरक्षा को बहाल करे। ताकि आसन्न अकाल की चेतावनी के बीच मानवीय सहायता पहुंचाई जा सके।

## करीब तीन महीने फंसे रहे आठ भारतीय लौट रहे स्वदेश

**एजेंसी**

**बाल्टीमोर।** बाल्टीमोर पुल हादसे के लगभग तीन महीने के बाद मालवाहक जहाज- एमवी डाली पर सवार भारतीय चालक दल के कुछ सदस्य स्वदेश लौट रहे हैं। स्थानीय समाचार रिपोर्ट के मुताबिक आठ भारतीय चालक दल के सदस्य भारत के लिए रवाना हो गए। 21 चालक दल के सदस्यों में से चार अभी भी 984 फुट लंबे मालवाहक जहाज पर ही फंसे हैं। जहाज शुक्रवार शाम वर्जीनिया के नॉरफ़ॉक रवाना होगा। चालक दल में शामिल अन्य लोगों को बाल्टीमोर के एक सर्विस अपार्टमेंट में ले जाया गया है। जांच पूरी होने तक वे वहीं रहेंगे। बता दें कि चालक दल के 20 सदस्य भारतीय नागरिक थे।

**डील के बाद अमेरिका छोड़ने की अनुमति मिली**

बाल्टीमोर में फ्रांसिस स्कॉट की ब्रिज से टकराने के बाद नदी में फंसा मालवाहक जहाज- एमवी डाली और बाल्टीमोर हादसा बीते तीन महीने से लगातार चर्चा में बना हुआ है। इस जहाज पर 20 भारतीय और एक श्रीलंकाई सवार थे। पुल से टकराने के हादसे की जांच अमेरिकी संघीय जांच एजेंसी- एफबीआई और राष्ट्रीय परिवहन सुरक्षा बोर्ड कर रहे हैं। स्वदेश लौट रहे चालक दल के सदस्यों में एक रसोइया, एक फिटर, एक ऑइलर और कई नाविक शामिल हैं। इन आठ सदस्यों को एक डील के बाद अमेरिका छोड़ने की अनुमति मिली है। वापस लौट रहे लोगों में कोई अधिकारी शामिल नहीं है। चालक दल के बाकी 13 सदस्यों को हादसे की लंबित जांच के कारण फिलहाल अमेरिका में ही रहना पड़ेगा।

**फ्रांसिस स्कॉट की ब्रिज 2.6 किमी लंबा**

बता दें कि बाल्टीमोर में पैटाप्सको नदी पर बना चार लेन वाला फ्रांसिस स्कॉट की ब्रिज 2.6 किमी लंबा है। बीते 26 मार्च को डाली जहाज के टकराने के बाद पुल ध्वस्त हो गया था। इस दुर्घटना के संबंध में चालक दल के किसी भी सदस्य पर आरोप नहीं लगाया गया है। जहाज ग्रेस ओशन प्राइवेट लिमिटेड के स्वामित्व में है और बाल्टीमोर से कोलंबो जा रहा था।

# हिंदुजा परिवार ने सजा के खिलाफ दायर की अपील, बोले- अदालत के फैसले से हैरान हैं

**एजेंसी**


**लंदन।** ब्रिटेन के सबसे धनी हिंदुजा परिवार ने कहा कि वे परिवार के कुछ सदस्यों के खिलाफ जिनेवा की अदालत के फैसले से हैरान हैं। हिंदुजा परिवार ने घरेलू कामगारों का शोषण करने का दोषी ठहराए जाने वाले अदालत के फैसले को चुनौती देते हुए उच्च न्यायालय में अपील दायर की है। परिवार के वकीलों ने बताया है कि हिंदुजा परिवार के किसी सदस्य को हिरासत में नहीं लिया गया है।

**परिवार के किसी सदस्य को हिरासत में नहीं लिया गया**

हिंदुजा परिवार की ओर से जारी बयान में उनके वकीलों ने जोर देकर कहा कि उनके मुवक्किल प्रकाश और कमल हिंदुजा, और उनके बेटे अजय और उनकी पत्नी नम्रता को सभी मानव तस्करी के आरोपों से बरी कर दिया गया है। उन्होंने मीडिया की उन खबरों को भी खारिज कर दिया कि जिनेवा की अदालत के फैसले के बाद परिवार के किसी भी सदस्य को हिरासत में लिया जा सकता है। अदालत ने परिवार को चारों सदस्यों को चार से साढ़े चार साल जेल की सजा सुनाई है।

**वादी ने शिकायत वापस ली**

वकील येल हयात और रॉबर्ट असैल और रोमन जॉर्डन द्वारा हस्ताक्षरित बयान में कहा गया है कि हमारे मुवक्किलों को सभी मानव



तस्करी के आरोपों से बरी कर दिया गया है। हम न्यायालय में लिए गए फैसले से स्तब्ध और निराश हैं, और हमने निश्चित रूप से उच्च न्यायालय में अपील दायर की है, जिससे निर्णय का यह भाग प्रभावी नहीं रह गया है। स्विस कानून के तहत, सर्वोच्च न्यायाधिकरण द्वारा अंतिम निर्णय लागू होने तक आरोपी को निर्दोष माना जाता है। कुछ मीडिया रिपोर्टों के विपरीत, परिवार के किसी भी सदस्य को हिरासत में नहीं रखा गया है।% वकीलों ने यह भी बताया कि %इस मामले में वादी ने अपनी संबंधित शिकायतें वापस भी ले ली थीं और कहा कि उनका ऐसी कार्यवाही में शामिल होने का कभी इरादा नहीं था। परिवार को न्यायिक प्रक्रिया पर पूरा भरोसा है और उन्हें विश्वास है कि सच्चाई सामने आएगी।

**हिंदुजा परिवार के सदस्यों पर हैं ये आरोप**

गौरतलब है कि हिंदुजा परिवार के सदस्यों पर आरोप है कि उन्होंने अपने जिनेवा स्थित विला पर काम करने वाले घरेलू कर्मचारियों के पासपोर्ट जब्त किए, उन्हें विला से बाहर जाने से रोका और स्विट्जरलैंड में बहुत कम पैसे में बहुत लंबे समय तक काम करने के लिए मजबूर किया। कुछ कर्मचारी कथित तौर पर केवल हिंदी बोलते थे और उन्हें अपने देश में बैंकों में रुपये में वेतन दिया जाता था। हिंदुजा परिवार पर घरेलू कामगारों का शोषण करने का आरोप है। परिवार की कानूनी टीम ने आरोपों का खंडन किया और अदालत को बताया कि कर्मचारियों के साथ सम्मानजनक व्यवहार किया गया और उन्हें आवास प्रदान किया गया।

# नैंसी पेलोसी के पति पर हथौड़े से वार करने वाले को कोर्ट ने माना दोषी, घर में घुसकर किया था हमला

**एजेंसी**

**वाशिंगटन।** अमेरिकी संसद की पूर्व स्पीकर नैंसी पेलोसी के अपहरण का प्रयास करने और उनके पति पॉल पेलोसी पर हथौड़े से हमला करने से जुड़े सभी आरोपों में 44 वर्षीय डेविड डेपेप को दोषी पाया गया।

**अमेरिका की राज्य जूरी ने डेपेप को ट्रायल के दौरान इन पांच मामलों में दोषी पाया है-**

गंभीर अपहरण के परिणामस्वरूप शारीरिक नुकसान या मृत्यु

किसी बुजुर्ग या आश्रित वयस्क को गलत कारावास

सरकारी अधिकारियों के परिवार को धमकी देना

घर से चोरी करना

किसी गवाह को धमकी देकर रोकना

अदालत के अधिकारियों ने बताया कि जूरी सभी पांच मामलों में सर्वसम्मति से फैसले पर पहुंची। जूरी ने मंगलवार दोपहर सैन फ्रांसिस्को में इस मामले में विचार-विमर्श शुरू किया। हालांकि, जूनटीन्थ की छुट्टी के कारण बुधवार को अदालत बंद थी, इसलिए शुक्रवार दोपहर को फैसला सुनाया गया। सैन फ्रांसिस्को के पब्लिक डिफेंडर एडम लिप्सन ने अपने अंतिम तर्क में कहा कि डेपेप एकांत जीवन जी रहे थे और वह प्रचार और षड्यंत्र के सिद्धांतों के जाल में फंस गए थे। इसी के चलते 28 अक्तूबर 2022 में नैंसी पेलोसी के घर



में घुस गए।

वहीं, नैंसी पेलोसी के प्रवक्ता आरोन बेनेट ने बताया कि स्पीकर पेलोसी और उनका परिवार पॉल पेलोसी की बहादुरी से हैरान हैं, जो इस मुकदमे में गवाह के तौर पर फिर से सामने आए। ठीक वैसे ही जैसे हमले की रात उन्होंने अपनी जान बचाई थी। बेनेट ने आगे कहा कि पॉल ने हर दिन अपने स्वास्थ्य को लेकर साहस और धैर्य का परिचय दिया है। हालांकि इस मामले में फिलहाल नैंसी और उनका पूरा परिवार कुछ नहीं कहना चाहता।

कौमी पत्रिका
संपादक-गुरचरन सिंह बब्बर
स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक, गुरचरन सिंह बब्बर ने कौमी पत्रिका प्रिंटिंग प्रेस, सेक्टर ए-4/ए-144 इंडस्ट्रीयल एरिया ट्रोनिका सिटी लोनी (गाजियाबाद), उत्तर प्रदेश से छापकर प्रकाशित किया।
Corporate Office:
5, Bahadurshah Zafar Marg
ITO, New Delhi-110002
फोन : 011-41509689, 23315814
मोबाइल नंबर : 9312262300
E - mail address :
qpatrika@gmail.com
Website: www.qaumipatrika.in
R.N.I. No.
UP-HIN/2007/21472
Legal Advisors:
Advocate Mohd. Sajid
Advocate Dr. A.P.Singh
Advocate Manish Sharma
Advocate Pooja Bhaskar Sharma

# राफा के करीब राहत शिविर पर बड़ा हमला, 22 लोगों की मौत, 45 घायल, रेडक्रॉस कार्यालय को भी नुकसान

**जेनेवा।** राफा शहर के उत्तरी हिस्से में फिलिस्तीनी विस्थापितों के बीच राहत कार्यों में जुटे रेडक्रॉस का कार्यालय भी एक हमले में बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। विस्थापितों से घिरे इस इलाके में दागे गए गोले में 22 लोगों की मौत हो गई है। इस दौरान घायल 45 लोगों को रेडक्रॉस फील्ड अस्पताल ले जाया गया।

रेडक्रॉस की अंतरराष्ट्रीय समिति के मुताबिक 21 जून को एक हमले में 22 लोग मारे गए। हमले में रेडक्रॉस का गाजा स्थित कार्यालय क्षतिग्रस्त हो गया। रेडक्रॉस का यह कार्यालय तंबुओं में रह रहे सैकड़ों विस्थापित लोगों से घिरा हुआ है।

हालांकि आईसीआरसी ने यह नहीं बताया कि हमले के लिए कौन जिम्मेदार है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर उसकी तरफ से जारी की गई जानकारी में कहा गया कि हमले के दौरान दागे गए गोले से आईसीआरसी कार्यालय की इमारत को नुकसान पहुंचा है। गोलाबारी के बाद 22 शव और 45 घायलों को रेडक्रॉस फील्ड अस्पताल ले जाया गया। हमास द्वारा संचालित क्षेत्र के स्वास्थ्य मंत्रालय की तरफ से भी कहा गया है कि गोलाबारी में 25 लोग मारे गए और 50 घायल हुए। हमले के लिए हमास ने इजराइल को जिम्मेदार ठहराया। मंत्रालय की तरफ से कहा गया है कि इजरायली गोलाबारी ने अल-मवासी क्षेत्र में विस्थापितों के तंबुओं को निशाना बनाया जो आईसीआरसी बेस के आसपास है। जबकि इजरायली रक्षा बल के प्रवक्ता ने घटना में किसी भी भूमिका से इनकार किया है। उन्होंने कहा कि घटना की समीक्षा की जा रही है। संयुक्त राष्ट्र का कहना है कि गाजा में कोई भी जगह सुरक्षित नहीं है और मानवीय स्थितियां गंभीर हैं। लोग पर्याप्त भोजन, पानी या चिकित्सा आपूर्ति के बिना तंबूओं में ठिकाना बनाए हुए हैं। हालांकि इजराइल का कहना है कि वह हमास के लड़ाकों और बुनियादी ढांचे को निशाना बना रहा है और सामान्य नागरिकों की मौत को कम करने की कोशिश कर रहा है। हमास के खात्मे के लिए इजराइल की मुहिम नौवें महीने में पहुंच गई है। इस दौरान गाजा में विनाश के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इजराइल को निशाना बनाया जा रहा है। इजराइली हमलों में गाजा में 37,100 से अधिक लोग मारे गए हैं।

## अट्ठानवे हज यात्रियों की मौत प्राकृतिक कारणों ,बीमारियां और वृद्धावस्था के कारण : सरकार

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** सरकार ने सऊदी अरब के मक्का मदीना में हज पर गये 98 लोगों की मृत्यु की पुष्टि करते हुए कहा है कि ये मौतें प्राकृतिक कारणों, पुरानी बीमारियों और वृद्धावस्था के कारण हुई हैं। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने यहां नियमित ब्रीफिंग में हज के लिए गए लोगों की मौत होने के बारे में एक सवाल के जवाब में कहा कि हर साल भारत से बड़ी संख्या में तीर्थयात्री हज में शामिल होते हैं और उनमें से कुछ दुर्भाग्यवश हज अवधि के दौरान गुजर जाते हैं।प्रवक्ता ने कहा कि इस साल करीब एक लाख 75 हजार भारतीय तीर्थयात्री हज के लिए मक्का गए। हज की अवधि नौ मई से 22 जुलाई तक है। इस साल अब तक 98 मौतें हो चुकी हैं। ये मौतें प्राकृतिक कारणों, पुरानी बीमारियों और वृद्धावस्था के कारण हुई हैं। अराफ़ात के दिन छह लोगों की मृत्यु हो गई और दुर्घटना के कारण चार लोगों की मौत हुई। पिछले साल पूरी हज अवधि में कुल मौतें 187 थीं।

## नीट पेपर लीक के विरोध में कांग्रेस ने किया देशभर में प्रदर्शन

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट के पेपरलीक मामले में देश के विभिन्न राज्यों की राजधानियों में प्रदर्शन किया और पेपर लीक के आरोपियों को तत्काल सख्त सजा देने की मांग की। मध्य प्रदेश में कांग्रेस कार्यर्ताओं ने प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी तथा पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह के साथ नीट पेपर लीक घोटाले का विरोध किया और कहा कि मोदी सरकार में लगातार हो रहे पेपर लीक देश की नींव को कमजोर कर रहे हैं। ये लाखों छात्रों के साथ धोखा है, अन्याय है। छत्तीसगढ़ में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में विरोध प्रदर्शन करते हुए कार्यकर्ताओं ने कहा कि मोदी सरकार में बढ़ते लालच और भ्रष्टाचार से छात्रों का भविष्य दांव पर लगा है।

## सुप्रीम कोर्ट ने भीमा कोरेगांव हिंसा मामले के आरोपी राउत को दी अंतरिम जमानत

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने 2018 के भीमा कोरेगांव हिंसा मामले के आरोपी महेश राउत को 27 जून को अपनी दादी के अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए दो सप्ताह की अंतरिम जमानत दी। न्यायमूर्ति एस विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति एस वी एन भट्टी की अवकाशकालीन पीठ ने उन्हें 26 जून से 10 जुलाई तक के लिए अंतरिम जमानत दी।आदिवासी अधिकार कार्यकर्ता राउत पर 2018 की जातीय हिंसा मामले में गैरकानूनी गतिविधि (रोकथाम) अधिनियम 1967 की धारा 15 के तहत आरोप लगाया गया था।उन पर प्रतिबंधित सीपीआई (माओवादी) से संबंध रखने और देश के खिलाफ युद्ध छेड़ने के भी आरोप हैं। पीठ के समक्ष राउत की ओर से पेश वकील अपर्णा भट ने कहा कि उनकी दादी की मृत्यु मई के आखिरी हफ्ते में हुई और कुछ रस्में अभी भी की जानी हैं। इसमें शामिल होने के लिए उन्हें अंतरिम जमानत दी जाए।

## कुवैत अग्निकांड के हताहतों के पुनर्वास एवं अनुग्रह राशि की घोषणा

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** कुवैत में एक अग्निकांड में हताहत हुए प्रवासी भारतीय श्रमिकों के लिए वहां की सरकार और नियोक्ता कंपनी ने भी घायलों का पूरा इलाज एवं पुनर्वास कराने और मुआवजे की घोषणा की। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने आज यहां नियमित ब्रीफिंग में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा, कुवैत के चार अस्पतालों में इस समय 17 भारतीय मरीज हैं जो कुवैत में 12 जून को हुए आग लगने से हुई दुर्घटना में घायल हो गए थे। उन्हें उचित चिकित्सा उपचार एवं देखभाल मिल रही है। अस्पताल अधिकारियों के अनुसार उनकी हालत स्थिर है। कुवैत स्थित भारतीय दूतावास के अधिकारी, अस्पतालों के अधिकारियों, मरीजों और कंपनी के साथ नियमित संपर्क में हैं। दूतावास की टीम दैनिक आधार पर सभी अस्पतालों का दौरा कर रही है। श्री जायसवाल ने कहा कि कुवैती सरकार और कंपनी एनटीबीसी ने मृतकों और घायलों के लिए मदद राशि की घोषणा की है। कुवैती सरकार ने मृतकों के परिजनों के लिए 15 हज़ार अमेरिकी डॉलर तथा नियोक्ता कंपनी ने परिजनों को आठ लाख रुपये और बीमा कंपनी से बीमा राशि देने की घोषणा की है जबकि घायलों को दो लाख रुपये और चिकित्सा व्यय और पुनर्वास करने की बात कही है।

### हज यात्रा के लिए 365 डॉक्टर और दो लाख ओपीडी

**नई दिल्ली।** देश में एक लाख 75 हजार 25 हज यात्रियों की चिकित्सा देखभाल के लिए 356 डॉक्टर और चिकित्साकर्मी नियुक्त किए गए हैं और लगभग दो लाख ओपीडी आयोजित की गयी है।

केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय में सचिव अपूर्व चंद्रा ने 'हज यात्रा के लिए चिकित्सा देखभाल व्यवस्था' शीर्षक से एक दस्तावेज जारी करते हुए कहा कि 1,75,025 लोगों ने इस वर्ष भारत से हज यात्रा की, जिनमें से लगभग 40,000 बुजुर्ग हैं जिनकी आयु 60 वर्ष से अधिक थी। इस वर्ष सउदी अरब की खराब मौसम की स्थिति को देखते हुए, स्वास्थ्य संबंधी चुनौतियों के कारण हज यात्रियों के लिए 24 घंटे सेवाओं की आवश्यकता हो गई है। इस वर्ष स्वास्थ्य सेवाओं में दंत चिकित्सा देखभाल को भी जोड़ा गया है। उन्होंने बताया कि चिकित्सा दलों ने हज यात्रियों से संपर्क भी किया।

# रूसी सेना में भारतीयों की भर्ती पर भारत ने जताई कड़ी आपत्ति, कार्रवाई की मांग

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** भारत ने कहा कि रूसी सेना में काम करने वाले भारतीय नागरिकों का मुद्दा चिंता का विषय बना हुआ है. दिल्ली ने इस पर मॉस्को से कार्रवाई की मांग की है. पिछले हफ्ते, विदेश मंत्रालय ने कहा था कि रूस-यूक्रेन संघर्ष में रूसी सेना में कार्यरत दो और भारतीय नागरिक मारे गए हैं, जिससे ऐसी मौतों की संख्या चार हो गई है.

दो भारतीयों की मौत के बाद भारत ने रूसी सेना से भारतीय नागरिकों की भर्ती न करने को कहा था. विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने अपने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि हमने रूसी सेना द्वारा भर्ती किए गए भारतीयों की शीघ्र रिहाई और उनकी स्वदेश वापसी के लिए रूसी पक्ष के साथ मामला उठाया है. हमने भर्ती पर रोक लगाने की भी मांग की है.

**रूसी सेना में सुरक्षा सहायक के तौर पर भर्ती**

खबरों के मुताबिक, करीब 200 भारतीय नागरिकों को रूसी सेना में सुरक्षा सहायक के तौर पर



भर्ती किया गया है. रणधीर जायसवाल ने कहा कि हमारे प्रयासों के परिणामस्वरूप, अब तक 10 भारतीय नागरिकों को रिहा कर दिया गया है और वापस भेज दिया गया है. हम इस मुद्दे पर नयी दिल्ली और मॉस्को दोनों जगह रूसी पक्ष के साथ संपर्क में हैं।

**अब तक चार भारतीय नागरिक मारे गए**

उन्होंने कहा कि यह हमारे लिए अत्यधिक चिंता का विषय बना हुआ है और हम कार्रवाई की उम्मीद करते हैं. विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि भारत हाल ही में मारे गए दो भारतीयों के शवों को शीघ्र वापस लाने के लिए रूसी पक्ष के साथ काम कर रहा है. उन्होंने कहा कि जारी संघर्ष में अब तक चार भारतीय नागरिक मारे गए हैं. हम हाल ही में मारे गए दो भारतीयों के शवों को शीघ्र वापस लाने के लिए रूसी पक्ष के साथ काम कर रहे हैं. रणधीर जायसवाल ने कहा कि हम उनके परिवार के सदस्यों के भी संपर्क में हैं. विदेश मंत्रालय ने फ्रांसीसी पत्रकार सेबेस्टियन फार्सिस के इस दावे का भी खंडन किया कि उन्हें भारत छोड़ने के लिए मजबूर किया गया. उन्होंने कहा कि वर्क परमिट के नवीनीकरण के लिए फार्सिस का आवेदन अभी भी विचाराधीन है. उन्होंने कहा क्फ फ़ार्सिस ओसीआई कार्ड धारक हैं और हमारे नियमों के तहत उन्हें पत्रकारिता संबंधी कार्य करने के लिए अनुमोदन की आवश्यकता होती है. जायसवाल ने कहा कि फ़ार्सिस ने मई 2024 में वर्क परमिट के नवीनीकरण के लिए फिर से आवेदन किया है और उनका मामला विचाराधीन है।

## भारत ने दलाई लामा से जुड़े मामले में चीन की आपत्तियों को किया खारिज

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** भारत ने तिब्बत के निर्वासित धार्मिक नेता दलाई लामा से अमेरिकी कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल की मुलाकात की अनुमति दिए जाने पर चीन की आपत्तियों को खारिज कर दिया लेकिन अमेरिकी प्रतिनिधियों के बयानों से खुद को अलग रखा।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने यहां नियमित ब्रीफिंग में अमेरिकी प्रतिनिधि सभा के सांसदों के एक दल के दौरे के बारे में पूछे जाने पर कहा, सात सदस्यीय अमेरिकी कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने 16-20 जून 2024 तक भारत का दौरा किया। द्विदलीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व हाउस फॉरेन अफेयर्स कमेटी के अध्यक्ष प्रतिनिधि माइकल मैककॉल ने किया। उन्होंने 18-19 जून को धर्मशाला का दौरा किया।

प्रवक्ता ने कहा कि अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से भी मुलाकात की और विदेश मंत्री एस जयशंकर और सीआईएम से बातचीत की। दलाई लामा के बारे में भारत की नीति दोहराते हुए श्री जायसवाल ने कहा,परम पावन दलाई लामा पर भारत सरकार की स्थिति स्पष्ट और सुसंगत है। वह एक सम्मानित धार्मिक नेता हैं और भारत के लोग उनका गहरा सम्मान करते हैं।



परम पावन को अपनी धार्मिक और आध्यात्मिक गतिविधियों के संचालन के लिए उचित शिष्टाचार और स्वतंत्रता दी गई है। अमेरिकी कांग्रेस में तिब्बत को लेकर नये कानून बनाये जाने और अमेरिकी प्रतिनिधियों के बयानों के बारे में उन्होंने कहा,जहां तक अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल के बयानों का संबंध है, मैं आपको अमेरिकी पक्ष की ओर इशारा करूंगा। इस पर उन्हें ही जवाब देना है।

# तुर्की में भारतीय राजदूत वीरेंद्र पॉल के निधन पर विदेश मंत्री, विदेश मंत्रालय ने शोक व्यक्त किया

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री एस जयशंकर और विदेश मंत्रालय ने तुर्की में भारत के राजदूत वीरेंद्र पॉल के निधन पर दुख व्यक्त किया।

विदेश मंत्री ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि उन्होंने पॉल के साथ उनकी कई पोस्टिंग में करीब से काम किया था और उनका निधन भारतीय विदेश सेवा के लिए एक बड़ी क्षति है। श्री जयशंकर ने कहा तुर्की में हमारे राजदूत वीरेंद्र पॉल के निधन पर गहरा दुख हुआ। भारतीय विदेश सेवा के लिए एक बड़ी क्षति। उनकी कई पोस्टिंग में उनके साथ मिलकर काम किया। हमेशा उनकी प्रतिबद्धता और सेवाओं की प्रशंसा की और उनके कई योगदानों को महत्व दिया। उनके परिवार के प्रति गहरी संवेदना। ओम शांति।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता





रणधीर जायसवाल ने एक्स पर पोस्ट कियाः तुर्की में भारत के राजदूत वीरेंद्र पॉल के असामयिक निधन पर हमें गहरा दुख हुआ। वह एक समर्पित अधिकारी थे, उन्हें हमेशा उनके असाधारण मानवीय गुणों और प्रभावशाली पेशेवर योगदान के लिए याद किया जाएगा। उनके परिवार के प्रति हमारी हार्दिक संवेदना। विदेश मंत्रालय की टीम इस मुश्किल घड़ी में उनके परिवार के साथ खड़ी है।

लंदन में भारतीय उच्चायोग ने भी अपनी संवेदना व्यक्त की जहां वीरेंद्र पॉल ने फरवरी 2013 से सितंबर 2016 तक उप उच्चायुक्त के रूप में कार्य किया था।

भारतीय विदेश सेवा के 1991 बैच के अधिकारी, पॉल को जुलाई 2022 में तुर्की में राजदूत नियुक्त किया गया था। इससे पहले उन्होंने केन्या में उच्चायुक्त के रूप में कार्य किया था। केन्या में भारतीय उच्चायोग ने भी अपने पूर्व भारतीय उच्चायुक्त के निधन पर शोक व्यक्त किया है।

तुर्की में भारतीय दूतावास ने कहा, हम अपने राजदूत डॉ. वीरेंद्र पॉल के असामयिक निधन से बहुत दुखी हैं। हम उनके परिवार के सदस्यों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हैं। उन्हें हमेशा याद किया जाएगा।भारत में तुर्की के राजदूत फिरल सुनेल ने भी एक पोस्ट में उनके निधन पर शोक व्यक्त किया~ ÷तुर्की में भारत के राजदूत महामहिम डॉ. रविंदर पॉल के निधन के बारे में जानकर गहरा दुख हुआ। वह एक उत्कृष्ट व्यक्ति और एक प्रतिष्ठित राजनयिक थे। उनके शोक संतप्त परिवार और विदेश मंत्रालय में शोकाकुल दोस्तों के प्रति मेरी हार्दिक संवेदना। ओम शांति।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, पॉल कुछ समय से बीमार चल रहे थे।

## एबीसी की निर्मित वृतचित्र पूरीतरह से झूठी : भारत

**नई दिल्ली।** भारत ने ऑस्ट्रेलिया ब्रॉडकास्टिंग कॉरपोरेशन (एबीसी) द्वारा निर्मित उस वृत्तचित्र (डॉक्यूमेंट्री) को पूरी तरह से झूठ और भारत को कलंकित करने वाला दुष्प्रचार करार दिया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने यहां नियमित ब्रीफिंग में एबीसी डॉक्यूमेंट्री के बारे में प्रतिक्रिया पूछे जाने पर कहा, डॉक्यूमेंट्री में घोर झूठ है, यह पक्षपातपूर्ण है और गैर-पेशेवर रिपोर्टिंग को दर्शाता है। ऐसा प्रतीत होता है कि यह भारत को बदनाम करने के लिए एक विशेष एजेंडे को पूरा करता है। प्रवक्ता ने कहा,हम स्पष्ट रूप से आतंकवाद को नजरअंदाज करने, उसे उचित ठहराने और यहां तक कि उसका महिमामंडन करने के ऐसे किसी भी प्रयास का विरोध करते हैं।एबीसी टेलीविजन चैनल पर प्रसारित होने वाले कार्यक्रम फोर कॉर्नर में प्रसारित इस डॉक्यूमेंट्री में ऑस्ट्रेलिया में भारतीय प्रवासी समुदाय के कई सदस्यों को कथित तौर पर भारतीय खुफिया एजेंटों द्वारा निशाना बनाये जाने की कहानी दर्शायी गयी है जिसका शीर्षक 'ऑस्ट्रेलिया में घुसपैठ - भारत का गुप्त युद्ध' है।

## दिल्ली पुलिस का एसआई एक लाख रुपये रिश्वत लेते गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने दिल्ली पुलिस के नजफगढ़ क्षेत्र में स्थित छावला थाने के सब इंस्पेक्टर विजय गौर को घूस लेते रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। आरोपित पर एक लाख रुपये घूस लेने का आरोप है। बाद में सीबीआई ने उसके आवासीय और कार्यालय परिसर में तलाशी ली। यह जानकारी सीबीआई के प्रवक्ता ने दी। सीबीआई के मुताबिक एक शिकायतकर्ता की शिकायत पर स्थानीय पुलिस में मामला दर्ज किया गया था।

## महाराजा रणजीत सिंह की बरसी पर पाकिस्तान रवाना हुआ जत्था

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** महाराजा रणजीत सिंह की पुण्य तिथि के अवसर पर शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की ओर से पाकिस्तान में होने वाले कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए सिख श्रद्धालुओं का एक जत्था रवाना किया गया। शिरोमणि कमेटी के मुख्य कार्यालय से जत्थे की रवानगी के अवसर पर शिरोमणि कमेटी के सचिव प्रताप सिंह और जत्थ के नेता बलविंदर सिंह काहलवां अन्य अधिकारियों के साथ एसजीपीसी पदाधिकारी खुशविंदर सिंह भाटिया, उपनेता गुरमीत सिंह बूह, बीबी हरजिंदर कौर और सचिव गुरुचरण सिंह कोहाला ने सदस्यों को सिरोपे भेंट किए।इस मौके पर शिरोमणि कमेटी के सचिव प्रताप सिंह ने कहा कि हर साल महाराजा रणजीत सिंह की पुण्य तिथि के मौके पर सिख तीर्थयात्रियों के एक जत्थे को पाकिस्तान के गुरुधामों के दर्शन के लिए भेजा जाता है। इस बार शिरोमणि कमेटी ने 340 तीर्थयात्रियों के पासपोर्ट वीजा के लिए पाकिस्तान दूतावास को भेजे थे। जिनमें से 317 तीर्थ यात्रियों



को वीजा मिला है। प्रताप सिंह ने कहा कि सिख समुदाय में पाकिस्तान स्थित गुरुद्वारों के दर्शन करने की बड़ी इच्छा है, जिसके लिए सरकारों को अधिक से अधिक संख्या में वीजा देना चाहिए ताकि श्रद्धालु अपने गुरुधामों के दर्शन कर सकें। जत्थे के नेता व एसजीपीसी के सदस्य खुशविंदर सिंह भाटिया ने कहा कि गुरु बख्शीश की बदौलत उन्हें जत्थे का नेतृत्व करने का सौभाग्य मिला। महाराजा रणजीत सिंह की जयंती समारोह में शामिल होने से पहले जत्थे में शामिल श्रद्धालु गुरुद्वारा श्री ननकाना साहिब, गुरुद्वारा सच्चा सौदा मंडी चुहड़काना शेखूपुरा, गुरुद्वारा श्री पंजा साहिब, गुरुद्वारा डेहरा साहिब लाहौर आदि के दर्शन करेंगे। महाराजा रणजीत सिंह की जयंती समारोह में हिस्सा लेने के बाद जत्था 30 जून को वापस लौटेगा।जत्थे की रवानगी के मौके पर शिरोमणि कमेटी के सचिव धर्म प्रचार कमेटी बलविंदर सिंह काहलवां, अतिरिक्त सचिव बिजय सिंह, उप सचिव गुरचरण सिंह कुहाला, जसविंदर सिंह जस्सी, प्रो. सुखदेव सिंह, बलविंदर सिंह खैराबाद, गुरनाम सिंह, मंजीत सिंह तलवंडी, हरभजन सिंह वक्ता, सुखबीर सिंह, अधीक्षक निशान सिंह, प्रभारी यात्रा विभाग पलविंदर सिंह, मलकीत सिंह बेहड़वाल, एसोसिएट मैनेजर गुरतिंदरपाल सिंह और अन्य मौजूद थे।

## हरियाणा, झारखंड , महाराष्ट्र ,जम्मू-कश्मीर में विधान सभा चुनावओं की तैयारी

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने हरियाणा , झारखंड , महाराष्ट्र और केंद्र शासित जम्मू-कश्मीर में विधान सभा चुनावाओं की तैयारियों की प्रक्रिया 25 जून से शुरू करने की घोषणा की जिसके तहत मतदाता सूचियों को अद्यतन बनाने का काम पहली जुलाई से शुरू होगा। उपरोक्त तीनों राज्यों में विद्यमान विधानसभाओं का कार्यकाल क्रमशः तीन नवंबर , 26 नवंबर 2024 तथा पांच जनवरी 2025 को समाप्त होने जा रहा है। जम्मू-कश्मीर में पुनर्गठन के बाद पहली बार विधान सभा चुनाव कराए जाने हैं।आयोग ने आज जारी एक विज्ञपति में कहा कि इन चारो राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण (एसएसआर) से पहले का कार्यकलाप 25 जून से शुरू किया जा रहा है। इसमें सामूहिक आवास समितियों, मलिन बस्तियों, शहरी क्षेत्रों और ग्रामीण क्षेत्रों में मतदाताओं के लिए सबसे सुविधाजनक स्थानों पर मतदान केंद्रों की स्थापना/ मतदान केंद्रों को तर्कसंगत या उनके पुनर्व्यवस्थापन और मतदाता सूची को अद्यतन बनाने के लिए पुनरीक्षा के पहले का काम शुरू किया जाएगा।इन राज्यों और केंद्र शासित क्षेत्रों में विधानसभा चुनाव के लिए मतदाता सूची को अद्यतन करने का काम एक जुलाई 2024 को अर्हक तिथि के रूप में आरंभ किया जाएगा।

चारो जगह मतदान केंद्रों आदि में संशोधन से पहले के कार्यों के अंतर्गत बी.एल.ओ. के माध्यम से घर-घर सत्यापन 25 जून 2024 से कराया जाएगा। मतदान केंद्रों की जगहों को तर्कसंगत बनाने का कार्य 24 जुलाई तक कराया जाएगा। आयोग की ओर से एकीकृत मतादाता सूची का मसौदा 25 जुलाई तक प्रकाशित किया जाएगा।

## मोदी ने दिल्ली का पानी बंद कर दिया : संजय सिंह

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।**आम आदमी पार्टी (आप) के वरिष्ठ नेता एवं सांसद संजय सिंह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि दिल्ली की जनता ने जिस दिन से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सभी सात सांसद के जिताए हैं उस दिन से प्रधानमंत्री ने दिल्लीवालों का पानी रुकवा दिया। जलमंत्री आतिशी द्वारा शुरू किए गए 'पानी सत्याग्रह' स्थल पर लोगों को संबोधित करते हुए श्री सिंह ने आज कहा,'' हमारे देश में मान्यता है कि पानी पिलाने से बड़ा कोई पुण्य का काम नहीं होता। इस भीषण गर्मी में हम छोटे-छोटे पक्षियों के लिए अपने घरों पर पानी रखते हैं। हमारे समाज की मान्यता है कि कोई भी जीव-जंतु प्यासा न रहे और इसके लिए जो भी संभव हो करना चाहिए लेकिन भाजपा के अंदर इतनी क्रूरता और निर्दयता है कि वह दिल्ली में लोगों को पानी की एक-एक बूंद के लिए तरसा रही है। देश में हर राज्य के लिए पानी की व्यवस्था बनाई गई है। दिल्ली का पानी हरियाणा से आता है और हरियाणा को यह पानी पंजाब से मिलता है। पंजाब की 'आप' सरकार ने हरियाणा सरकार को पीने का पानी दिया इसलिए हरियाणा सरकार की जिम्मेदारी थी कि वह आगे दिल्ली में पानी दे उन्होंने कहा कि दिल्ली की जनता ने लोकसभा चुनाव में भाजपा को सातों सीटों पर जिताया, लेकिन बदले में भाजपा और प्रधानमंत्री ने दिल्लीवालों का पानी बंद कर दिया। प्रधानमंत्री और भाजपा का फरमान है कि दिल्ली के लोगों को पानी नहीं मिलना चाहिए। भाजपा के पूर्व सांसद रमेश बिधूड़ी ने अपने साथियों के साथ दिल्ली जल बोर्ड के दफ्तर में तोड़फोड़ की और कर्मचारियों के साथ मारपीट की। भाजपाई चाहते हैं कि जल बोर्ड के कर्मचारी काम न करें और दिल्ली के लोगों का पानी बंद हो जाए। श्री सिहं ने कहा कि दिल्ली की लोगों के लिए काम करने वाले मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को श्री मोदी ने फर्जी मामले में जेल में डाल दिया। उन्होंने कहा, इनके पास श्री केजरीवाल के खिलाफ कोई सबूत नहीं है। देश के इतिहास में ऐसा पहली बार हो रहा है जब एक तानाशाह सरकार की ईडी देश की न्याय और कानून व्यवस्था को कूड़ेदान में डालकर निचली अदालत के लिखित फैसले के बिना ऊपरी अदालत में चली गई।

# बंगलादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना भारत की यात्रा पर नई दिल्ली पहुंचीं

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** बंगलादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना भारत की दो दिवसीय राजकीय यात्रा पर यहां पहुंचीं। श्रीमती हसीना की यह एक माह में नयी दिल्ली की दूसरी यात्रा है। इस दौरान वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से बातचीत करेंगी और दोनों देशों के बीच कई समझौतों पर हस्ताक्षर किए जाएंगे। वह राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु और उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ से भी मुलाकात करेंगी। प्रधानमंत्री द्विपक्षीय वार्ता के बाद उनके सम्मान में दोपहर का भोज देंगे। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने डिजिटल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि विदेश राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह ने बंगलादेश की प्रधानमंत्री का नयी दिल्ली के इंदिरागांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उनके आगमन पर स्वागत किया। भारत में बंगलादेश के उच्चायुक्त मोहम्मद मुस्तफिजुर रहमान भी प्रधानमंत्री हसीना का हवाई अड्डे पर स्वागत करने के लिए उपस्थित थे।मंत्रालय ने कहा, बंगलादेश भारत का एक प्रमुख साझेदार और भरोसेमंद पड़ोसी है। शेख हसीना की इस यात्रा से इस प्रतिष्ठित द्विपक्षीय साझेदारी को और बढ़ावा मिलेगा।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शपथ ग्रहण समारोह में कई आमंत्रित गणमान्य विदेशी नेताओं के साथ श्रीमती हसीना भी गत नौ जून को दिल्ली आयी थीं। उस यात्रा में भी प्रधानमंत्री मोदी ने उनके साथ अलग से मुलाकात की थी। केंद्र में नयी सरकार के गठन के बाद यह किसी विदेशी शासनाध्यक्ष की भारत की पहली द्विपक्षीय यात्रा है। इस दौरान दोनों पक्ष व्यापार के संबंध में एक नए समझौते पर चर्चा करने के लिए तैयार बताए जा रहे हैं।श्रीमती हसीना की यात्रा के पहले दिन आज ही बाद में विदेश मंत्री एस. जयशंकर उनसे उनके होटल में से मुलाकात करेंगे।

बंगलादेश की प्रधानमंत्री का सुबह राष्ट्रपति भवन प्रांगण में औपचारिक स्वागत किया जाएगा। उसके बाद वह गांधी समाधि पर पुष्पांजलि अर्पित करने राजघाट जाएंगी।

# प्रोटेम स्पीकर के लिए भर्तृहरि महताब ही सबसे उपयुक्त : रिजिजू

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजिजू ने कहा है कि प्रोटेम स्पीकर के मुद्दे पर कांग्रेस ने राजनीति शुरु कर दी है और वह उस नियम को नजरअंदाज कर रही है जिसके तहत सबसे लम्बे समय तक लगातार सदस्य रहे सांसद को चुना जाता है।

श्री रिजिजू ने यहां संसद भवन परिसर में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि नियम के अनुसार सबसे लम्बे समय तक लगातार श्री भर्तृहरि महताब लोकसभा के सांसद रहे हैं और उन्हें ही प्रोटेम स्पीकर बनाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि जनादेश आ गया है और उम्मीद की जा रही थी कांग्रेस सच बोलेगी, लेकिन वह नियमों को ताक पर रखकर झूठ बोल रही है कि श्री के. सुरेश सबसे लम्बे समय तक सदस्य रहे हैं जबकि सच यह है कि वह लगातार सांसद नहीं रहे। श्री महताब लगातार सात बार से लोकसभा सदस्य हैं। उन्होंने कहा, कांग्रेस ने चुनाव में झूठ बोला और अब संसद सत्र शुरू होने के पहले फिर झूठ बोल रही है। प्रोटेम स्पीकर को लेकर कांग्रेस बेवजह मुद्दा बना रही है। सरकार के पास बहुमत है, लेकिन अध्यक्ष कौन होगा, प्रोटेम स्पीकर



कौन होगा ये फैसला मिलकर करना है। प्रोटेम स्पीकर का मुद्दा बनाना फिजूल है क्योंकि यह एक प्रक्रिया है। श्री रिजिजू ने कहा कि कांग्रेस प्रोटेम स्पीकर के मामले में देश की जनता को गुमराह करने की कोशिश कर रही है। जनता ने राष्टीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) को सरकार चलाने का बहुमत दिया है और कांग्रेस को विपक्ष में बैठने का तो जनता का आदेश मानना चाहिए और गुमराह करने वाली राजनीति नहीं होनी चाहिए।उन्होंने कहा कि प्रोटेम स्पीकर का पद अस्थाई होता है और उनका काम सिर्फ सदस्यों को शपथ दिलाने का होता है और प्रोटेम स्पीकर सदन का कोई कामकाज नहीं कराते हैं। पहले से ही तय है कि प्रोटेम स्पीकर सदन का कोई सबसे पुराना सदस्य ही होता है और श्री महताब लगातार सात बार से सांसद हैं। श्री रिजिजू ने आठ बार के सांसद कांग्रेस के. सुरेश को लेकर बताया कि वह 1998 और 2004 में लोकसभा सदस्य नहीं थे। नियम है कि जो लगातार सबसे ज्यादा बार चुनाव जीता है उसे प्रोटेम स्पीकर का दायित्व सौंपा जाता है और इस बार भी यही हो रहा है। पहले भी ऐसा हो चुका है। पिछली लोकसभा में वरिष्ठ सदस्य वीरेंद्र कुमार प्रोटेम स्पीकर थे जिन्होंने लगातार जीत दर्ज की थी जबकि उनसे वरिष्ठ मेनका गांधी थीं, लेकिन उनका टर्म ब्रेक हुआ था इसलिए उनकी जगह श्री कुमार को प्रोटेम बनाया गया था।

# भारत ने अमेरिकी प्रतिनिधियों के बयानों से खुद को रखा अलग

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** भारत ने तिब्बत के निर्वासित धार्मिक नेता दलाई लामा से अमेरिकी कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल की मुलाकात की अनुमति दिए जाने पर चीन की आपत्तियों को आज खारिज कर दिया, लेकिन अमेरिकी प्रतिनिधियों के बयानों से खुद को अलग रखा। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने यहां नियमित ब्रीफिंग में अमेरिकी प्रतिनिधि सभा के सांसदों के एक दल के दौरे के बारे में पूछे जाने पर कहा, सात सदस्यीय अमेरिकी कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने 16-20 जून 2024 तक भारत का दौरा किया। द्विदलीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व हाउस फॉरेन अफेयर्स कमेटी के अध्यक्ष प्रतिनिधि माइकल मैककॉल ने किया। उन्होंने 18-19 जून को धर्मशाला का दौरा किया। प्रवक्ता ने कहा कि अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से भी मुलाकात की और विदेश मंत्री एस. जयशंकर और सीआईएम से बातचीत की। दलाई लामा के बारे में भारत की नीति दोहराते हुए श्री जायसवाल ने कहा, परम पावन दलाई लामा पर भारत सरकार की स्थिति स्पष्ट और सुसंगत है। वह एक सम्मानित धार्मिक नेता हैं और भारत के लोग उनका गहरा सम्मान करते हैं। परम पावन को अपनी धार्मिक और आध्यात्मिक गतिविधियों के संचालन के लिए उचित शिष्टाचार और स्वतंत्रता दी गई है। अमेरिकी कांग्रेस में तिब्बत को लेकर नये कानून बनाये जाने और अमेरिकी प्रतिनिधियों के बयानों के बारे में उन्होंने कहा, जहां तक ??अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल के बयानों का संबंध है, मैं आपको अमेरिकी पक्ष की ओर इशारा करूंगा। इस पर उन्हें ही जवाब देना है।

## धनखड़ ने जनरल सुहाग के पिता सूबेदार रामफल के निधन पर जताया शोक

एजेंसी

**झज्जर।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय सचिव ओम प्रकाश धनखड़ ने पूर्व थल सेना अध्यक्ष दलबीर सुहाग के पिता रिटायर्ड सूबेदार रामफल सिंह के निधन पर शोक व्यक्त किया। धनखड़ जनरल सुहाग के पैतृक निवास गांव बिसहान पहुंचे और शोकाकुल परिवार के समक्ष अपनी शोक संवेदनाएं व्यक्त कीं। उन्होंने परमपिता परमात्मा से दिव्य आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान देने के लिए प्रार्थना की। भाजपा नेता धनखड़ ने जनरल दलबीर सुहाग और उनकी मां ईशरी देवी को अपनी संवेदनाएं प्रकट करते हुए कहा कि हम सभी और आने वाली पीढ़ियों को रिटायर्ड सूबेदार स्व. रामफल के जीवन मूल्यों पर सदैव गौरव की अनुभूति होती रहेगी। रामफल में आजीवन देश सेवा की भावना अतुलनीय रही। उन्होंने 1962, 1965 और 1971 की लड़ाई लड़ी। अपने बेटों और पोतों को सेना में भर्ती होने के लिए प्रेरित किया। इनके बड़े बेटे दलबीर सुहाग को दुनिया की चौथी सबसे बड़ी भारतीय सेना का नेतृत्व करने गौरव प्राप्त हुआ। जनरल सुहाग के कार्यकाल में भारतीय सेना की पाक के खिलाफ की गई सर्जिकल स्ट्राइक से हर भारतीय का सीना चौड़ा हो गया था।

## किरण चौधरी के कांग्रेस छोड़ने पर पार्टी नेतृत्व को अंतर मंथन की जरूरतः सुरजेवाला

**कैथल।** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस महासचिव व सांसद रणदीप सिंह सुरजेवाला ने किरण चौधरी के कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल होने को दुखद करार दिया है। प्रेस कांफ्रेंस के दौरान किरण चौधरी व श्रुति चौधरी के भाजपा ज्वाइन करने पर पूछे गए सवाल के जवाब में रणदीप सुरजेवाला ने कहा कि कांग्रेस का अगर कोई भी साथी पार्टी छोड़कर जाता है तो उसका बहुत नुकसान और दुख होता है। एक कार्यकर्ता भी पार्टी छोड़कर जाए तो पूरी पार्टी को इसका नुकसान होता है। जब कोई नेता या कार्यकर्ता पार्टी छोड़कर जाए तो पार्टी के नेतृत्व को अंतर मंथन करना चाहिए कि ये क्या कारण है कि हमने अपने महत्वपूर्ण उस साथियों को खो दिया।



## हरियाणा कांग्रेस में अब मचेगी भगदड़ः अभय सिंह चौटाला

**पलवल।** इनेलो प्रधान महासचिव एवं विधायक अभय सिंह चौटाला ने कहा कि लोकसभा चुनाव में बीजेपी को हराने के लिए लोगों ने इंडिया गठबंधन को वोट कर जीताने का मन बना लिया था। विधानसभा चुनाव में लोग इनेलो को वोट करेंगे। यह बात उन्होंने कार्यकर्ताओं के बीच कही। अभय सिंह चौटाला ने कहा कि पूर्व सीएम भूपेंद्र हुड्डा लगातार भाजपा की मदद करने में लगे हुए थे, अगर हुड्डा इंडिया गठबंधन में इनेलो को लेकर हठधर्मी न करते तो भाजपा प्रदेश में एक भी सीट नहीं जीत पाती। हुड्डा पूर्व सीएम मनोहर लाल को जिताना चाहता थे, इसलिए उनके खिलाफ कमजोर उम्मीदवार को मैदान में उतार दिया।उन्होंने कहा कि पूर्व सीएम चौधरी ओम प्रकाश चौटाला की एक सोच रही है कि अगर लोकसभा में ज्यादा से ज्यादा क्षेत्रीय दल के उम्मीदवार जीत कर नहीं जाएंगे तो ये राष्ट्रीय पार्टियां अपनी मर्जी से फैसले लेकर आम लोगों के खिलाफ कानून बनाएंगे। राष्ट्रीय दल पूंजीपतियों के हितों के लिए कानून बनाते हैं, उनको आम आदमी से कोई सरोकार नहीं है।



## विधायक कमलेश ढांडा ने किया ग्राम सचिवालय व योग एवं व्यायामशाला का शिलान्यास

एजेंसी

**कैथल।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर कलायत की विधायक व पूर्व राज्य मंत्री कमलेश ढांडा ने गांव संतोख माजरा में बनने वाले ग्राम सचिवालय तथा योग एवं व्यायामशाला का शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि ग्राम सचिवालय के बनने से गांव के कार्य घर द्वार पर ही हो सकेंगे और व्यायामशाला के बनने से भी ग्राम वासियों में योग की भावना और प्रबल होगी। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने अनेक शिलान्यास एवं उद्घाटन किए, उनमें से गांव संतोख माजरा में ग्राम सचिवालय तथा योग एवं व्यायामशाला और एक नोलेज सेंटर का उद्घाटन किया है। इससे पूर्व विधायक कमलेश ढांडा कलायत स्थित अनाज मंडी में उप-मंडल स्तरीय 10वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस में मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल हुईं और दीप प्रज्वलित कर योग दिवस काशुभारंभ किया।



# मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने दो योजनाओं के तहत लाभार्थियों को जारी की सहायता राशि

### ई-फसल क्षतिपूर्ति पोर्टल के माध्यम से 54,000 से ज़्यादा किसानों के खातों में भेजी 135 करोड़ रुपये की मुआवजा राशि

एजेंसी

**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री नायब सिंह ने कहा कि हमारी डबल इंजन की सरकार लगातार गरीब, किसान, मजदूर, महिलाओं और युवाओं को सशक्त व मजबूत करने का काम कर रही है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में लगातार हर वर्ग के कल्याण के लिए योजनाएं चलाई जा रही हैं, जिससे आज हर वर्ग का हमारी सरकार पर विश्वास बढ़ा है। गरीब, किसान, समाज के वंचित वर्ग के हित में अगर कोई सोचता है तो वो नरेंद्र मोदी हैं। वे भिवानी में आयोजित समारोह में ई-फसल क्षतिपूर्ति पोर्टल के माध्यम से रबी-2024 में क्षतिग्रस्त फसलों की 135 करोड़ रुपये की मुआवजा राशि आवंटित करने के बाद बोल रहे थे।



मुख्यमंत्री नायब सिंह ने किसान कल्याण की अपनी प्रतिबद्धता को दोहराते हुए ई-फसल क्षतिपूर्ति पोर्टल के माध्यम से रबी-2024 में क्षतिग्रस्त फसलों की 135 करोड़ रुपये की मुआवजा राशि सीधे प्रदेशभर के 54,000 से ज़्यादा किसानों के खातों में भेजी। साथ ही, उन्होंने दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय परिवार सुरक्षा योजना के तहत भी 3529 पात्र लाभपात्रों के खातों में 131.24 करोड़ रुपये की अनुग्रह राशि जारी की। नायब सिंह ने कहा कि हमारी सरकार विभिन्न योजनाओं के माध्यम से गरीबों को मजबूत करने का काम लगातार कर रही है। पिछले 10 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना चलाकर किसानों को सुरक्षित और मजबूत करने का काम किया जा रहा है।

नायब सिंह ने कहा कि जब डीएपी के रेट बढ़ें, उस समय की सरकार ने कोई संवेदनशीलता नहीं दिखाई। वर्ष 2008 और 2009 में डीएपी और यूरिया के रेट कम होते थे, परंतु कांग्रेस की सरकार ने उनके भाव बढ़ा कर उनकी कीमतों को दोगुना कर दिया।

**पूर्व की सरकारों में किसानों को मिलते थे 2 रुपये, 5 रुपये के चैक**

मुख्यमंत्री ने कहा कि पूर्व की सरकार किसानों के साथ मजाक करती थी। भूपेंद्र सिंह हुड्डा, जब मुख्यमंत्री रहे, तो उस समय किसानों को मुआवजे के नाम पर 2-2 रुपये और 5-5 रुपये के चैक भेजकर किसानों के साथ भद्दा मजाक करते थे। जबकि आज हमारी डबल इंजन की सरकार के कार्यकाल में प्राकृतिक आपदा के कारण खराब हुई फसल के लिए किसानों को 30, 40 और 50 हजार रुपये तक के चैक जाते हैं।

इस अवसर पर तोशाम से विधायक किरण चौधरी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने गरीबों व जरूरतमंदों के लिए दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय परिवार सुरक्षा योजना (दयालु) चलाई है, जिसके तहत मुख्यमंत्री नायब सिंह ने प्रदेश के ऐसे पात्र परिवारों को लाभ पहुंचाने का काम किया है। ये बहुत ही लाभदायक योजना है।

## लगातार बढ़ रहा है भाजपा का कुनबाः कंवर पाल

एजेंसी

**यमुनानगर।** भाजपा की जनहित नीतियों से प्रभावित होकर भाजपा का कुनबा लगातार बढ़ता जा रहा है। इसी कड़ी में जगाधरी में हो रहे विकास कार्यों और कृषि मंत्री कंवर पाल की कार्यशैली से प्रभावित होकर जगाधरी विधानसभा के लोपयों गांव से जिला परिषद के पूर्व पार्षद रहे परमजीत सिंह, एडवोकेट निरमपाल शर्मा और समाजसेवी सुमित सैन ने बहुजन समाज पार्टी को छोड़ भाजपा का दामन थाम लिया। कृषि मंत्री ने पार्टी का पटका पहना कर सभी का भाजपा परिवार में स्वागत किया। मंत्री कंवर पाल ने यह जानकारी देते हुए कहा कि भाजपा ही ऐसी पार्टी है जिसमें छोटे कार्यकर्ता से लेकर बड़े पदाधिकारी तक बराबर मान-सम्मान मिलता है। भाजपा में मिलने वाले मान-सम्मान व नीतियों एवं योजनाओं से प्रभावित होकर प्रतिदिन भाजपा का कुनबा लगातार बढ़ता जा रहा है। उन्होंने कहा कि हरियाणा प्रदेश के हर क्षेत्र में करोड़ों रुपये के विकास कार्य करवाए जा चुके हैं ।

## भाजपा ने पेपर लीक, भर्ती घोटालों से युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ किया : हुड्डा

एजेंसी

**सोनीपत।** पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा का कहना है कि भारतीय राजनीति में अब एक नया मुद्दा उभर आया है, पेपर लीक और भर्ती घोटालों भाजपा ने युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया है। वे सोनीपत में धन्यवादी कार्यकर्ता सम्मेलन में बोल र हे थे।

इस मौके पर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष चौधरी उदयभान, सोनीपत से नव-निर्वाचित सांसद पंडित सतपाल ब्रह्मचारी, पूर्व विधानसभा स्पीकर कुलदीप शर्मा, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष धर्मपाल मलिक, लोकसभा से कांग्रेस के सभी विधायक व कई वरिष्ठ नेताओं के साथ हजारों की तादाद में कार्यकर्ता मौजूद रहे। पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस के नेता भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने बीजेपी सरकार को घोटाले में शामिल होने का आरोप लगाया है। भाजपा की कारगुजारी उजागर हो रही हैं, यह देश और हरियाणा के लोकतंत्र को खतरे में डाल रहे हैं।

कांग्रेस नेता चौधरी उदयभान ने भी इस मुद्दे पर अपने संबोधन में कहा कि कांग्रेस सरकार बनने पर प्रत्येक बुजुर्ग को 6000 रुपये पेंशन और कर्मचारियों को पुरानी पेंशन स्कीम का लाभ मिलेगा। उन्होंने महंगाई से राहत देने के लिए भी वादा किया, जैसे कि 300 यूनिट मुफ्त बिजली और 500 रुपये में गैस सिलेंडर मिलेगा। इसके अलावा, बेरोजगारी पर नकेल कसने के लिए खाली पड़े 2 लाख पदों को योग्यता अनुसार पक्की भर्ती से भरा जाएगा। सोनीपत से नव-निर्वाचित सांसद पंडित सतपाल ब्रह्मचारी ने भी यहां कार्यकर्ताओं के साथ अपने विचारोंको सांझा किया। उन्होंने उन्हें अपनी जीत के लिए धन्यवाद दिया और जनता को अपनी सरकार लाने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि हरियाणा में राजनीतिक दलों के बीच इस मुद्दे पर संघर्ष जारी है, जो आने वाले चुनावों में महत्वपूर्ण मुद्दा बनेगा। युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ का को स्वीकार नहीं किहया सकता, इस मुद्दे को राजनीतिक तौर पर जनता की अदालत में लेकर आएंगे। लोकसभा क्षेत्र की आवाज उठाएंगे। विधानसभा चुनाव में सोनीपत लोकसभा की सभी 9 विधानसभा सीटों पर कांग्रेस की जीत होगी और प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनेगी।



## बादली हलके के तीन सडक़ मार्गों के सुधारीकरण प्रोजेक्ट मंजूर

एजेंसी

**झज्जर।** बादली विधानसभा क्षेत्र के तीन गांवों के सडक़ मार्गों के सुधारीकरण की परियोजना को प्रशासनिक मंजूरी सरकार द्वारा प्रदान कर दी गई है। इन तीनों प्रोजेक्ट पर पर 490 लाख रूपये से अधिक की धनराशि खर्च होगी। तीन सडक़ मार्गों की मंजूरी देने पर धनखड़ हरियाणा सरकार का धन्यवाद किया है।

भाजपा नेता धनखड़ ने बताया कि काफी दिनों से इन गांवों के ग्रामीणों की मांग थी कि इन सडक़ मार्गों को सुधारने की जरूरत है। ग्रामीणों की मांग पूरी करने के लिए हरियाणा सरकार के समक्ष रखी गई और सरकार ने इन सडक़ मार्गों के सुधारीकरण के प्रोजेक्ट को मंजूर कर दिया है। जल्द ही टेंडर प्रक्रिया पूरी कर सुधारीकरण कार्य शुरू करवाया जाएगा। धनखड़ ने बताया कि झज्जर बादली रोड से ऊखलचना कोट सडक़ मार्ग, ऊलखचना कोट से सिंकदरपुर सडक़ मार्ग और झज्जर बादली रोड से सिंकदरपुर सडक़ मार्ग के सुधारीकरण की मंजूरी प्रदान कर दी गई है । धनखड़ ने कहा कि उनका प्रयास रहा है कि बादली हलके की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर सरकार से मंजूरी कराकर लोगों को सुविधा दी जाए। उन्होंने बताया कि झज्जर कोसली मार्ग का सुधारीकरण कार्य हो रहा है। हलके के अन्य सडक़ मार्गों पर जहां भी सुधारीकरण की जरूरत है उनको पूरा कराया जाएगा।



## पानी के कनेक्शन पर हो रही थी सब्जी की सिंचाई, 31 कशेक्शन काटे

एजेंसी

**फतेहाबाद।** जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग की टीम द्वारा कनिष्ठ अभियंता अमनदीप सिंह के नेतृत्व में रतिया की एम्पलॉय कालोनी में पानी के दुरूपयोग को रोकने को लेकर विशेष अभियान चलाया गया। इस दौरान टीम ने 31 कनेक्शनों को काटा। इस दौरान कुछ लोगों ने विभाग की इस कार्रवाई का विरोध भी किया लेकिन अधिकारियों ने पुलिस की मदद लेकर इन नाजायज कनेक्शनों को काट दिया। इन्होंने पीने के पानी पर हरा चारा व सब्जी आदि लगा रखी थी। कनिष्ठ अभियान अमनदीप सिंह ने बताया कि क्षेत्र में कुछ घरों ने पीने के पानी पर हरा चारा सब्जी, सर्विस स्टेशन लगा रखे है, जिस कारण कुछ घरों में पीने का पानी नही पहुंच रहा है। पूरे जिले में ऐसे सभी घरों को चिन्हित करके विभाग की तरफ से उनके खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। जिले के पीने के पानी के सभी घरों का सर्वे भी किया जाएगा। उन्होंने बताया कि यह अभियान जिले के सभी शहरों व गांवों में चलाया जाएगा ताकि सभी को स्वच्छ जल मुहैया करवाया जा सके। पीने के पानी से संबंधित जो भी समस्याएं हैं, उन सभी समस्याओं को चिह्नित करके तुरंत प्रभाव से ठीक किया जाएगा ताकि ग्रामीण व शहरी क्षेत्र में किसी भी घर को पीने के पानी की कोई दिक्कत न आए। विभाग के जिला सलाहाकार शर्मा चंद लाली ने एम्प्लॉय कलोनी रतिया में जल संरक्षण अभियान के दौरान बताया कि कनेक्शन काटने के साथ-साथ विभाग उनकी सूची भी तैयार कर रहा है, जिनके बिल बकाया है। उनको भी नोटिस दिया जाएगा यदि फिर भी बिल का भुगतान नहीं करते हैं तो उनके भी कनेक्शन काटे जायेंगे। इसमें सभी जिला वासी विभाग का सहयोग करें। अभियान के दौश्रान विभाग के कर्मचारी घर घर जाकर उन घरों को भी चिह्नित करेंगे जिन घरों में पीने के पानी के नलों पर बंद करने वाली टेप नहीं लगी हुई ताकि उन सभी घरों में टेप लगवाई जा सके और जिन घरों में पीने का पानी नहीं पहुंचता उन घरों में पीने का पानी पहुंच सके। गांव में जितनी भी लीकेज है उनको भी इस अभियान के दौरान चिन्हित करके ठीक करवाया जाएगा। इस दौरान शमशेर सिंह, नफे सिंह, दलवीर सिंह, रवि कुमार, अमनदीप सिंह, सुखपाल, ईश्वर सिंह, राजपाल सिंह, चिमन लाल, कुलदीप, गुरदेव सिंह आदि मौजूद रहे।



## शिविर में उपायुक्त ने 102 में से अधिकांश शिकायतों का किया समाधान

एजेंसी

**सोनीपत।** जिले के लोगों की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करने के लिए प्रतिदिन सुबह 9 बजे से 11 बजे तक जिला और उपमंडल स्तर पर समाधान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। उपायुक्त डॉ. मनोज कुमार ने समाधान शिविर के दौरान आई 102 शिकायतों में से अधिकांश समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया।

उन्होंने कहा कि समाधान शिविरों में लोगों की समस्याओं का त्वरित निवारण किया जा रहा है, जिससे उन्हें राहत मिले। शिविर में आने वाली शिकायतें मुख्यतः पीने के पानी की व्यवस्था, परिवार पहचान पत्र, पेंशन, राशन कार्ड, प्रॉपर्टी आईडी और पुलिस विभाग से संबंधित थीं। उपायुक्त ने कहा, हमारा प्रयास है कि जिला और उपमंडल स्तर पर अधिकारियों द्वारा जनसेवा को समर्पित होकर समस्याओं का प्रभावी रूप से समाधान किया जाए।

उपायुक्त ने नागरिकों से अपील की कि वे अपनी शिकायतें समाधान शिविरों के माध्यम से निपटवाएं। समाधान शिविर में सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहते हैं, जिससे समस्याओं का समाधान त्वरित हो रहा है। इस अवसर पर डीसीपी नरेंद्र, एसडीएम अमित कुमार, नगराधीश पूजा कुमारी, डीआरओ हरिओम अत्री सहित संबंधित विभागों के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।



# आग बुझाने के उपकरण बनाने की फैक्ट्री में ब्लास्ट, दो की मौत

### रेलवे स्टेशन के निकट दौलताबाद औद्योगिक क्षेत्र की घटना

### रात करीब ढाई बजे हुआ हादसा, आसपास की फैक्ट्रियों व मकानों को हुआ नुकसान

**गुरुग्राम।** यहां रेलवे स्टेशन के निकट दौलताबाद औद्योगिक क्षेत्र स्थित एक फैक्ट्री में आधी रात के बाद करीब ढाई बजे जोरदार ब्लास्ट हो गया। देखते ही देखते वहां काम कर रहे श्रमिकों में भगदड़ मच गई। इस हादसे में दो श्रमिकों की मौके पर ही मौत हो गई, वहीं कई अन्य घायल भी हो गए। घटना की सूचना पाकर फायर बिग्रेड की टीमें गाडियां लेकर पहुंची और आग बुझानी शुरू कर दी।

जानकारी के अनुसार दौलताबाद औद्योगिक क्षेत्र में आग बुझाने की उपकरण बनाने वाली एक फैक्ट्री है। इसमें आग बुझाने के काम आने वाली फायर बॉल बनाई जाती थी। तीन-चार दिन पहले यहां पर इससे संबंधित काफी सामान आया था। शुक्रवार-शनिवार की रात करीब ढाई बजे यहां पर अचानक जोरदार धमाका हुआ। धमाके की आवाज और धमक इतनी तेज थी कि आसपास के लोग सहम गए। आसपास की फैक्ट्रियों व घरों में काफी नुकसान हुआ। किसी फैक्ट्री की छत ही उड़ गई तो किसी घर में बड़ी-बड़ी दरारें आ गई। इस हादसे में दो लोग जिंदा जले गए, जिनकी दर्दनाक मौत हो गई। कई श्रमिकों के यहां घायल होने की भी सूचना है। फायर बॉल में धमाके होते रहे। एक के बाद एक हजारों फायर बॉल फटती गई। यहां फैक्ट्री में मलबा भी काफी दूर-दूर तक फैल गया।

घटना की सूचना पाकर फायर ब्रिगेड, एसडीआरएफ, एनडीआरएफ की टीमें मौके पर पहुंचीं। घायलों को तुरंत जिला नागरिक अस्पताल सेक्टर-10 पहुंचाया गया। अस्पताल से मिली जानकारी के अनुसार इस हादसे के शिकार 13 श्रमिकों को अस्पताल में लाया गया। इनमें से 10 को अस्पताल में दाखिल करके उपचार शुरू किया गया। एक को दाखिल करने के बाद उसे गंभीर हालत में रेफर कर दिया। दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। बताया जा रहा है कि पुलिस ने फैक्ट्री मालिक को हिरासत में ले लिया है।



## हरियाणा सरकार ने चार शहरों में 91 अवैध कॉलोनियों को किया नियमित

एजेंसी

**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार ने राज्य की 91 और कॉलोनियों को नियमित किया है। चार जिलों की इन कॉलोनियों के वैध होने के बाद विकास कार्य भी हो सकेंगे। नायब सरकार ने पहली बार कॉलोनियों को नियमित किया है।

इससे पहले मनोहर सरकार के कार्यकाल में कॉलोनियों को नियमित किया गया था। सरकार ने पलवल की 44, पंचकूला की 21, पानीपत की 14 और महेंद्रगढ़ की 12 अनियमित कॉलोनियों को वैध घोषित किया है। शहरी स्थानीय निकाय मंत्री सुभाष सुधा ने पिछले दिनों कहा था कि साढ़े 400 से अधिक कालोनियों को चिह्नित किया है। इन कालोनियों को जून के आखिर तक रेगुलर करने का प्लान है।

मनोहर सरकार के दूसरे कार्यकाल में 741 कॉलोनियों को नियमित किया था। कॉलोनियों के वैध होने के बाद इन कालोनियों में जमीनों की खरीद-फरोख्त में किसी तरह की दिक्कत नहीं आएगी। निकायों द्वारा ऐसी कालोनियों की प्रॉपर्टी आईडी भी बनाई जा सकेगी। कॉलोनियों को वैध करने के बाद सरकार इन कालोनियों में बिजली-पानी, सड़कें, सीवरेज, पार्क, स्ट्रीट लाइट आदि की सुविधाएं मुहैया करवाएगी। इसके लिए कॉलोनियों में रहने वाले लोगों को विकास शुल्क जमा करवाना होगा। सरकार ने 705 छोटे क्षेत्रों (पैच) को भी नियमित किया है। 1200 के करीब ऐसे पैच हैं जिनके लिए सर्वे किया जा रहा है। सरकारी या वन भूमि के अलावा ग्रीन बेल्ट के पैच नियमित नहीं होंगे।

**सरकार ने 705 छोटे क्षेत्रों (पैच) को भी नियमित किया है। 1200 के करीब ऐसे पैच हैं जिनके लिए सर्वे किया जा रहा है। सरकारी या वन भूमि के अलावा ग्रीन बेल्ट के पैच नियमित नहीं होंगे।**

## हिसार में मुख्यमंत्री ने सुनीं जनसमस्याएं, अधिकारियों को दिए समाधान के निर्देश



एजेंसी

**हिसार।** राज्य स्तरीय अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम के उपरांत गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के गेस्ट हाउस में मुख्यमंत्री नायब सिंह ने नागरिकों की समस्याएं सुनीं। उन्होंने अधिकारियों को जनता की समस्याओं के समाधान के निर्देश भी दिए। इस दौरान नागरिकों ने मुख्यमंत्री का शहर में पहुंचने पर पगड़ी पहनाकर अभिनंदन किया।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि शिकायतों एवं समस्याओं के लिए समाधान शिविर में जो नागरिक पहुंच रहे हैं, अधिकारी उनकी समस्याओं का समाधान तत्परता के साथ करना सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री सिंह ने शहर में भाजपा जिला प्रभारी जवाहर सैनी तथा रामचंद्र गुप्ता के निवास पर आयोजित जलपान कार्यक्रमों में भी शामिल हुए। इस अवसर पर नागरिक उड्डयन मंत्री डॉ. कमल गुप्ता, हरियाणा विधानसभा डिप्टी स्पीकर रणबीर गंगवा, बरवाला विधायक जोगीराम सिहाग, प्रदेश महामंत्री सुरेंद्र पूनिया, जिला अध्यक्ष आशा खेदड़, प्रदेश सचिव कैप्टन भूपेंद्र सिंह, उपायुक्त प्रदीप दहिया, हिसार पुलिस अधीक्षक मोहित हांडा, एसीयूटी कनिका गोयल व अतिरिक्त उपायुक्त नीरज आदि उपस्थित रहे।

# लाचार बुजुर्ग अधिकारियों के सामने फूट-फूट कर रोया, नहीं हुआ कोई समाधान

एजेंसी

**कैथल।** एक तरफ मुख्यमंत्री द्वारा प्रदेश के सभी डीसी और एसपी को समाधान शिविर लगा लोगों की समस्याओं को दूर करने के निर्देश दिए गए हैं। दूसरी तरफ कैथल में कुछ अधिकारी लोगों की परिवार पहचान पत्र में इनकम कम करने की बजाय उनको मजदूरी करने की सलाह देकर उन्हें बेइज्जत कर रहे हैं। जिन अधिकारियों के कंधों पर इस पूरी व्यवस्था संभालने की जिम्मेदारी है वो सब कुछ जानते हुए भी जानबूझ कर अंजान बने बैठे हैं। हर रोज की तरह भी जिला सभागार में प्रशासन के अधिकारियों द्वारा लोगों की समस्याएं सुनी जा रही थी। इसी बीच शहर के एक 85 वर्षीय जगमोहन शर्मा अपने बेटे के साथ पीपीपी में अपनी वार्षिक आय कम करवाने की फरियाद लेकर आया। जहां उसने परिवार पहचान पत्र के जिला प्रबंधक सोमपाल को अपनी इनकम कम करने का निवेदन किया। तभी अधिकारी ने कहा कि आपके बेटे काम करने योग्य हैं फिर ये दिहाड़ी क्यों नहीं करते। बुजुर्ग ने उसको बोला कि वह अपने बेटों से अलग रहता है और उसकी वार्षिक आय भी बहुत कम है। इसलिए उसका पीला राशन कार्ड बनाया जाए परंतु अधिकारी ने उसकी एक नहीं सुनी और उल्टा उसका ही मजाक उड़ाने लगा। अधिकारी बोला मैं इनको 20 दिन के लिए 400 रुपए की दिहाड़ी पर लगवा दूंगा, आप इस बात के लिए हां भरो। अधिकारी ने बुजुर्ग को खरी खरी सुनाई और बोला कि इसका हमारे पास कोई इलाज नहीं है। तभी बुजुर्ग शिविर की अध्यक्षता कर रहे डीसी प्रशांत पवार के पास अपनी फरियाद लेकर पहुंचा और अधिकारी द्वारा कही गई बातों के बारे में भी बताया। बुजुर्ग ने बोला कि वह पिछले 5 दिनों से सरकारी कार्यालय में धक्के खा रहा है। अधिक उम्र होने के कारण उसे चला फिरा नहीं जाता, इसलिए उसके परिवार पहचान पत्र में वार्षिक आय काम करके उसका गरीबी रेखा का राशन कार्ड बनाया जाए।

## कोयला मंत्री रेड्डी ने वाणिज्यिक कोयला खदान नीलामी की शुरुआत की

एजेंसी

**हैदराबाद/नई दिल्ली।** केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री जी. किशन रेड्डी ने हैदराबाद में वाणिज्यिक कोयला खदान नीलामी के 10वें दौर की शुरुआत की। कोयला खदान नीलामी के 10वें दौर में 67 कोयला खानों को शामिल किया गया है। कोयला मंत्रालय ने जारी एक बयान में कहा कि




केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री जी. किशन रेड्डी ने वाणिज्यिक कोयला खदान नीलामी के 10वें दौर की शुरुआत की है। इस कदम से घरेलू कोयला उत्पादन बढ़ेगा और देश के लिए ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित होगी। इस मौके पर उन्होंने प्रेस को संबोधित करते हुए कोयला आयात घटाने के साथ इसके उत्पादन बढ़ाने की वकालत की। उन्होंने कहा कि पिछले नौ दौर की नीलामी में 107 कोयला खदानों की सफलतापूर्वक नीलामी की गई है। इससे पहले रेड्डी ने हैदराबाद के बशीरबाग में एबीवी फाउंडेशन और निजाम कॉलेज द्वारा आयोजित 10वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस समारोह में भाग लिया।

## एसबीआई चेयरमैन ने सीतारमण को 6959.29 करोड़ रुपये का लाभांश चेक सौंपा

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त एवं कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री निर्मला



सीतारमण ने स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) के चेयरमैन से वित्त वर्ष 2023-24 के लिए 6959.29 करोड़ रुपये के लाभांश का चेक प्राप्त किया। वित्त मंत्रालय ने 'एक्स' पोस्ट पर जारी बयान में बताया कि एसबीआई के चेयरमैन दिनेश कुमार खारा ने नई दिल्ली स्थित नॉर्थ ब्लॉक कार्यालय में केंद्रीय वित्त एवं कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री सीतारमण को वित्त वर्ष 2023-24 के लिए 6959.29 करोड़ रुपये के लाभांश का चेक सौंपा।

## इंडिया लाइट फेस्टिवल 2024 में सिग्निफाई ने नेचरकनेक्ट को किया लॉन्च



**नई दिल्ली।** लाइ टिंग क्षेत्र में दुनिया की अग्रणी कंपनी सिग्निफाई (यूरोनेक्स्टः लाइट) ने यहां इंडिया लाइट फेस्टिवल 2024 में क्रांतिकारी उत्पाद नेचरकनेक्ट को लॉन्च किया।कंपनी के मुताबिक इसे प्राकृतिक रोशनी प्रदान करके स्वास्थ्य में सुधार लाने के उदेश्य से डिज़ाइन किया गया है। बायोफिलिक डिज़ाइन सिद्धांतों से प्रेरित नेचरकनेक्ट सूर्य की तरह प्राकृतिक रोशनी प्रदान करता है, जो प्रकृति के नियम के अनुरूप जीवन को प्रेरित कर बेहतर मूड, बेहतर ध्यान और अच्छी नींद प्रदान करती है।

## प्लास्टिक रिसाइक्लिंग पर चार दिवसीय वैश्विक सम्मेलन जुलाई में

**नई दिल्ली।** प्लास्टिक के बढ़ते इस्तेमाल, पर्यावरण पर इसके असर और समाधान के लिए उठाए जाने वाले कदमों को ध्यान में रखते हुए ऑल इंडिया प्लास्टिक मैन्युफ़ैक्चरर्स असोसिएशन (एआईपीएमए) और केमिकल्स एंड पेट्रोकेमिकल्स मैन्युफ़ैक्चरर्स असोसिएशन (सीपीएमए) प्लास्टिक रीसाइक्लिंग एंड सस्टेनेबिलिटी पर वैश्विक सम्मेलन का 4 से 7 जुलाई, 2024 तक राजधानी में आयोजन करेगा। इसमें देशभर के कारोबारियों और विशेषज्ञों के भाग लेने की संभावना है। इस दौरान एक प्रदर्शनी के ज़रिए पर्यावरण सुरक्षा और प्लास्टिक रिसाइक्लिंग टेक्नोलॉजी, स्थायी समाधानों और कचरा प्रबंधन के नवीन तरीकों पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा।

# तीस जून के बाद क्रेडिट कार्ड पेमेंट में हो सकती है परेशानी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक के निर्देशों की वजह से 30 जून के बाद एचडीएफसी बैंक, एक्सिस बैंक और आईसीआईसीआई बैंक समेत 26 बैंकों के क्रेडिट कार्ड का इस्तेमाल करने वाले ग्राहकों को बिल पेमेंट करने में परेशानी आ सकती है। रिजर्व बैंक ने अपने निर्देश में साफ किया है कि 30 जून के बाद सभी क्रेडिट कार्ड पेमेंट भारत बिल पेमेंट सिस्टम (बीबीपीएस) के माध्यम से ही प्रोसेस किए जाएंगे, लेकिन 26 बैंकों ने अभी तक बीबीपीएस को एक्टिवेट नहीं किया है।

दरअसल, धोखाधड़ी वाले लेनदेन को ट्रैक करने और उनका सही समय से समाधान निकालने के लिए रिजर्व बैंक ने क्रेडिट कार्ड बिल पेमेंट को एक ही प्लेटफॉर्म से प्रोसेस करने का निर्देश दिया है। क्रेडिट कार्ड पेमेंट को प्रोसेस करने के लिए एक ही प्लेटफॉर्म होने से रिजर्व बैंक पेमेंट ट्रेंड्स पर भी नजर रख सकेगा, जिससे क्रेडिट कार्ड के जरिए होने वाले साइबर फ्रॉड के मामलों पर भी अंकुश लग सकेगा।

गौरतलब है कि फिलहाल बिल डेस्क, फोन-पे, क्रेड और इंफी बीम एवेन्यू जैसे कुछ प्रमुख प्लेटफार्मों के माध्यम से क्रेडिट कार्ड बिल को प्रोसेस किया जाता है। लेकिन रिजर्व बैंक के निर्देशों के बाद सभी क्रेडिट कार्ड बिल पेमेंट बीबीपीएस के जरिए ही किए जाएंगे। ऐसे में करोड़ों क्रेडिट कार्ड ग्राहकों को परेशानी का सामना




करना पड़ सकता है। सिर्फ एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक और एक्सिस बैंक ने ही 5 करोड़ से अधिक क्रेडिट कार्ड जारी किए हैं। इसके अलावा बीबीपीएस एक्टिवेट नहीं करने वाले शेष 23 बैंकों द्वारा भी काफी बड़ी संख्या में क्रेडिट कार्ड जारी किए गए हैं। इस संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक अभी तक सिर्फ 8 बैंकों ने ही बीबीपीएस पर बिल पेमेंट की प्रक्रिया को एक्टिव किया है। हालांकि देश में कुल 34 बैंकों को क्रेडिट कार्ड जारी करने की अनुमति दी गई है। क्रेडिट कार्ड पेमेंट सिस्टम को जारी रखने के लिए जिन 8 बैंकों ने बीबीपीएस को एक्टिवेट किया है, उनमें स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, इंडसइंड बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा, कोटक महिंद्रा बैंक और फेडरल बैंक के नाम शामिल हैं।

हालांकि पेमेंट इंडस्ट्री ने भारतीय रिजर्व बैंक से बीबीपीएस की समय सीमा को और 90 दिनों तक बढ़ाने की मांग की है लेकिन रिजर्व बैंक ने अभी तक ऐसा कोई संकेत नहीं दिया है कि वो समय सीमा में किसी तरह की छूट देने जा रहा है। ऐसे में अगर बीबीपीएस को एक्टिव करने के लिए समय सीमा में बढ़ोतरी नहीं की गई, तो करोड़ों क्रेडिट कार्ड धारकों को बिल पेमेंट करने में परेशानी हो सकती है।

## सीतारमण ने एमएसएमई के साथ आम बजट 2024-25 को लेकर चर्चा की

एजेंसी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त एवं कॉरपोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ने सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) के साथ बजट पूर्व परामर्श बैठक की।

सीतारमण की अध्यक्षता में यहां आयोजित इस बैठक में एमएसएमई के प्रतिनिधियों ने अगामी आम बजट 2024-25 के संबंध में अपने विचार रखे।

वित्त मंत्रलाय ने 'एक्स' पोस्ट पर जारी एक बयान में कहा कि केंद्रीय वित्त एवं कॉरपोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ने आगामी आम बजट पेश होने से पहले एमएसएमई के प्रतिनिधियों के साथ पांचवां बजट पूर्व परामर्श बैठक की। सीतारमण की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में आम बजट 2024-25 के संबंध में एमएसएमई के प्रतिनिधियों ने अपनी मांग रखी।

मंत्रालय के मुताबिक अगामी आम बजट 2024-25 को लेकर एमएसएमई के प्रतिनिधियों के साथ पांचवें बजट पूर्व परामर्श बैठक में केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी, वित्त सचिव, व्यय विभाग के सचिव, आर्थिक मामलों के विभाग, राजस्व वित्तीय सेवाओं, कंपनी मामलों के मंत्रालय के अधिकारियों, एमएसएमई मंत्रालय के सचिव और भारत सरकार के मुख्य आर्थिक सलाहकार भी शामिल हुए। उल्लेखनीय है कि वित्त मंत्री निर्मला



सीतारमण ने आम चुनाव से पहले वित्त वर्ष 2024-25 के लिए अंतरिम बजट पेश किया था।

चुनाव के बाद उन्हें फिर से वित्त मंत्रालय की जिम्मेदारी दी गई है। उन्होंने अब पूर्ण बजट की तैयारी शुरू कर दी है।

## देश का विदेशी मुद्रा भंडार 2.92 अरब डॉलर घटकर 652.89 अरब डॉलर पर

**नई दिल्ली।** विदेशी मुद्रा भंडार में गिरावट आई है। देश का विदेशी मुद्रा भंडार 14 जून को समाप्त हफ्ते में 2.92 अरब डॉलर घटकर 652.89 अरब डॉलर रह गया है। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने जारी आंकड़ों में बताया कि इस दौरान मुद्रा भंडार का अहम घटक माने जाने वाली विदेशी मुद्रा आस्तियां 2.09 अरब डॉलर घटकर 574.24 अरब डॉलर रही।आरबीआई के मुताबिक 14 जून को समाप्त हफ्ते के दौरान स्वर्ण भंडार का आरक्षित मूल्य 1.01 अरब डॉलर घटकर 55.97 अरब डॉलर रहा है। इस दौरान विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 5.4 करोड़ डॉलर घटकर 18.11 अरब डॉलर रह गया। हालांकि, अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष (आईएमएफ) के पास भारत की आरक्षित जमा 24.5 करोड़ डॉलर बढ़कर 4.58 अरब डॉलर हो गई है।

## सरकार ने अरहर, चना और काबुली चना पर 30 सितंबर तक स्टॉक सीमा किया लागू

एजेंसी

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने दालों की बढ़ती कीमतों पर नियंत्रण पाने और जमाखोरी रोकने के लिए संग्रहण की अधिकतम सीमा (स्टॉक लिमिट) तय कर दी है। यह स्टॉक लिमिट तूर, चना और काबुली चना पर भी लागू की गई है। ये आदेश शुक्रवार से लागू हो गया है, जो 30 सितंबर, 2024 तक प्रभावी रहेगा। उपभोक्ता, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मामलों के मंत्रालय ने जारी एक बयान में कहा कि सरकार ने दालों की बढ़ती कीमतों को रोकने और जमाखोरी पर नियंत्रण के लिए स्टॉक लिमिट निर्धारित कर दी है। केंद्र का यह निर्णय मिलों के मालिक, दाल के थोक, खुदरा एवं बड़ी श्रृंखला के खुदरा विक्रेताओं के साथ आयातकों पर तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है, जो 30 सितंबर तक प्रभावी रहेगा। मंत्रालय के मुताबिक फिलहाल इसके दायरे में अरहर दाल, चना एवं काबुली चना को लाया गया है। सरकार के फैसले के मुताबिक थोक विक्रेता अधिकतम 2 सौ टन दाल का संग्रहण कर पाएंगे, जबकि खुदरा विक्रेताओं के लिए यह मात्रा 5 टन होगी। साथ ही बड़ी श्रृंखला के खुदरा विक्रेता अपनी दुकानों पर ज्यादा से ज्यादा पांच टन और डिपो पर 2 सौ टन दाल रख सकते हैं। इसके अलावा मिल मालिकों की संग्रहण की सीमा भी तय की गई है। वो अब पिछले तीन महीने के दाल उत्पादन या वार्षिक क्षमता का 25 फीसदी, जो भी ज्यादा हो का स्टॉक कर पाएंगे।

# क्रिप्टो करेंसी मार्केट में जबरदस्त गिरावट, बिटकॉइन 64 हजार डॉलर से भी नीचे

**नई दिल्ली।** क्रिप्टो करेंसी मार्केट में आज कोहराम जैसे हालात नजर आ रहे हैं। बाजार में चौतरफा दबाव का माहौल बना हुआ है। इस दबाव के कारण दुनिया की सबसे बड़ी क्रिप्टो करेंसी बिटकॉइन और दूसरी सबसे बड़ी क्रिप्टो करेंसी एथेरियम समेत मार्केट कैप के लिहाज से टॉप-10 में शामिल सभी क्रिप्टो करेंसीज गिरावट के साथ रेड जोन में कारोबार कर रही हैं। आज के कारोबार में बिटकॉइन 3 प्रतिशत से भी ज्यादा टूट कर 64 हजार डॉलर के स्तर से भी नीचे पहुंच गया है।

भारत में क्रिप्टो करेंसी का कारोबार करने के लिए अधिकृत एजेंसी कॉइन मार्केट कैप के मुताबिक भारतीय समय के हिसाब से आज शाम 6 बजे तक बिटकॉइन



3.54 प्रतिशत की गिरावट के साथ 63,953.29 डॉलर यानी 53.45 लाख रुपये के स्तर पर कारोबार कर रहा था। इसी तरह एथेरियम की कीमत भी आज 2.85 प्रतिशत की कमजोरी के साथ गिर कर 3,502.37 डॉलर के स्तर पर आ गई थी। बिटकॉइन और एथेरियम के अलावा टेथर 0.03 प्रतिशत, बीएनबी 3.48 प्रतिशत, सोलाना 6.21 प्रतिशत, यूएसडी कॉइन 0.01 प्रतिशत, एक्सआरपी 1.74 प्रतिशत, डॉगकॉइन 2.39 प्रतिशत, टॉनकॉइन 1.84 प्रतिशत और कार्डानो 2.61 प्रतिशत की कमजोरी के साथ कारोबार कर रहे थे। कॉइन मार्केट कैप के मुताबिक पिछले 24 घंटे के कारोबार के दौरान क्रिप्टो करेंसी के ग्लोबल मार्केट कैप में 3.37 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है। फिलहाल क्रिप्टो करेंसी का ग्लोबल मार्केट कैप घट कर 2.34 लाख करोड़ डॉलर यानी करीब 195.55 लाख करोड़ रुपये रह गया है।


ग्लोबल मार्केट कैप में गिरावट आने के बावजूद पिछले 24 घंटे के दौरान क्रिप्टो करेंसीज के लेन-देन में तेजी आई है। इस अवधि में कुल 7,008 करोड़ डॉलर यानी 5.86 लाख करोड़ रुपये की क्रिप्टो करेंसी की लेन-देन हुई, जो 1 दिन पहले की तुलना में 17.40 प्रतिशत अधिक है। अगर दुनिया की सबसे बड़ी क्रिप्टो करेंसी बिटकॉइन की बात करें तो कीमत में गिरावट आने के साथ ही पिछले 24 घंटे के कारोबार के दौरान क्रिप्टो करेंसी मार्केट में इस आभासी मुद्रा की स्थिति 0.20 प्रतिशत कमजोर हुई है, जिसके कारण इसकी मार्केट हिस्सेदारी घट कर 53.90 प्रतिशत रह गई है।

# स्कोडा की कुशाक और स्लाविया की कीमतों में भारी कटौती

एजेंसी

**नई दिल्ली।** स्कोडा ऑटो इंडिया ने ब्रांड को ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुंचाने की अपनी पहलों को जारी रखते हुए, सीमित अवधि के लिए कुशाक और स्लाविया की नई कीमतों की घोषणा की है. इससे उपभोक्ताओं की स्कोडा ऑटो इंडिया की उन गाड़ियों तक पहुंच बढ़ी है, जिन्हें 5 स्टार रेटिंग दी गई है और जो कार में बैठे वयस्कों और बच्चों की सुरक्षा के लिहाज से पूरी तरह सुरक्षित हैं. स्कोडा ऑटो इंडिया के ब्रैंड डायरेक्टर पेट्र जेनबा ने कहा, हम भारत में लगभग 25 सालों से है और इस मार्केट को लेकर हमारी प्रतिबद्धता अटूट है. हम अपने प्रॉडक्ट में लगातार नए फीचर्स पेश करने के लिए तत?पर रहते हैं और इसी के अनुसार कदम उठाते हैं. हमने 2025 के लिए प्लान की गई ऑल-न्यू कॉम्पैक्ट एसयूवी की घोषणा की है. इसलिए हमने यह सोचा है कि इस नई कार के साथ हम नए बाजारों में जाएंगे, युवा ग्राहकों तक पहुंच बनाएंगे और ब्रांड की पहुंच बढ़ाने की कोशिश करेंगे. नई कॉम्पैक्ट एसयूवी से हमारे लिए नए बाजारों के दरवाजे खुलेंगे. हमने कुशाक और स्लाविया में कुछ एफिशिएंसीज भी हासिल की हैं, और इसकी वजह से हमने अपनी गाड़ियों के मूल?य को बढ़ाएं हैं और लाभों को उपभोक्ताओं एवं फैंस तक पहुंचाया है. कुशाक और स्लाविया, जो पहले एक्टिव, एंबिशन, और स्टाइल वैरिएंट में उपलब्ध थे, अब उनका नाम बदलकर क्लासिक, सिग्नेचर और प्रेस्टीज कर दिया गया है. इन तीनों वैरिएंट्स के अलावा कुशाक ओनिक्स को कारों के लाइनअप के वैल्यू एंड और मोंटे कार्लो को प्रीमियम एंड पर पेश किया गया है. नई कीमतें कुशाक के सभी इंजन और ट्रांसमिशन विकल्पों पर और स्लाविया के चुनिंदा वैरिएंट्स पर लागू होंगी. दोनों कारें सिक्स-स्पीड मैनुअल और ऑटोमैटिक के साथ 1.0 टीएसआई पेट्रोल और सिक्स स्पीड मैनुअल और सेवन स्पीड डीएसजी के साथ 1.5 टीएसआई पेट्रोल इंजन से पावर्ड हैं. कुशाक और स्लाविया स्टैंडर्ड तौर पर छह एयरबैग्स के साथ आती है और इसे ग्लोबल एनसीएपी टेस्ट के तहत वयस्कों एवं बच्चों के लिए पूरे 5-स्टार मिले हैं. यह सुरक्षा पर ब्रांड के अडिग नजरिये को दर्शाता है. स्कोडा के मॉडल, वैरिएंट्स, इंजन और ट्रांसमिशन की पसंद के आधार पर उपभोक्ता 10 फीसदी का लाभ हासिल कर सकते हैं।

## बैंक ऑफ महाराष्ट्र ने वित्त मंत्री को 857.16 करोड़ रुपये का लाभांश चेक सौंपा



एजेंसी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त एवं कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ने बैंक ऑफ महाराष्ट्र के प्रबंध निदेशक (एमडी) और मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) से वित्त वर्ष 2023-24 के लिए 857.16 करोड़ रुपये के लाभांश का चेक प्राप्त किया। बैंक ऑफ महाराष्ट्र के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी निधु सक्सेना ने केंद्रीय वित्त एवं कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण को वित्त वर्ष 2023-24 के लिए 857.16 करोड़ रुपये के लाभांश का चेक सौंपा।

# सोयाबीन और मूंगफली की फसल में खरपतवार नष्ट करने रैलिस इंडिया ने लांच किया 'मार्क प्लस'

एजेंसी

**भोपाल।** टाटा समूह के उद्यम और भारतीय कृषि इनपुट उद्योग की अग्रणी कंपनी रैलिस इंडिया लिमिटेड ने मध्य प्रदेश में एक नया खरपतवार नाशक 'मार्क प्लस' लॉन्च किया है। मूंगफली और सोयाबीन जैसी फसलों के लिए प्रभावी खरपतवार नाशक गुणों के साथ यह इन पर व्यापक नियंत्रण प्रदान करता है। इस उत्पाद को शुरुआत में मध्य प्रदेश में लॉन्च किये जाने के बाद गुजरात, महाराष्ट्र और देशभर के अन्य प्रमुख बाज़ारों में भी पेश किया जाएगा।

मार्क प्लस शक्तिशाली खरपतवार नाशक है, जो सोयाबीन और मूंगफली की फसलों में खरपतवार उगने से पहेले के दौर में




विभिन्न किस्म के खरपतवारों को प्रभावी ढंग से नियंत्रित करता है। इसे उन्नत शोध के ज़रिये तैयार किया गया है और इसमें दो सक्रिय अवयवों का एक नया फॉर्म्युलेशन है, जिसे पहली बार भारत में पेश किया जा रहा है। मार्क प्लस, दो अलग-अलग तरीकों से काम करता है- यह एएलएस (खरपतवार के बढ़ने के लिए आवश्यक एक एंज़ाइम) को रोकता है और माइक्रोट्यूब्यूल के निर्माण (खरपतवार में कोशिका विभाजन के लिए आवश्यक) को बाधित करता है। यह दोहरी प्रक्रिया व्यापक और दीर्घकालिक खरपतवार नियंत्रण सुनिश्चित करती है। रैलिस इंडिया लिमिटेड के मुख्य परिचालन अधिकारी एस नागराजन ने खरपतवार नाशक उत्पाद के बारे में कहा कि हम मार्क प्लस जो मूंगफली और सोयाबीन की फसलों में खरपतवार नियंत्रण की ज़रूरत को पूरा करने के लिए तैयार किया गया एक प्रभावी और उन्नत खरपतवार नाशक है। यह खरपतवार नाशक उत्पाद रैलिस का अनूठा उत्पाद है।

# मजबूती का नया रिकॉर्ड बनाने के बाद लुढ़का शेयर बाजार, निवेशकों को 1.67 लाख करोड़ का घाटा

एजेंसी

**नई दिल्ली।** घरेलू शेयर बाजार में पिछले 12 जून से लगातार जारी तेजी के सिलसिले पर आज ब्रेक लग गया। हालांकि आज के कारोबार की शुरुआत मजबूती के साथ हुई थी। सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांकों ने आज ऑल टाइम हाई ओपनिंग का नया रिकॉर्ड बनाया। बाजार खुलने के बाद निफ्टी खरीदारी के सपोर्ट से अभी तक के सर्वोच्च स्तर तक पहुंचने में भी सफल रहा लेकिन इसके बाद बिकवाली शुरू हो जाने की वजह से शेयर बाजार में गिरावट आ गई। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.35 प्रतिशत और निफ्टी 0.28 प्रतिशत की कमजोरी के साथ बंद हुए। आज दिनभर के कारोबार के दौरान मेटल, आईटी, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स, टेलीकॉम और मीडिया



सेक्टर के शेयरों में खरीदारी होती रही। दूसरी ओर एनर्जी, ऑयल एंड गैस, एफएमसीजी, ऑटोमोबाइल, पीएसयू बैंक और रियल्टी सेक्टर के शेयरों पर बिकवाली का दबाव बना रहा। ब्रॉडर मार्केट में आज मिला-जुला कारोबार होता रहा, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 0.26 प्रतिशत की कमजोरी के साथ बंद हुआ। दूसरी ओर स्मॉलकैप इंडेक्स ने 0.06 प्रतिशत की मजबूती के साथ आज के कारोबार का अंत किया।

आज बाजार की कमजोरी के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में डेढ़ लाख करोड़ रुपये से अधिक की कमी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद घट कर 434.07 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया। जबकि पिछले कारोबारी दिन यानी गुरुवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 435.74 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को आज के कारोबार से करीब 1.67 लाख करोड़ रुपये का नुकसान हो गया।आज दिनभर के कारोबार में बीएसई में 3,987 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें 1,784 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि 2,086 शेयरों में गिरावट का रुख रहा, वहीं 117 शेयर बिना किसी उतार चढ़ाव के बंद हुए। एनएसई में आज 2,293 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें से 1,028 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में और 1,265 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में बंद हुए। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 11 शेयर बढ़त के साथ और 19 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। जबकि निफ्टी में शामिल शेयरों में से 19 शेयर हरे निशान में और 31 शेयर लाल निशान में बंद हुए। बीएसई का सेंसेक्स आज ऑल टाइम हाई ओपनिंग का रिकॉर्ड बनाते हुए 250.55 अंक की बढ़त के साथ 77,729.48 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरुआत होते ही खरीदारी के सपोर्ट से ये सूचकांक 329.52 अंक की मजबूती के साथ 77,808.45 अंक के स्तर तक पहुंच गया लेकिन इसके बाद मुनाफा वसूली शुरू हो जाने के कारण इस सूचकांक की चाल में गिरावट आ गई। लगातार हो रही बिकवाली के कारण ये सूचकांक दिन के ऊपरी स्तर से 1,006.45 अंक टूट कर 676.93 अंक की कमजोरी के साथ 76,802 अंक के स्तर तक गिर गया। हालांकि आखिरी 2 घंटे के कारोबार में खरीदारों ने भी मोर्चा संभाल लिया, जिसकी वजह से ये सूचकांक दिन के निचले स्तर से 400 अंक से अधिक की रिकवरी करके 269.03 अंक की गिरावट के साथ 77,209.90 अंक के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स की तरह ही एनएसई के निफ्टी ने भी आज 94.15 अंक की उछाल के साथ ऑल टाइम हाई का नया रिकॉर्ड बनाते हुए 23,661.15 अंक के स्तर से कारोबार की शुरुआत की। शुरुआती कारोबार में खरीदारी का सपोर्ट मिलने के कारण ये सूचकांक 100.10 अंक की तेजी के साथ अभी तक के सर्वोच्च स्तर 23,667.10 अंक तक पहुंच गया लेकिन इसके बाद बाजार में मुनाफा वसूली शुरू हो जाने की वजह से इस सूचकांक में गिरावट आ गई। लगातार हो रही बिकवाली के कारण ये सूचकांक दिन के ऊपरी स्तर से 268.90 अंक टूट कर 168.80 अंक की कमजोरी के साथ दिन के सबसे निचले स्तर 23,398.20 अंक तक लुढ़क गया।

# स्टेनली लाइफस्टाइल्स का आईपीओ खुला, निवेशक 25 जून तक कर सकेंगे निवेश

**मुंबई/नई दिल्ली।** लक्जरी फर्नीचर ब्रांड कंपनी स्टेनली लाइफस्टाइल्स लिमिटेड का आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) निवेशकों के लिए खुल गया। खुदरा निवेशक इस आईपीओ के लिए 25 जून तक बोली लगा सकते हैं।

कंपनी के शेयर बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) पर 28 जून को लिस्ट होंगे। स्टेनली लाइफस्टाइल्स लिमिटेड इस आईपीओ के जरिए कुल 537.02 करोड़ रुपये जुटाना चाहती है।

कंपनी ने आईपीओ का मूल्य दायरा




(प्राइस बैंड) 351 रुपये से 369 रुपये प्रति शेयर निर्धारित किया है। इस आईपीओ में कंपनी 200 करोड़ रुपये मूल्य के ताजा शेयर जारी करेगी।

इसके अलावा कंपनी ने 337 करोड़ रुपये के 91.33 लाख इक्विटी शेयर ऑफर फॉर सेल (ओएफएस) के लिए रखा है।

बेंगलुरु स्थित स्टेनली लाइफस्टाइल्स लिमिटेड एक लक्जरी फर्नीचर ब्रांड है। यह अपने कई ब्रांड के जरिए सुपर-प्रीमियम, लक्जरी और अल्ट्रा-लक्जरी सहित विभिन्न मूल्य श्रेणियों में काम करने वाली कुछ भारतीय कंपनियों में से एक है।

# अपने बच्चों को बनाना है सफल और अच्छा इंसान, तो जरूर सिखाएं ये जरूरी बातें



**बच्चों की अच्छी परवरिश के लिए जरूरी है कि उनमें अच्छी आदतें डाली जाएं। बचपन की आदतें जीवनभर साथ रहती हैं इसलिए जरूरी है कि उन्हें अच्छी आदतें सिखाई जाएं ताकि वे बेहतर इंसान बनें और जीवन में सफलता हासिल कर सकें। इसलिए आइए जानते हैं कुछ ऐसी आदतों के बारे में जो बच्चों को सीखानी बेहद जरूरी होती हैं।**

इंसान बड़ा हो या फिर बच्चा अच्छी आदतों को अपनाने में थोड़ा समय तो लगता ही है। ऐसे में, बचपन में लगी अच्छी आदतें एक अच्छे व्यक्तित्व और अच्छे समाज का निर्माण करती हैं। वैसे भी बचपन में लगी आदतें ताउम्र साथ रहती हैं और उन्हें बदलने की कोशिश करने में भी काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ता है।

इसलिए अगर बच्चों में बचपन से ही अच्छी आदतों का पालन किया जाए, तो ये आदतें उनका उम्र भर साथ निभाती हैं। ऐसे में बच्चों के बेहतर शारीरिक और मानसिक विकास में, पैरेंटिंग का अच्छा होना सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। रोजाना में कुछ आदतों को शामिल करके आप बच्चों के अच्छे व्यवहार और बेहतर भविष्य का निर्माण कर सकते हैं। तो आइए जानते हैं इनके बारे में।

**डेली पढ़ने का समय निर्धारित करें**

अपने बच्चों को पढ़ने की आदत लगाने के लिए डेली उन्हें सुबह या शाम या रात में किसी भी समय कम से कम 20 मिनट पढ़ने की आदत जरूर डालें। इसके लिए रात में सोने से पहले कहानी या फिर उनके पसंद की किताबों का एक अध्याय पढ़ना उनकी बौधिक विकास में सहायक होता है।ध्यान के लिए योग की आदतबच्चों का दिमाग चंचल होता है, जिसकी वजह से उनका ध्यान केंद्रित करने में परेशानी होती है। ऐसे में बच्चों में ध्यान और फोकस को बढ़ाने के लिए योग और ध्यान करने की आदत जरूर डालें।

**हेल्दी फूड्स की आदत**

बच्चों में बचपन से ही हेल्दी फूड जैसे कि ड्राई फ्रूट्स या जूस, दाल, दूध, हरी सब्जियां जैसे हेल्दी फूड्स खाने की आदत डालनी चाहिए।

**शारीरिक गतिविधियों की आदत डलवाएं**

बच्चों को जिंदगी में हमेशा एक्टिव रखने के लिए, हमेशा शारीरिक गतिविधियों में उन्हें बिजी रखें । ऐसा करने से मूड, एनर्जी लेवल और संज्ञानात्मक क्रियाओं में सुधार होता है।

**आभार प्रकट करने की आदत डालें**

बच्चों को डेली तीन ऐसी चीजों को लिखने की आदत डालें जिसके लिए वे ईश्वर के आभारी हैं। साथ ही, थैंक यू, एक्सक्यूज मी बोलना भी सिखाएं।

**कलात्मक शौक**

डेली बच्चों में पेंटिंग फिर ड्रॉइंग जैसे कलात्मक विकास के लिए समय निर्धारित करें। जिससे उनकी व्यक्तिगत शक्तियों का विकास होता है।

**सोना है महत्त्वपूर्ण**

बच्चों के शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक विकास के लिए 8 घंटे की पर्याप्त नींद लेने की आदत डालें, जो उनके स्वास्थ्य के लिए जरूरी है।

**सहानुभति**

अपने बच्चों में बचपन से ही दयालुता और सहानुभूति की भावना का विकास करने के लिए उनसे ऐसे कार्य करवाएं जैसे कि गरीबों की मदद करना।

# मंत्री जी को ही कुछ पता नहीं है

## किसी जमाने में कर्ज की अदायगी और प्रतिरक्षा हमारे बजट में खर्च का सबसे बड़ा आइटम




हर तरफ से इसी तरह की गड़बड़ी की खबरें आ रही हैं और इस धंधे के लगातार चलाने की बात भी पुष्ट हो रही है लेकिन मंत्री जी ही एकदम अनजान बने बैठे हैं और अभी भी अदालत से निर्देश मिलने का पालन होने की बात करते हैं। अगर अदालत को ही सब कुछ करना है तो आप किस लिए बने हैं। और तय मानिए कि अदालत भी आंख बंद नहीं करने वाली है क्योंकि चालीस से ज्यादा मुकदमे हो चुके हैं और रोज नए सबूतों के साथ परीक्षार्थियों के आरोप सही साबित हो रहे हैं।

किसी जमाने में कर्ज की अदायगी और प्रतिरक्षा हमारे बजट में खर्च का सबसे बड़ा आइटम हुआ करते थे। सूद और कर्ज की अदायगी का अनुपात भी पहले से कुछ काम हुआ है लेकिन रक्षा बजट काफी छोटा हो गया है। कायदे से इस बदलाव के बाद शिक्षा और स्वास्थ्य का बजट बढ़ना चाहिए क्योंकि विकसित देश होने की यह शर्त जैसी है कि जो जितना विकसित वह स्वास्थ्य और शिक्षा पर उतना ज्यादा बजट खर्च करता है। इस बीच यह बदलाव भी हुआ है कि राजनैतिक रूप से भले ही रक्षा, गृह, विदेश और वित्त मंत्री ज्यादा महत्व पाते हों लेकिन असली महत्व के मामले में वाणिज्य, सूचना तकनीक, सड़क परिवहन और विदेश व्यापार प्रमुखता पाने लगे हैं। एक जमाने में संचार मंत्रालय भी काफी भाव पा रहा था। पर इन सबके बीच वह मंत्रालय, जिसे शिक्षा का काम संभालना है लेकिन नाम मानव संसाधन विकास कर दिया गया है, लगातार अपना भाव बढ़ाता गया है। कभी तो इसके मंत्री को प्रधानमंत्री के बाद सबसे ज्यादा महत्व वाला माना जाता था। इधर जरूर हुआ है कि चुनाव हारकर भी मंत्री बनी स्मृति ईरानी(जिनकी डिग्री का विवाद भी प्रधानमंत्री की डिग्री की तरह ही चर्चा में रहा) और धर्मेन्द्र प्रधान जैसों के मंत्री बनने से शिक्षा विभाग लगातार कई तरह के विवादों में रहा है और इस पद का महत्व भी कम हुआ है।

जिस तरह से देश भर के मेडिकल कालेजों में दाखिले के लिए होने वाली प्रवेश परीक्षा %नीट' के नतीजों को लेकर विवाद हुआ है हमको-आपको सभी को इस विभाग और इसके काम का महत्व समझ में आने लगा है। महत्व तो इसके मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान को ज्यादा मालूम है लेकिन वे कुछ ऐसा व्यवहार कर रहे हैं जैसे वे इस पूरे काम से कुछ परेशान हों। और इस परेशानी में वे रह-रह कर एक एक कदम उठा रहे हैं जो मजबूरी या अदालती आदेश का दबाव ज्यादा लगता है, अपने विभाग का दोष या गलती सुधारने की इच्छा से उठाया गया कदम नहीं लगता। और जिस तरह से वे परीक्षा आयोजित करने वाली एजेंसी को लगातार दोषमुक्तकरते जा रहे हैं और परीक्षार्थियों/अभिभावकों को झूठे आश्वासन दिए जा रहे हैं वह बताता है कि वे सब कुछ जानकार भी अनजान बनने की कोशिश कर रहे हैं। परीक्षा के दिन से ही नहीं उससे पहले से हंगामा है और वे अनजान दिखते हैं जबकि वे ही पुराने शिक्षा मंत्री भी हैं। जिन कुछ मंत्रियों को पुराने विभाग वापस मिले हैं उनमें धर्मेन्द्र प्रधान भी हैं। इसका तत्काल यह नतीजा निकालने की जरूरत नहीं है कि खुद उनकी इस घोटाले में संलिप्तता है लेकिन यह जरूर पूछा जा सकता है कि उनको कैसे पता नहीं था।

परीक्षा का फार्म भरने की तारीख बीतने के बाद अचानक फार्म लेने वाला विंडो खुला और चौबीस हजार फार्म जमा हो गए। ज्यादातर गड़बड़ इनको लेकर है। फिर बिना किसी वजह के कुछ छात्रों को अनुग्रह अंक-ग्रेस मार्क्स दे दिए गए। गड़बड़ पकड़ी गई तो मंत्री जी ने ग्रेस मार्क्स हटाने या दोबारा परीक्षा का विकल्प दे दिया मानो एक जगह की गड़बड़ से दूसरे का कोई रिश्ता ही न हो। रिजल्ट अपूर्व हो गया और कट-आफ मार्क्स किसी की कल्पना से ऊपर पहुंच गया। इतने टापर हो गए कि गिनना मुश्किल। पूरे-पूरे अंक लेकर टाप करने वाले छह टापरों वाले केंद्र का स्कूल संचालन भाजपा के एक विवादास्पद नेता के पास था। इंटर फेल भी टापरों में था तो दूसरी प्रवेश परीक्षाओं के टापर फेल हो गए। कुछ केंद्र के बच्चों का रिजल्ट आश्चर्यजनक अच्छा हुआ तो कई कई राज्यों के कुछ बच्चे हजारों मील दूर गुजरात के एक केंद्र पर परीक्षा देने गए और ज्यादातर पास हो गए। कई बच्चों ने जबाब न आने पर स्थान खाली छोड़ दिया जिसे बाद में भरे जाने की पुष्टि हुई है। परीक्षा के दिन ही एक बड़े हिन्दी अखबार ने अपने सभी संस्करणों में पटना में सवाल कई दिन पहले लीक होने की खबर छापी। बच्चों को प्रश्नपत्र देकर जवाब का अभ्यास कराया गया। पटना पुलिस ने कुछ लोगों को गिरफ्तार किया और जलाए गए प्रश्न-पत्र पकड़े। कुछ छात्र और अभिभावक भी पकड़े गए जिन्होंने इस गड़बड़ को कबूला। और हद तो तब हो गई जब तीस और चालीस लाख के पोस्ट-डेटेड चेक इन गिरोहबाजों के पास से मिले। अर्थात पूरा धंधा बहुत भरोसे और निश्चिंत भाव से चल रहा था।

हर तरफ से इसी तरह की गड़बड़ी की खबरें आ रही हैं और इस धंधे के लगातार चलाने की बात भी पुष्ट हो रही है लेकिन मंत्री जी ही एकदम अनजान बने बैठे हैं और अभी भी अदालत से निर्देश मिलने का पालन होने की बात करते हैं। अगर अदालत को ही सब कुछ करना है तो आप किस लिए बने हैं। और तय मानिए कि अदालत भी आंख बंद नहीं करने वाली है क्योंकि चालीस से ज्यादा मुकदमे हो चुके हैं और रोज नए सबूतों के साथ परीक्षार्थियों के आरोप सही साबित हो रहे हैं। बच्चे भी भीषण गर्मी के बावजूद सड़कों पर उतरे हुए हैं क्योंकि उनके लिए तो जीवन-मरण का सवाल है। और यह खेल सिर्फ नीट की परीक्षा में हुआ हो यह संभव नहीं है। हर परीक्षा शक के दायरे में है और आधी से ज्यादा परीक्षाओं में तो प्रश्नपत्र लीक होने की बात भी सामने आ रही है। कोचिंग सेंटर और शिक्षा माफिया का तंत्र पूरी शिक्षा व्यवस्था, और उसमें भी खास तौर से प्रवेश परीक्षाओं को अपनी गिरफ्त में ले चुका है। और हर परीक्षा केन्द्रीय स्तर पर और अखिल भारतीय स्तर पर आयोजित होने से उसका संचालन चुस्त-दुरुस्त ढंग से करा पाना असंभव बन गया है। दूर-दराज के और असुरक्षित परीक्षा केंद्र बनाना, थोड़े से पैसों के लिए बिकने वाले स्टाफ को भी साथ रखने की मजबूरी है। और फिर पूरे विभाग की %कमाई' और माखन-मिश्री का इंतजाम इसी से होता है। टेक्स्ट-बुक और इस तरह की पुरानी धांधलियां कम हुई हैं।

जब भाजपा के ही शिक्षा मंत्री डा. मुरली मनोहर जोशी और उनके ईमानदार अधिकारियों की टोली हर राज्य वाली प्रवेश परीक्षाओं को खत्म करके एक अखिल भारतीय पाठ्यचर्या और परीक्षा का इंतजाम करने की धुन में लगे थे तब उनको शायद खयाल नहीं रहा कि धंधेबाज प्रभावी होंगे तो यही व्यवस्था किस तारक लड़के-लड़कियों के लिए जी का जंजाल बन जाएगी। आज भी तमिलनाडु की स्टालिन सरकार परीक्षा को राज्य स्तर पर कराने की मुहिम चला रही है लेकिन केंद्र से न यह संभाल रहा है न वह इस जिम्मा को छोड़ने के मूड में है। और यह शिक्षा के सुधार और एक रूपता से ज्यादा धंधे की चीज बन गया है जिसका प्रमाण यह नीट घोटाला है। और प्रधान मंत्री अगर इस सवाल पर कोई चिंता रखते हैं या अपनी छवि के लिए ही सचेत हैं तो उन्हें बड़े कदम उठाने ही होंगे।

## संपादकीय

## पेपर लीक की अगली कड़ी

मोदी सरकार के दूसरे कार्यकाल में राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी यानी एनटीए की स्थापना 2017 में की गई थी, जिसके ऊपर उच्च शिक्षा और विभिन्न सरकारी संस्थानों में प्रवेश के लिए होने वाली परीक्षाओं को आयोजित कराने की महती जिम्मेदारी है। देश में जिस तरह एक के बाद एक परीक्षाओं में धांधली और पेपर लीक के अपराध हो रहे हैं, उसके बाद एनटीए को ही परीक्षा की कसौटी से गुजरने की जरूरत है कि आखिर इस एजेंसी की उपयोगिता है भी या नहीं। देश भर में अभी नीट परीक्षा में हुई गड़बड़ी का मामला सुलझा नहीं है कि अब यूजीसी नेट की परीक्षा भी रद्द कर दी गई है। क्योंकि इसमें भी धांधली की आशंकाएं हुई हैं।गौरतलब है कि 18 जून मंगलवार को देश भर में दो शिफ्टों में यूजीसी-नेट जून 2024 की परीक्षा आयोजित की गई थी। लेकिन शिक्षा मंत्रालय ने अब इस परीक्षा को रद्द करने का फैसला लिया है। मंत्रालय के बयान के मुताबिक परीक्षा के अगले ही दिन विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) को गृह मंत्रालय के इंडियन साइबर क्राइम कोऑर्डिनेशन सेंटर से परीक्षा के बारे में कुछ इनपुट मिले, जिनके विश्लेषण से प्रथम दृष्टया लगता है कि इसमें गड़बड़ी हुई है। मंत्रालय ने यह भी बताया है कि इस गड़बड़ी की जांच का जिम्मा सीबीआई को सौंपा गया है।कतने खेद की बात है कि जिस भारत को विश्वगुरु बनाने के दावे सरकार करती रही, जहां ज्ञान की परंपरा की शेखी बघारने से सत्ताधीशों को फुर्सत नहीं मिलती। वहां अब स्थिति ऐसी हो गई है कि परीक्षा में धांधली की जांच सीबीआई को करनी पड़ रही है। केन्द्रीय जांच ब्यूरो के बारे में यही आम धारणा है कि अपराध गंभीर किस्म का हो, तब सीबीआई उसकी जांच करता है। यानी यूजीसी नेट की परीक्षा में अवश्य कोई इतना गंभीर खेल खेला गया होगा, या बड़े शक्तिशाली लोगों का इसमें हाथ रहा होगा, तभी इसकी जांच सीबीआई को सौंपी गई है।

देश भर के विश्वविद्यालयों में जूनियर रिसर्च फेलोशिप (जेआरएफ) और असिस्टेंट प्रोफ़ेसर पद के चयन के लिए यूजीसी नेट की परीक्षा करवाई जाती है। हर साल लाखों विद्यार्थी इसमें बैठते हैं। इस बार भी 9 लाख 8 हजार 580 विद्यार्थियों ने यह परीक्षा दी। लेकिन अब इन लाखों बच्चों के सामने फिर अगली बारी का इंतजार खड़ा कर दिया गया है। इनमें से न जाने कितने छात्र-छात्राएं कठिन हालात में उच्च शिक्षा हासिल करने आए होंगे, कितनों को जल्द से जल्द अपने पैरों पर खड़ा होने की जरूरत होगी, ताकि वे घर वालों के लिए बोझ न बनें। रद्द हुई परीक्षा दोबारा कब होगी, और इस बार जिन कारणों से परीक्षा को खारिज करवाया गया, क्या वे कारण अगली बार मौजूद नहीं रहेंगे, क्या जो गड़बड़ी अभी पकड़ ली गई, क्या अगली बार उसे दोहराया नहीं जाएगा या कोई और धांधली नहीं होगी, क्या ऐसी पुख्ता व्यवस्था सरकार कर पाएगी। इन सवालों के जवाब इन 9 लाख विद्यार्थियों को सरकार से मांगने चाहिए।2018 से एनटीए इस परीक्षा को आयोजित कराती आई है और हमेशा कंप्यूटर से ही यह परीक्षा होती रही है, लेकिन इस साल एनटीए ने फैसला लिया कि छात्र अलग-अलग केंद्रों पर एक साथ पेन, पेपर की मदद से यह परीक्षा देंगे। शिक्षा मंत्रालय के मुताबिक यह फैसला परीक्षा प्रणाली को बेहतर बनाने और छात्रों से मिली प्रतिक्रियाओं के आधार पर लिया गया। लेकिन सवाल किया जा सकता है कि परीक्षा को बेहतर बनाने के लिए कंप्यूटर छोड़कर पेन-पेपर के इस्तेमाल का विचार ही क्यों आया, क्या बेहतरी के लिए कोई और तरीका नहीं सूझा। सवाल यह भी है कि पेन-पेपर से ली गई परीक्षा में गड़बड़ी की भनक साइबर सेल को किस तरह से लगी और यह किस तरह की गड़बड़ थी। क्या यह पेपर लीक की श्रृंखला में ही एक और कड़ी का जुड़ना है। क्या एनटीए में अब ऐसे लोगों की पैठ हो गई है जो परीक्षा माफिया के इशारों पर काम कर रहे हैं।ध्यान रहे कि नीट की परीक्षा भी एनटीए ने ही आयोजित कराई थी। जिसमें कमाल यह हुआ था कि 24 लाख अभ्यर्थियों में 67 छात्रों को 720 में से 720 अंक मिले थे, वहीं कुछ ऐसे भी छात्र थे जिन्हें 718 या 719 अंक हासिल हुए थे। इसी से गड़बड़ी की आशंका हुई और अब मामला सुप्रीम कोर्ट में है। नीट पर सरकार ने पहले गड़बड़ी होने से साफ इंकार कर दिया था, लेकिन यूजीसी-नेट परीक्षा के मामले में सरकार ने क्लीन चिट देने की हड़बड़ी नहीं दिखाई और जांच शुरु करवा दी।

हालांकि दोनों ही परीक्षाओं में लाखों युवाओं के साथ क्रूर खेल करने वालों को क्या कड़ी सजा मिलेगी, या वे सस्ते में छूट जाएंगे, ये देखना होगा। विचारणीय बात यह भी है कि एनटीए और शिक्षा मंत्रालय में मंत्री महोदय से लेकर इन परीक्षाओं के संचालन की जिम्मेदारी उठा रहे लोगों ने अब तक कोई नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए इस्तीफे की पेशकश क्यों नहीं की है।कांग्रेस ने पूछा है कि परीक्षा पर चर्चा करने वाले प्रधानमंत्री पेपर लीक पर चर्चा क्यों नहीं करते हैं। राहुल गांधी ने बड़ा तंज किया है कि यूक्रेन का युद्ध रुकवाने वाले पेपर लीक क्यों नहीं रुकवाते। कांग्रेस इस मुद्दे पर देशव्यापी विरोध प्रदर्शन करने जा रही है,.

# न नीट, न क्लीन, नियुक्ति भी मलिन!!



जऱा भी ढंग से और थोड़े से भी सही तरीके से जांच हुई तो पता चलेगा कि रोशनी हर जगह से काली थी। सुकरात के किसी और प्रसंग में कहे वाक्य में कहें तो भ्रष्टाचारियों का धर्म नहीं होता, विचार जरूर होता है। एक विचार है वामपंथ, इसे इसके विरोधी सत्रह सौ सत्रह बातों के लिए कोसते रहते हैं, मगर इसके धुर विरोधी भी इसे घपले, घोटाले या भ्रष्टाचार के लिए नहीं कोस पाते।बुजुर्गवार कह गए हैं कि इच्छाओं की कोई सीमा नहीं होती, वे लालच से लालसा में परिवर्तित होते हुए हवस तक पहुंचने की सम्भावनाओं से भरी होती हैं। यह बात इन दिनों हर मामले में नुमायां होती नजर आ रही है। पेपर लीक में अक्खा दुनिया में विश्व गुरु बनने के बाद भी लालसा पूरी नहीं हुई तो अब कुछ उससे भी आगे करने की हवस जहां सोची तक नहीं गयी थी वहां, जिस तरह से होने की आशंका तक नहीं की गयी थी उन तरीकों से किये जा रहे कारनामो में सामने आ रही है; करने वालों की कल्पनाशीलता, हर बार कुछ नया ढूंढने की उनकी उद्यमशीलता नए-नए कीर्तिमान कायम कर रही है। करीब चौथाई करोड़ युवा प्रतियोगियों के जीवन को प्रभावित करने वाला ताजातरीन नीट घोटाला इसकी एक मिसाल है। इसे आखिऱी मानना, घोटाले करने वालों की अन्वेषण और अनुसंधान क्षमताओं का अपमान करना होगा; कुछ वर्ष पहले लिखा याद आया कि ;व्यापमं के आगे जहां और भी हैं / अभी ऐसे ही इम्तहां और भी हैं! !नीट में हुई चीटिंग से पहले के भारतीय इतिहास का सबसे बड़ा परीक्षा घोटाला- व्यापम - इस सदी की शुरुआत में 2013 में मध्यप्रदेश में सामने आया। व्यापमं का नाम इसे प्रतियोगी परीक्षा करने वाले संस्थान - व्यवसायिक परीक्षा मंडल- के संक्षिप्तीकरण से मिला। उस साल अलग-अलग परीक्षाओं में कोई 25 लाख परीक्षार्थी बैठे थे - मगर कई तरह से फर्जीवाड़ा करके चुने वे ही गए जिन्होंने एक निश्चित धनराशि नेताओं और अधिकारियों तक पहुंचा दी थी। घोटाले के उजागर होते ही इससे जुड़े, इसकी जानकारी रखने वाले कोई आधा सैकड़ा लोगों की रहस्यमय तरीके से मौत एक अलग ही काण्ड था। सीबीआई की जांच में कुछ भी साबित न होना और सारे संदिग्धों का आज भी खुलेआम आजाद घूमना और भी अलग काण्ड था। जब व्यापम देश में मुहावरा बन गया तो, मौजूदा हुक्मरानों ने उसका नाम बदल दिया- लेकिन सिर्फ नाम ही बदला भर्ती घोटाले जारी रहे। नर्सिंग स्टाफ, स्कूली शिक्षक, कांस्टेबल, पटवारी, और कृषि विस्तार एवं विकास अधिकारियों, जिला सहकारी बैंकों यहां तक कि नगर परिषदों सहित मध्यप्रदेश में ऐसी एक भी भर्ती नहीं हुई जिसमे घोटाले नहीं हुए हों। सभी घोटालों का एक ही पैटर्न था- नीट की तरह एक ही केंद्र से एक साथ दस के दस टॉपर्स का निकलना, कुछ चनिन्दा परीक्षा केन्द्रों द्वारा कामयाबियों के रिकॉर्ड कायम किया जाना। व्यापम ने इंजन- बोगी की नई उपमाएं और उपमान भी दिए।यूपी ने शिक्षक, कांस्टेबल, सहकारी बैंकों आदि इत्यादि की सभी भर्तियों में तो घोटाले किये ही, दो कदम आगे बढ़कर विधानसभा और विधान परिषदों की भर्ती का घोटाला यहां तक कि राममन्दिर में जमीन खरीदी घोटाला भी कर दिखाया। पेपर लीक के मामले में तो इन गुजरात मॉडल्स वाले राज्यों ने जैसे जिद ही कर ली कि कोई भी पर्चा बिना लीक हुए छूटना नहीं चाहिए। यूपी ने इसमें भी अपने को बड़ा साबित करने में कोई कसर नहीं छोड़ी।देखने में भले अलग राज्य हों, अलग परीक्षाएं हों मगर कुछ तो ऐसा है जो इन्हें आपस में जोड़ता है।

वह क्या है यह जानने के लिए ताजा नीट घोटाले से ही शुरू करते हैं। जिन की रहनुमाई और देखरेख में यह घोटाला हुआ उस परीक्षा को कराने वाली नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एन टी ए) के चेयरमैन डॉ प्रदीप जोशी हैं । ये सज्जन पहले मध्यप्रदेश, उसके बाद छत्तीसगढ़ की पी एस सी - प्रतियोगी परीक्षाएं कराने वाली पी एस सी के अध्यक्ष रहे। उनकी काबिलियत इतनी अनोखी थी कि इन दो राज्यों को उपकृत करने के बाद भी उन्हें यू पी एस सी सौंप दी गयी। वहां उनका समय पूरा हुआ या न हुआ, उन्हें अगस्त 2023 में तीन वर्षों के लिए एन टी ए का चेयरमैन बना दिया गया । जोशी जी में आखिर ऐसी असाधारण योग्यता क्या है? इसका पता खुद सरकारी दस्तावेजों से चला। इन्हें जबलपुर के एक कॉलेज के प्रोफेसर से सीधा एमपी पीएससी का अध्यक्ष बनाया गया था तब इनकी नियुक्ति की प्रक्रिया और योग्यता को लेकर पूछी गयी एक आर टी आई में उनकी विशिष्ट योग्यता का प्रमाणपत्र मिला। यह आर एस एस के क्षेत्रीय प्रचारक किन्ही विनोद जी का लिखा पुर्जा था, इस पर्ची में संघ प्रचारक ने लिखा था कि; डॉ प्रदीप जोशी एबीवीपी के अध्यक्ष रहे हैं। वर्तमान में रानी दुर्गा विश्वविद्यालय से जुड़े हैं । चाहते हैं संघ लोकसेवा अध्यक्ष बनें। नाम गया है। पुलिस वेरिफिकेशन में उस जमाने के आई जी ए के सोनी ने मुरली मनोहर जोशी और अटल बिहारी वाजपेयी के साथ इनके संपर्क रहे हैं%। लिखकर इस लाइट में थोड़ी सी लाइट और जोड़ दी।यदि जऱा भी ढंग से और थोड़े से भी सही तरीके से जांच हुई तो पता चलेगा कि रोशनी हर जगह से काली थी। सुकरात के किसी और प्रसंग में कहे वाक्य में कहें तो भ्रष्टाचारियों का धर्म नहीं होता, विचार जरूर होता है।एक विचार है वामपंथ, इसे इसके विरोधी सत्रह सौ सत्रह बातों के लिए कोसते रहते हैं, मगर इसके धुर विरोधी भी इसे घपले, घोटाले या भ्रष्टाचार के लिए नहीं कोस पाते। यह विचार है जो निजी लोभ, लालच, लालसा, हवस को पास नहीं फटकने देता, जनता के हित जो सबसे ऊपर रखता है। चंद रुपयों की खातिर लाखों छात्र-छात्राओं-प्रतियोगियों के भविष्य को अंधे कुंए में नही धकेलता। दूसरी तरफ एक और विचार है ; जन को हिकारत से देखने वाला घोर दक्षिणपंथी विचार जो न नीट हैं, न क्लीन उनको इस तरह का बनाने वाला यही विचार है। व्यापमं से लेकर नीट, नियुक्ति में फर्जीवाड़े से लेकर पेपर लीक तक यही विचार है जो अपने अंधेरों से, सबसे अधिक युवा आबादी वाले देश की एक नहीं दो दो-तीन तीन पीढियों को भविष्य अनिश्चित और अन्धकारमय बनाने पर आमादा है।गांधी समझा गए हैं कि पाप से घृणा की जानी चाहिए। उसे गहराई तक दफन् करके आना चाहिए। व्यापमं से नीट तक की यात्रा के पीछे जो पाप है उसे पहचानना होगा .

## आज का इतिहास

- **1520** : फ्रांस और इंग्लैड ने स्कॉटलैड संधि पर हस्ताक्षर किए।
- **1556** : सिखों के गुरु श्री हरगोविंद सिंह जी का जन्म।
- **1674** : छत्रपति शिवाजी महाराज (शिवाजी राजे भोंसले) का रायगढ़ के किले में राज्याभिषेक।
- **1808** : नेपोलियन बोनापार्ट के भाई जोसफ को स्पेन का राजा बनाया गया।
- **1882** : न्यूयार्क के हेनरी डब्ल्यू सिले ने इलेक्ट्रिक आयरन का पेटेंट लिया।
- **1916** : अमेरिका के ईस्ट क्लीवलैंड में महिलाओं को वोट देने का अधिकार दिया गया।
- **1919** : फिनलैंड ने बोलशेविक के खिलाफ युद्ध की घोषणा की।
- **1926** : मिस्र में एडली पाशा के नेतृत्व में सरकार बनी।
- **1929** : प्रसिद्ध फिल्म अभिनेता, निर्माता एवं निर्देशक सुनील दत्त का जन्म।
- **1944** : नाजी सेना के फायरिंग दस्ते ने 96 कैदियों की हत्या की।



# एक्वेरियम से जीवंत हो उठता है घर का माहौल



रंग-बिरंगी मछलियों का सुंदर सा एक्वेरियम ड्राइंग रूम में रखा हो, तो माहौल जीवंत हो उठता है। घर में एक्वेरियम रखना सिर्फ एक शौक नहीं, बल्कि अब यह एक आम बात हो गई है। कई बार घर में एक्वेरियम रखने या मछलियां पालने को लेकर लोग आशंकित भी रहते हैं। उन्हें लगता है कि एक्वेरियम रखना वास्तु और घर की सुख एवं समृद्धि के लिहाज से ठीक नहीं है, लेकिन इस तरह के मिथक पर भरोसा करने पर आपका शौक मिट्टी में मिल सकता है। घर में एक्वेरियम रखने की चाहत रखते हैं, तो आशंकाओं से उबरना जरूरी है।

### खर्चीला शौक

एक आम धारणा है, कि फिश टैंक का रख-रखाव काफी खर्चीला है। यह बात सही नहीं है। वास्तव में एक्वेरियम जितना बड़ा होगा, उसका रख-रखाव उतना ही आसान होता है। फ्रेश वाटर में रहने वाली मछलियों का रख-रखाव बेहद आसान है और यह ज्यादा खर्चीला भी नहीं है। फ्रेश वाटर में रहने वाली मछलियां नई परिस्थितियों में आसानी से ढल भी जाती हैं। फ्रेश वाटर टैंक के रख-रखाव की बात करें, तो फिश फूड, पर्याप्त लाइटिंग और फिल्टरिंग का ध्यान रखना जरूरी है और इन चीजों का खर्च बेहद कम होता है।

### छोटा नहीं बड़ा टैंक

अगर आप एक्वेरियम रखने जा रहे हैं, तो छोटे टैंक से शुरुआत करना गलत है। छोटे टैंक का रख-रखाव मुश्किल होता है। बड़े टैंक का रख-रखाव आसान होता है और इसमें मछलियों की मृत्यु दर भी कम होती है। किसी बॉल में फिश (खासतौर पर गोल्ड फिश) रखना सबसे खराब आइडिया है। चहलकदमी करने का स्पेस बॉल में कम होता है। ऐसे में मछलियों की मौत हो सकती है।

### टैंक वाटर बदलने का झंझट

कई लोगों को लगता है कि हर रोज एक्वेरियम का पानी बदलना एक बड़ा झंझट है। जबकि ऐसा नहीं करना होता, क्योंकि हर रोज पानी बदलने से मछलियों की मौत हो सकती



है। पानी में मौजूद बैक्टिरिया मछलियों को जिंदा रहने में मददगार होते हैं। इसलिए टैंक का पानी पूरी तरह नहीं बदलना चाहिए। सप्ताह में एक बार सिर्फ 10-20 प्रतिशत पानी ही बदलने की जरूरत होती है। अगर फिल्टरेशन सिस्टम है, तो एक महीने के अंतराल में 30-50 प्रतिशत तक पानी बदल सकते हैं।

### नेचुरल एन्वायरमेंट नहीं

किसी पेट शॉप में मिलने वाली मछलियां प्राकृतिक आवास से नहीं लाई जाती, बल्कि इन मछलियों की ब्रीडिंग नियंत्रित वातावरण में होती है। प्राकृतिक आवास में इन मछलियों के लिए जिंदा रहना आसान नहीं होगा। अगर किसी तालाब या फिर नदी में इन मछलियों को डाल दिया जाए तो वो दूसरी मछलियों की आसान शिकार बन सकती हैं।

### कैटफिश टैंक रखती है क्लीन

अगर टैंक में काई है, तो इसे साफ करना पड़ता है, क्योंकि मछली टैंक की सफाई नहीं करती। ऐसे में संभावना कम ही है कि कैटफिश आपके एक्वेरियम टैंक को साफ रखेगी।

### ज्यादा आबादी नहीं

यह समझना सही नहीं है कि टैंक में मछलियों की अधिक संख्या नुकसानदायक हो सकती है। इतना जरूर समझ लें कि मछलियों को अपने उत्सर्जित अपशिष्ट को मैनेज करना होता है। ऐसा नहीं होगा, तो अपशिष्ट जहर बनकर मछलियों की जान ले सकता है। इसलिए निर्धारित मात्रा में पानी की उपलब्धता और तय समय पर पानी बदलना एक्वेरियम की मछलियों की सेहत के लिए फायदेमंद होता है।

## आपके घर को प्रदूषण मुक्त बना सकता है ये प्लांट



**हाल** ही में एक स्टडी में पता चला है कि घर में बदलाव लाने वाले पौधे पोथोस आईवी को घर में लगाने से प्रदूषित हवा से बचा जा सकता है। इसके साथ-साथ ये पौधे घर में बेंजीन और क्लोरोफॉर्म को खत्म कर देता है, क्योंकि इससे कैंसर होने का खतरा भी बना रहता है।

इन पौधे से आपको एक प्रोटीन भी मिलता है, जिसे पी450, 2ई1 या 2ई1 के नाम से जाना जाता है। यह ट्रांसफॉर्मेशन कंपाउंड्स से मोलेक्युल्स को बदलने में मदद करते हैं। इससे वो खुद अपनी ग्रोथ को भी बढ़ाते हैं। यूनिवर्सिटी ऑफ वाशिंगटन के प्रोफेसर स्टुअर्ट स्ट्रांड के मुताबिक, लोग वास्तव में घरों में इन खतरनाक कंपाउंड्स के बारे में बात या फिर इसे बाहर करने के लिए कुछ नहीं करते हैं।

स्टडी के लिए टीम ने ऐसे पौधे को टेस्ट भी किया और इसे प्रदूषित हवा से पोथोस आईवी का मुकाबला कराया। उन लोगों ने दो ग्लास ट्यूब में प्लांट को रखा और फिर उन्होंने बेंजीन और क्लोरोफॉर्म को भी मिलाया। इसे परिवर्तन करने वाले प्लांट में 11 दिनों के भीतर ही पाया कि ट्यूब काफी प्रदूषित हो गया। वहीं, पर्यावरण विज्ञान और प्रौद्योगिकी में प्रकाशित एक और रिसर्च में देखने को मिला कि बिना किसी बदलाव लाने वाले पौधों को ट्यूब में डाला गया, लेकिन, इनमें कोई परिवर्तन देखने को नहीं मिला है। हालांकि, परिवर्तन होने वाले पौधों को जब घरों में लगाया गया तो इससे तीन दिन के भीतर ही 82 फीसदी प्रदूषित हवा साफ हो गई।

# शास्त्रों में अमांगलिक माने गए हैं कुत्ते

**जानें श्वान से जुड़े अपशकुन और उपाय**

**शास्त्रों** के अनुसार उल्लू एवं कबूतर की भांति ही कुत्ते भी यम के दूत माने गए हैं और अमांगलिक हैं, जिनसे सावधान होकर पितृलोक में मृतात्माओं के जाने के लिए कहा गया है। ये दूसरों के प्राण भक्षण कर तृप्त होते हैं। श्वान को यमराज से जोड़ा गया है अतःअशुभ है।

ऋग्वेद में एक स्थान पर जघन्य शब्द करने वाले श्वानों का उल्लेख मिलता है, जो विनाश के लिए आते हैं। अतः श्वानों की आवाज को जघन्य माना गया है तथा इनका देखना भी अमांगलिक समझा गया है, क्योंकि मृतात्माओं को इनकी दृष्टि से बचाने के लिए सावधान किया गया है। सूत्र-ग्रंथों में भी श्वान को अपवित्र माना गया है। इसके स्पर्श एवं दृष्टि से भोजन अपवित्र हो जाता है। इस धारणा का कारण भी श्वान का यम से संबंधित होना है। श्वान का गृह के चारों ओर घूमते हुए क्रंदन करना अपशकुन या अद्‌भुत घटना कहा गया है और इसे इंद्र से संबंधित भय माना गया है। अतः श्वान के संबंध में वैदिक साहित्य में अपशकुनसूचक होने की ही प्रबल धारणाएं पाई जाती हैं, किंतु ईरान में श्वान के प्रति शुभ शकुनसूचक भावनाएं पाती जाती हैं।



### करें ये उपाय

- भारत में भी श्वान को गुरु ग्रह से संबंधित माना गया है।
- शनि की प्रसन्नता के लिए भी काले कुत्ते को नियमित रोटी देना शुभ माना जाता है।
- भैरों देवता को प्रसन्न करने के लिए भी इन्हें रोटी खिलाने का प्रावधान है।

# इस मंदिर में स्थित मां लक्ष्मी की मूर्ति दिन में तीन बार बदलती है रंग

**हमारे** देश में कई सारे प्राचीन मंदिर स्थित हैं। लगभग हर प्राचीन मंदिर से कोई न कोई चमत्कार जुड़ा है, जो आपको सोचने पर मजबूर कर देता है। ऐसे ही एक मंदिर के बारे में आज हम आपको बताने जा रहे हैं। इस मंदिर में स्थित मां लक्ष्मी की मूर्ति दिनभर में तीन बार अपना रंग बदलती है।

जी हां, ये चमत्कारिक मंदिर स्थित है मध्यप्रदेश के जबलपुर में। ये स्थान पचमठा मंदिर के नाम से प्रसिद्ध है। कहा जाता है कि यह स्थान देशभर के तांत्रिकों के लिए तंत्र साधना का विशेष केंद्र माना जाता है। इस मंदिर के चारों तरफ श्रीयंत्र की विशेष संरचना बनी हुई है। इतना ही नहीं इस मंदिर में स्थित मां लक्ष्मी की प्रतिमा आज भी दिन में तीन बार रंग बदलती है।

बताया जाता है कि इस पचमठा मंदिर का निर्माण लगभग 11 सौ वर्ष पूर्व हुआ था। इस पचमठा मंदिर की एक और विशेष बात यह है कि यहां पर आज भी सूरज की पहली किरण मां लक्ष्मी के चरणों में पड़ती है। यहां पर प्रतिदिन मां लक्ष्मी की प्रतिमा का रंग तीन बार परिवर्तित होता है। प्रातः काल के समय प्रतिमा का रंग सफेद, दोपहर में पीला और शाम को नीला हो जाता है। शुक्रवार के दिन इस मंदिर में भक्तों की भारी भीड़ रहती है।




कहा जाता है कि, सात शुक्रवार तक यहां पर मां लक्ष्मी के दर्शन करने से आपकी मनोकामना पूरी होती है। पचमठा मंदिर के पास एक तालाब भी है, जिसे अधारताल तालाब के नाम से जाना जाता है। इस तालाब का निर्माण रानी दुर्गावती के विशेष सेवापति रहे दीवान अधार सिंह ने बनवाया था। पचमठा मंदिर में दिवाली के दिन देशभर से लोग मां लक्ष्मी की विशेष पूजा करने पहुंचते है। दिवाली की रात पचमठा मंदिर के कपाट पूरी तरह खोल दिए जाते हैं और पूरे मंदिर को दीपक से प्रज्वल्लित कर दिया जाता है। ये दृश्य बेहद मनमोहक और अद्‌भुत होता है।

# भारतीय संस्कृति का हिस्सा है नमस्कार

**नमस्कार** हमारी संस्कृति का हिस्सा है। नमस्कार सदियों से हमारी जीवन शैली से जुड़ा हुआ है, जिसे हम आज की स्थिति में कम इस्तमाल करने लगे हैं।



पश्चिमी देशों की संस्कृति को हम इस कदर आंख बंद करते हुए अपनाते जा रहे हैं, कि हमें अपनी सस्कृति के वास्तविक मायने ही भूलते जा रहे हैं। एक-दूसरे के हाथ में हाथ मिलाकर हेल्लो हाय बोलने से काफी बेहतर नमस्कार करना होता है। नमस्कार के पीछे कोई रूढ़िवादी सोच नहीं है। इसके पीछे वैज्ञानिक दृष्टि है, जिसे समझ कर इसे अपने जीवन में सभी लोगों को अपनाना चाहिए।

### नमस्कार करने का तरीका

आराम से सीधे खड़े रहो। दोनों हाथों के पंजे छाती के पास लाकर हाथों के पंजों को मिला दो। ये हाथों के पंजों को थोडा टेढ़ा रखते हुए छाती के पास हो। उंगलियों से उंगलियां मिलना चाहिए। नमस्कार करते वक्त हाथों में कुछ समान नहीं पकड़ना चाहिए। मन में कोई भी दूर भाव नहीं लाना चाहिए। नमस्कार करते वक्त शरीर को न तो सख्त रखे न ही पूरा ढीला। भगवान हो चाहे अच्छा बुरा इंसान को नमस्कार, करते वक्त गुस्सा नहीं करना चाहिए। नमस्कार करते वक्त शरीर को हिलाना नहीं चाहिए और पैरों को बहुत दूर भी नहीं रखना चाहिए।

# अगर शरीर के इन खास हिस्सों पर है तिल तो बहुत लकी हैं आप

**शरीर के अंगों पर तिल का मतलब**

**आमतौर** पर हर किसी को शरीर के किसी न किसी हिस्से पर तिल जरूर रहता है। गाल पर तिल होने को लोग सुंदरता से जोड़कर देखते हैं। इसी तरह शरीर के अंगों पर तिल का अपना ही महत्व होता है। कुछ तिल लोगों के लिए शुभ माने जाते हैं तो कुछ अशुभ। वैसे तो शरीर के अंगों पर तिल का अपनी ही महत्व होता है, लेकिन कुछ तिल उस इंसान के लक्की होने का सबूत होते हैं। आपने अक्सर लोगों को कहते सुना होगा कि जिसकी हथेली में तिल होता है और वो मुट्ठी में बंद हो जाए तो उसके पास बहुत पैसे आते हैं। सामुद्रिक शास्त्र पर गौर करें तो शरीर पर तिल होना तो कोई खास अंतर नहीं डालता, लेकिन वह शरीर के किस अंग पर है, ये बात बहुत अहम होती है।



### हथेली पर तिल

समुद्रशास्त्र के अनुसार, हथेली पर तिल वाले लोग बहुत ही किस्मत वाले होते हैं। ऐसे लोगों को हर काम में तरक्की मिलती है। कभी हारने न मानने वाले इस तिल के लोग अपनी मेहनत से हर मुकाम हासिल कर लेते हैं और ऐसे लोग अमीर भी बन जाते हैं।

### नाक पर तिल

ऐसे लोग सुंदर होने के साथ-साथ नखराले भी होते हैं। इन लोगों को छोटी-छोटी बात पर गुस्सा आता है। स्वभाव से नखराले होने के बावजूद भी इस तिल के लोग बहुत भाग्यशाली होते हैं। ये जो चाहते हैं, इन्हें मिल जाता है। जरा ध्यान से देख लीजिए कहीं आपकी भी तो नाक पर तिल नहीं है।

### ठोड़ी पर तिल

जिन लोगों के ठोड़ी पर तिल होता है वो सुंदर होने के साथ ही स्वभाव से काफी शांत होते हैं। ऐसे लोग हर बिगड़े हुए काम को आसानी से सुलझा लेते हैं। ऐसे लोग अपनी मधुर वाणी का लाभ हमेशा उठाते हैं। ऐसे लोग बहुत भाग्यशाली होते हैं, उन्हें जीवन में दौलत और खुशियां मिलती हैं।

### पीठ पर तिल

जिन लोगों के पीठ पर तिल मौजूद होता है वो स्वभाव से बेहद रोमांटिक होते हैं। अक्सर घूमने-फिरने के बारे में सोचने वाले इस तरह के लोगों की हर इच्छा पूरी होती है। इन लोगों के मन की इच्छा बिना मेहनत के ही पूरी हो जाती है, तो हुए न ये लोग लकी, क्योंकि मेहनत से हर किसी को बहुत कुछ हासिल हो सकता है, जिसे बिना मेहनत के मनचाही चीज मिल जाए वो वाकई में लकी होता है।

### पैर के अंगूठे में तिल

जिन लोगों के पैर के अंगूठे पर तिल होता है, उन्हें कभी पैसों की कमी नहीं होती। इसके अलावा समाज में प्रतिष्ठता के मामले में भी ऐसे लोग लकी होते हैं। पैर के अंगूठे पर तिल होना सौभाग्यशाली माना जाता है।


### नाभि के पास तिल

समुद्रशास्त्र के अनुसार आपकी नाभि के पास तिल है, तो यह आपके लिए बहुत ही शुभ फलदायी है। ऐसे तिल का होना आपके लिए सुख समृद्धि का सूचक है।

तो आज ही आप चेक कर लीजिए, की आपके शरीर के किन-किन हिस्सों पर तिल है और उस तिल का क्या महत्व है, लेकिन इसका मतलब ये नहीं है कि आप मेहनत करना छोड़ दें।



# तपती गर्मी और सुरक्षा



गर्मियाँ आते ही ठंडा वातावरण मन को भाने लगता है। घर और कार्यालयों को भी ठंडा रखने की कवायदें शुरू हो जाती हैं, लेकिन पूरे समय तो आप घर या दफ्तर की चहारदीवारी से घिरे नहीं रह सकते तो कौन से सुरक्षा के तरीके अपनाएँ, जब बाहर सूर्य से मुकाबला करना हो, आइए जानें।

■ **उबला पानी :** अक्सर पानी का बदलाव शरीर पर दुष्प्रभाव छोड़ता है। इससे बचने के लिए अपने साथ उबला हुआ पानी ले जाएँ या सादे पानी में एक हल्दी की गाँठ डाल लें।

■ **नीबू, नमक, शकर और खाने का सोडा :** अपने साथ नीबू, शकर, नमक व खाने का सोडा भी रखें। जब अधिक गर्मी सताए या जी मिचलाए तो एक कप पानी में एक चम्मच शकर, नीबू का रस व एक चुटकी सोडा मिलाकर पी लें। नीबू चूसना भी फायदेमंद रहेगा। सादा नमक का पानी बार-बार पीने से भी गर्मी अधिक परेशान नहीं करेगी।

■ **सेंधा नमक और अजवाइन :** यदि आपको पित्त गिरने की शिकायत रहती है तो अपने साथ सेंधा नमक और अजवाइन मिलाकर रखें। दो-तीन बार खा लें।

■ **प्याज :** लू से बचने के लिए एक प्याज अपने पॉकेट या पर्स में लपेटकर रखें। इसे बार-बार सूँघने से लू नहीं लगेगी।

■ **कच्चे आम का पना :** कच्चे आम को उबालकर उसको ठंडा कर लें। ठंडे पानी में गूदे को मैश करके छान लें। थोड़ी-सी हींग, सौंफ और जीरा भूनकर पीस लें। सूखा पुदीना, शकर, काला और सेंधा नमक इस शरबत में मिलाएँ। इस शरबत को बाहर जाने से पहले पी लेने से लू नहीं लगेगी या गंतव्य स्थान पर पहुँच कर पी लें।

■ **गीला तौलिया व आँवला :** गर्मी में खासतौर पर सफर के दौरान एक गीला तौलिया हमेशा सिर पर रखें या हो सके तो एक गीला कपड़ा खिड़की पर बाँध लें। यदि अचानक नकसीर फूट जाए तो गीला कपड़ा नाक पर रख लें और ठंडा पानी सिर पर डालें। यदि आपको नकसीर की बीमारी है तो शुद्ध घी में आँवला पीसकर बराबर मात्रा में मिला लें और इसे भी साथ रख लें। इसे लगाने से खून रुक जाएगा।

■ **त्रिकुटी चूर्ण :** कम से कम खाइए। फिर भी अपचन न हो, इसके लिए त्रिकुटी का चूर्ण शहद के साथ सुबह ही खा लीजिए। काली पीपल, काली मिर्च व सौंठ को बराबर मात्रा में लेकर पावडर बना लीजिए। सफर में शहद के साथ यह चूर्ण खाने से आपको पेट संबंधी समस्या परेशान नहीं करेगी।

■ **आई ड्रॉप व कॉटन :** यदि आपकी आँखें जल्दी लाल हो जाती हैं तो आँखों को साफ करने का लोशन व रुई भी साथ में रखिए। लोशन में रुई का फाहा भिगोकर थकी और लाल आँखों पर रखिए। आपको बहुत आराम मिलेगा।

■ **धूप का चश्मा :** एक बड़ी फ्रेम वाला धूप का चश्मा भी गर्मी से बचाव की जरूरत को पूरा करता है। यह आँखों के साथ-साथ चेहरे की धूप से रक्षा करेगा।

■ **बड़ा स्कार्फ :** तैलीय मेकअप बिलकुल न करें, क्योंकि यह पसीने के साथ मिलकर आपके चेहरे को बदसूरत बना देगा। खुले बाल सफर में उड़-उड़कर उलझ जाते हैं तो बाद में ज्यादा टूटते हैं। एक बड़ा स्कार्फ बालों पर बाँध लें तो आप इस मुसीबत से भी बच जाएँगी।



# फायदे गर्मी के




● शाम को इडली डोसा बनाना है, रात में दाल-चावल भिगोना भूल गए। याद भी आया तो सुबह 10 बजे। एक काम कीजिए उबलने जितना गर्म पानी कर दाल चावल भिगो दें। 1 बजे तक अच्छी तरह भीग जाएँगे। पीसकर घोल को ढँककर धूप में रख दें या स्टेबीलाइजर पर रख दें। सिर्फ 3 से 4 घंटों में अच्छा खमीर वाला घोल तैयार हो जाएगा। जब चाहें इडली-डोसा बना लें।

● रोज दही चाहिए? रात में जमाना भूल गए। सुबह उठकर दूध को कुनकुना गर्म करें। जामन थोड़ा अधिक डालें। अच्छी तरह मिलाकर ढक्कन बंद डिब्बे में धूप में रखें या स्टेबीलाइजर पर और यह लीजिए 12 बजे तक दही तैयार है।

● छोले या राजमा रात में भिगोना भूल गए हों तो सुबह तेज गर्म पानी में डाल दें। तीन घंटे में ही भीग जाएँगे।

● गर्मियों में भी कुनकुने पानी से नहाने की आदत है तो बाल्टी भर पानी तेज धूप में रख दें।

● कभी भी बाहर से आने पर पना पीना चाहिए। उबली हुई केरियाँ फ्रीज में अवश्य रखें और तुरंत इनसे पना बना लें।

नई ताजी केरी का मुरब्बा या छुंदा चाहिए तो केरी किसकर शकर मिलाकर सोलर कुकर में रख दें। एक दिन में तैयार हो जाएगा। या पतीले पर कपड़ा बाँधकर धूप में रखें तीन दिन में चाशनी तैयार हो जाएगी।

## मैंगो लस्सी

**सामग्री :** 2 कप दही, 1 कप मैंगो पल्प (आम का गूदा), आधा टी स्पून इलायची पावडर, आधा कप शकर, आधा कप आम (बारीक कटा), 1 बड़ा चम्मच पिस्ता कतरन, बर्फ (अंदाज से)।

**विधि :** सर्वप्रथम ब्लैंडर में आम का गूदा एवं शकर मिलाकर चलाएँ। फिर इसमें दही, इलायची पावडर एवं बर्फ मिलाकर पुन: एक बार चलाएँ। मैंगो लस्सी तैयार है। इसे काँच के गिलासों में भरें। ऊपर से प्रत्येक गिलास में बारीक कटे आम के टुकड़े डालें। पिस्ता कतरन छिड़ककर ठंडी-ठंडी मैंगो लस्सी पेश करें। पीने वाले आपकी तारीफ किए बिना नहीं रहेंगे।

# टाईम पास

## आज का राशिफल

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो आ): सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह रहेगा। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां आज पैदा होगी। प्रसन्नता के साथ सभी जरूरी कार्य बनते नजर आएंगे। मनोरथ सिद्धि का योग है। सभा-सोसायटी में सम्मान मिलेगा। प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। शुभांक-2-5-8

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): आय के अच्छे योग बनेंगे। कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच आमोद-प्रमोद का दिन होगा। व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। शुभांक-5-6-7

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को हा): प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। शुभांक-6-7-8

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। सुख-आनंद कारक समय है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। आत्मचिंतन करें। सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। योग्यताएं सम्मान दिलायेगी। शुभांक-3-6-9

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी वातावरण में तनाव पैदा करेंगे। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। आवेग में आकर किये गए कार्यों का म्लान, अवसाद रहेगा। शत्रुपक्ष से सावधान रहें। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। शुभांक-5-7-8

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। अधिकारी वर्ग से आपकी निकटता बढ़ेगी। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। रुका हुआ लाभ प्राप्त हो सकता है। नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। शुभांक-2-6-7

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते): लाभ में आशातीत वृद्धि तय है मगर नकारात्मक रुख न अपनाएं। किसी पुराने संकल्प को पुरा कर लेने का दिन हैं। 'आगे-आगे गौरख जागे' वाली कहावत चरितार्थ होगी। निष्ठा से किया गया कार्य पराक्रम व आत्मविश्वास बढ़ाने वाला होगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। यात्रा परिणाम सुखद रहेगा। शुभांक-3-5-8

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू): कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूति साथ रहेगी। शुभांक-5-8-9


**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): अपने संघर्ष में स्वयं को अकेला महसूस करेंगे। विशेष परिश्रम से ही अभिष्ट कार्य सिद्ध होंगे। मन उदास रहेगा। कुछ पिछले संकट अब सिर उठा सकते हैं। निकट जनों के लिए अर्थव्यवस्था हेतु जोड़-तोड़ करना पड़ेगा। नौकरी में अपने अधीनस्थ लोगों से कम सहयोग मिलेगा। शुभांक-3-5-9

**मकर** (भे जा जी खी खू खे खो गा गी): सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह रहेगा। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां पैदा होगी। अल्प-परिश्रम से ही लाभ होगा। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। नियोजित धन से लाभ होने लगेगा। शुभांक-1-2-3

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा): विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। शुभ कार्यों में अड़चनें और परिवार के बुजुर्ग-जनों से मतभेद रहेगा। भय तथा शत्रुहानि की आशंका रहेगी। जमीन जायदाद का लाभ भी हो सकता है। आवास, मकान तथा वाहन की सुविधाएं मिलेंगी। बनते हुए कार्यों में बाधा आएगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। शुभांक-2-6-9


**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): कार्य साधक दिन है व्यर्थ न गवाएं। विश्वस्त लोगों के कहे अनुसार चलें। राजकीय कार्यों में सतर्कता बरतें। मान-सम्मान को ठेस लग सकती है। जोश से कम व होश में रहकर कार्य करें। नये आगंतुकों से लाभ होगा। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। शुभांक-4-7-8

## काकुरो पहेली 4092




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुन: उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणत:



1+2+3+4+5+6=21
1+2+3+4+5+7=22
3+5+6+7+8+9=38
4+5+6+7+8+9=39

काकुरो 4091 का हल



## हंसी के फूव्वारें

एक पागलखाने में एक दर्शक का गाइड ने बताया-'यह जो पागल आपके सामने खड़ा है, इसकी यह दशा इसलिए हुई कि इसे उस लड़की ने ठुकरा दिया, जिसे वह प्यार करता था.'

'और वह!' दर्शक ने एक अन्य पागल की तरफ इशारा करते हुए पूछा.

'ओह !' गाइड बोला-'इसकी यह दशा इसलिए हुई कि इसने उसी लड़की से विवाह कर लिया.'

□ □ □

पहला-'पत्नी हर जन्म में वही पति क्यों पाना चाहती है?'

दूसरा-ताकि उस पति को सुधारने का परिश्रम बेकार न चला जाए.

□ □ □

'दुर्लभ पुस्तक किसे कहते हैं ?'

'जिसे पढ़कर सगे संबंधी, मित्र और पड़ोसी सुरक्षित लौटा दें.'

□ □ □

बाजार से आते ही मालकिन नौकरानी पर बिगड़ गई-''कल से तू काम पर मत आना !''

''जी ! क्या बात हो गई ?''


''जब मैं बाजार गई थी तो तेरे हाथ में चार चूड़ियां थीं, अब दो ही रह गई हैं.''

''जी. वह काम करने में टूट गई !''

''वह तो ठीक है. मगर पलंग पर तू क्या काम करने गई थी?''

□ □ □

## फिल्म वर्ग पहेली- 4092



**बायें से दायें:-**

१. अमिताभ, अमृता की 'मैं माटी का गुड्डा' गीत वाली फिल्म-३
३. 'मैं कुड़ी अनजानी' गीत वाली सनी, सुष्मिता की फिल्म-२
५. 'गवाह हैं चाँद तारे' गीतवाली फिल्म-३
७. 'धीरे धीरे आप मेरे दिल में' गीत वाली आमिर, जूही की फिल्म-२
९. धर्मेन्द्र, सुनीलदत्त, संजय, सनी, रवीना, दिव्या की बहु सितारा फिल्म-३
१०. 'कोयल सी तेरी बोली' गीत वाली फिल्म-२
११. 'ओ गुड़िया ओ बहना' गीत वाली संजयदत्त, फरहा की फिल्म-३
१२. 'फूल माँगूं ना' गीत वाली फिल्म-२
१४. 'आजा जाने जाँ' गीतवाली सुनील शेट्टी, सोमी अली की फिल्म-२
१६. 'दिल के टुकड़े टुकड़े' गीत वाली फिल्म-२
१८. 'इलाहाबाद में पैदा हुई' गीत वाली देव आनंद, हेमा की फिल्म-४
२२. जीतेंद्र, संजयदत्त, जूही की 'ढूंढ रही थी' गीत वाली फिल्म-४
२५. सनी वाली फिल्म 'जाल' में तब्बू के साथ दूसरी नायिका-२
२६. दिलीप, रेखा, ममता की फिल्म-२
२७. 'चाँदनी रूप की' गीत वाली संजय, सलमान, रवीना की फिल्म-२
२९. 'नशा ये प्यार का नशा है' गीत वाली फिल्म-२
३०. अल्ताफ रजा के गीत 'पीलो प्यार दी विस्की' वाली फिल्म-२
३१. सनी देओल, अमीषा की फिल्म-३
३३. 'राजा की आएगी बारात' गीत वाली राजकपूर, नर्गिस की फिल्म-२
३५. अमिताभ, परवीन की 'आदमी जो कहता है' गीत वाली फिल्म-४
३६. 'मधुबन में जो कन्हैया' गीत वाली फिल्म-३

**ऊपर से नीचे:-**

१. 'हय्या हू' गीत वाली गोविंदा, ऐश्वर्या की फिल्म-४
२. एलबम 'मैं भी मैडोना' का गायक?-२
४. 'शहर की लड़की' गीत वाली फिल्म-३
५. नासिर खान, मीनाकुमारी की फिल्म-३
६. अमिताभ वाली 'याराना' की नायिका?-२
८. 'कुर्बानी' में फिरोज की नायिका?-३
१३. 'बंबई से रेल चली' गीत वाली फिल्म-३
१४. अनिल, जूही, करिश्मा की फिल्म-३
१५. अरविंद स्वामी, मधु की 'दिल है छोटा सा' गीत वाली फिल्म-२
१७. 'चोरी चोरी कोई आए' गीत वाली फारूख, पूनम की फिल्म-२
१९. 'एहसास' में सुनील शेट्टी की नायिका-२
२०. फिल्म 'मदर इंडिया' में शीर्षक भूमिका किसने की थी?-३
२१. अनिल, मीनाक्षी की 'जिंदगी हर कदम' गीत वाली फिल्म-२,२
२३. गोविंदा, नीलम की 'मैं प्यार का पुजारी' गीत वाली फिल्म-२
२४. 'झूठे नैना बोले' गीत वाली फिल्म-३
२७. उमादेवी के गाये 'अफसाना लिख रही हूँ' गीत वाली फिल्म-२
२८. 'तितली उड़ी' गीत राजेंद्रकुमार की किस फिल्म का है-३
२९. जीतेंद्र, रणधीर, राकेश, रेखा की फिल्म-३
३०. 'ये दुनिया वाले पूछेंगे' गीतवाली फिल्म-३
३२. विवेक, दीया मिर्जा की फिल्म-२
३४. अमिताभ की 'खाइके पान' गीत वाली फिल्म-२

**फिल्म वर्ग पहेली- 4091**

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| खु | शी | | शो | | द | श | र | | फ |
| दा | | प | र | ख | | जे | | खा | की |
| ग | द | र | | त | ला | श | | | श |
| वा | | दे | व | र | | ख | ली | फा | |
| ह | व | स | | ना | | त्रा | | गु | स |
| | क्त | | नौ | क | र | | आ | न | |
| गु | | श | ज | | च | र | स | | बा |
| म | स्त | | वा | स | ना | | श | जा | जी |
| ना | | जा | न | स | | सु | | | ग |
| म | शा | ल | | र | फ्ता | र | | ड | र |

## सूडोकु -4092


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 2 | | | | 1 | | |
| | | | | 2 | 5 | 7 | 3 | |
| | 9 | 4 | | 6 | 7 | | | 2 |
| | 5 | | 4 | | 3 | | | 9 |
| | 8 | | | 9 | | | 7 | |
| 1 | | | 6 | | 8 | | 2 | |
| 6 | | | 7 | 4 | | 9 | 5 | |
| | 4 | 5 | 8 | 3 | | | | |
| | | 8 | | | | 6 | | |

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
■ पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु 4091 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 1 | 6 | 2 | 3 | 7 | 4 | 5 | 8 |
| 8 | 2 | 3 | 4 | 5 | 9 | 1 | 7 | 6 |
| 4 | 5 | 7 | 1 | 6 | 8 | 3 | 9 | 2 |
| 5 | 6 | 8 | 7 | 1 | 2 | 9 | 3 | 4 |
| 1 | 7 | 4 | 9 | 8 | 3 | 2 | 6 | 5 |
| 2 | 3 | 9 | 5 | 4 | 6 | 8 | 1 | 7 |
| 7 | 4 | 1 | 8 | 9 | 5 | 6 | 2 | 3 |
| 3 | 8 | 5 | 6 | 2 | 1 | 7 | 4 | 9 |
| 6 | 9 | 2 | 3 | 7 | 4 | 5 | 8 | 1 |

## शब्द पहेली - 4092



**बाएँ से दाएँ**

1.छुट्टी,रजा-4
3.वध,आघात-4
5.दशानन-3
7.अनमोल,अनूठा-3
8.अनाथ,बेसहारा-3
10.खजूर-3
11.रहम करना-2,3
14.गहराई नापना-2,3
17.लगातार,सतत-5
20.संतुष्ट होना-2,3
23.बीच में,दौरान-3
24.खुश,आनंदित-3
25.शिक्षा-3
26.शोक-3
27.जांचना,परखना-4
28.धार्मिक विधि का आयोजन करने वाला-4

**ऊपर से नीचे**

2.मयखाना,मधुशाला-5
3.प्रेमकहानी-5
4.चापलूसी-4
6.नटना,वचन तोड़ना-4
7.फिजूल,व्यर्थ-3
9.अव्यवस्थित समूह,भीड़-3
12.गुजर करना-3
13.वेग,गति-3
15.खूबसूरत-3
16.पर्वतीय मैदान, समतल पर्वत-3
17.गुजारिश,मांग-4
18.सुअर-3
19.गुस्सा होना-5
20.ममतापूर्ण-5
22.अयोग्य, असंगत-4

**शब्द पहेली - 4091 हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क | ल | र | व | | | | मु | का | ब | ला |
| मी | | | त | म | त | मा | ना | | | ज |
| श | व | | न | या | | न | दी | | जी | वा |
| न | र | क | | न | म | क | | ख | रा | ब |
| | दा | म | न | | जा | | न | फा | | |
| | न | | ख | त | | म | न | | म | |
| | | सा | रा | | आ | | द | म | न | |
| अ | ना | र | | र | स | म | | त | ह | री |
| मा | ता | | ल | क | | सौ | त | | र | त |
| न | | | च | म | क | दा | र | | | स |
| त | क | दी | र | | | | ल | ल | का | र |

## संघ के सरकार्यवाह होसबाले पांच दिवसीय दौरे पर 25 जून को आएंगे लखनऊ

एजेंसी

**लखनऊ।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले पांच दिवसीय दौरे पर 25 जून को लखनऊ पहुंचेंगे। इस दौरान वह निरालानगर के सरस्वती कुंज में संघ के पूर्वी उत्तर प्रदेश क्षेत्र की बैठक में हिस्सा लेंगे। संघ के प्रचार विभाग के मुताबिक इस बैठक में पूर्वी उत्तर प्रदेश क्षेत्र के चारों प्रांतों के प्रांत प्रचारक, सह प्रांत प्रचारक, सभी विभाग प्रचारक, सह विभाग प्रचारक, प्रांतीय टोली के सभी प्रचारकों और क्षेत्रीय कार्यकारिणी को आमंत्रित किया गया है।सरकार्यवाह विभाग प्रचारक, प्रांतीय टोली और क्षेत्रस्तर के प्रचारकों के साथ अलग-अलग बैठकें करेंगे। संघ शिक्षा वर्गों में संघ के जिला एवं विभाग प्रचारकों का स्थानांतरण होता है। इस बार बड़ी संख्या में जिला एवं विभाग प्रचारकों का स्थानांतरण किया गया है। कुछ प्रचारकों को प्रोन्नत कर विभाग प्रचारक बनाया गया है। इस बैठक में कई ऐसे प्रचारक भी उपस्थित रहेंगे जो पहली बार विभाग प्रचारक बने हैं। ऐसे में इन प्रचारकों के लिए सरकार्यवाह का मार्गदर्शन प्रेरणादायी साबित होगा।

## अखनूर में दो बसों के बीच टक्कर, हादसे में 20 यात्री घायल; तीन की हालत गंभीर



**अखनूर।** जम्मू-कश्मीर में सड़क हादसा हुआ है। जम्मू के अखनूर के ज्यौडियां की मुख्य सड़क पर दो बसों की आपस में टक्कर हो गई। हादसे में 20 यात्री घायल हो गए। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इनमें तीन की हालत गंभीर बनी हुई है। जानकारी के अनुसार, काली माता मंदिर बोमाल के पास शनिवार को दो बस आपस में भिड़ गईं। हादसे के बाद चीख-पुकार मच गई। आनन-फानन सभी को बसों से निकाला गया। घायलों को उपचार के लिए नजदीकी अखनूर उपजिला अस्पताल में ले जाया गया। तीन की हालत गंभीर देखते हुए जम्मू तस्ष्ट रेफर किया गया है।

## मानसून के साथ ही आपदा से बचाव की तैयारियां भी तेज, अधिकारी-कर्मचारियों की छुट्टियां होंगी रद्द

**देहरादून।** मानसून सीजन शुरू होने के साथ ही आपदा से बचाव की तैयारियां भी तेज हो गई हैं। मुख्य सचिव ने कहा कि जरूरत पड़ने पर आपदा से संबंधित सभी विभागों के अधिकारी-कर्मचारियों की छुट्टियां रद्द कर दी जाएंगी। ऐसी स्थिति में अपरिहार्य कारणों को छोड़कर किसी को अवकाश नहीं मिलेगा। सभी जिलाधिकारियों को भी आपदा पूर्व उपचार कार्य पुख्ता करने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देशानुसार, मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने आपदा पूर्व तैयारियों के मद्देनजर सभी जिलाधिकारियों से बात की। उन्होंने सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि हर साल सामने आने वाली बाढ़ या भू-स्खलन जैसी आपदाओं के लिए पूर्व से तैयारी की जाए। जिन क्षेत्रों में आमतौर पर बाढ़ आती है वहां भी पहले से उपचार कर लिए जाएं। उन्होंने ये भी निर्देश दिए कि नदियों की डी-सिल्टिंग और रीवर ट्रेनिंग का काम भी तत्काल किया जाए ताकि बाढ़ के प्रकोप को कम किया जा सके। सभी विभागों को समन्वय के साथ काम करना है। सरकार ने गत वर्ष आपदा संबंधी निर्माण कार्यों पर हुए खर्च का बजट लोनिवि को 30 करोड़ व पेयजल निगम को 20 करोड़ जारी कर दिए हैं। सभी डीएम को कहा गया है कि वह जिला आपदा प्रबंधन की टीमों को मुस्तैद रखें।

## शिमला में बूंदाबांदी, प्रदेश के कई भागों में छह दिनों तक मौसम खराब रहने के आसार

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के कई भागों में आगामी छह दिनों तक मौसम खराब रहने के आसार हैं। शिमला में शनिवार दोपहर बूंदाबांदी हुई। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के अनुसार 26 से 28 जून तक प्रदेश के कई भागों में बारिश का पूर्वानुमान है। वहीं 23 से 25 जून तक उच्च पर्वतीय भागों को छोड़कर मैदानी व मध्य पहाड़ी क्षेत्रों में मौसम साफ बना रहेगा। इन छह दिनों के दौरान कुछ भागों में अंधड़ चलने का येलो अलर्ट भी जारी हुआ है।

उधर, कई जगह बारिश से पिछले 24 घंटों के दौरान अधिकतम तापमान में उल्लेखनीय गिरावट आई है। औसत अधिकतम तापमान सामान्य से काफी नीचे रहा। इससे लोगों को गर्मी से कुछ राहत मिली है। बीते दिन मशोबरा में 36.0, जोत 11.0, डलहौजी 9.0, कुफरी 8.2, कंडाघाट 5.4 और कुकुमसेरी में 4.5 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई।

**कहां कितना न्यूनतम तापमान**

शिमला में न्यूनतम तापमान 16.6, सुंदरनगर 19.5, भुंतर 17.1, कल्पा 11.0, धर्मशाला 23.5, ऊना 22.7, नाहन 24.0, पालमपुर 17.7, सोलन 18.4, मनाली 13.6, कांगड़ा 21.7, मंडी 21.2, बिलासपुर 22.1, हमीरपुर 21.3, चंबा 19.9, डलहौजी 15.2, जुब्बड़हट्टी 18.8, कुफरी 14.4, कुकुमसेरी 5.0, नारकंडा 12.5, भरमौर 15.1, रिकांगपिओ 14.7, धौलाकुआं 24.4, बरठीं 20.8, कसौली 19.2, पांवटा साहिब 28.0, सराहन 16.0, देहरा गोपीपुर 26.0, ताबो 10.1, मशोबरा 16.4, सैंज 17.0 व बजौरा 17.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

# नीट प्रश्न पत्र लीक मामले की जांच का दायरा बिहार से बाहर पहुंचा, कई लोगों की तलाश में जुटी पुलिस

एजेंसी

**पटना ।** बिहार में आर्थिक अपराध इकाई (ईओयू) ने नीट प्रश्नपत्र लीक मामले की जांच तेज कर दी है। परत दर परत हो रहे खुलासे के बाद जांच का दायरा राज्य के बाहर पहुंच चुका है। झारखंड और उत्तर प्रदेश से भी बिहार के गिरोह के तार जुड़ रहे हैं। जांच टीम झारखंड पहुंच भी चुकी है।

पुलिस के मुताबिक, अब तक जांच के बाद नालंदा जिले के संजीव मुखिया उर्फ लूटन मुखिया का नाम भी सामने आया है। कहा जा रहा है कि उसने ही प्रश्न पत्र उपलब्ध कराया था और फिर परीक्षार्थियों को उसके उत्तर रटाये गए थे। पुलिस




उसकी तलाश में कई जगहों पर छापेमारी कर रही है। संजीव का पुत्र डॉ शिव भी प्रश्न पत्र लीक मामले में फिलहाल जेल में है। शिव शिक्षक भर्ती के प्रश्नपत्र लीक मामले का आरोपी है।

इधर, सूत्रों का कहना है कि पुलिस नालंदा जिले के एकंगरसराय से एक व्यक्ति को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। पुलिस अब इस पूरे मामले के मास्टरमाइंड की तलाश में जुट गई है जिसने प्रश्न पत्र उपलब्ध कराए थे। इसमें संजीव मुखिया का नाम प्रमुखता से लिया जा रहा है। कहा जा रहा है कि किसी प्रोफेसर ने मुखिया को प्रश्नपत्र उपलब्ध कराए थे, हालांकि इसकी पुष्टि कोई नहीं कर रहा है। इस गिरोह से अब उत्तर प्रदेश और झारखंड से भी तार जुड़ने के सबूत मिले हैं। मामले में गिरफ्तार सिकंदर प्रसाद पहले झारखंड में ही रहता था। आशंका है कि बिहार में झारखंड से ही प्रश्न पत्र पहुंचा है। पुलिस के मुताबिक, पटना गेस्ट हाउस से ओएमआर शीट और एडमिट कार्ड भी बरामद हुए हैं। पुलिस ने लोगों से पूछताछ की है। पुलिस मुंगेर में भी इस मामले को लेकर पूछताछ करने पहुंची है।

सूत्रों के मुताबिक, अब तक की जांच में पता चला है कि झारखंड के एक शहर में कुछ अभ्यर्थियों को नीट का प्रश्न पत्र देने से पहले सिकंदर के गिरोह के लोगों ने उनके अभिभावकों के साथ एक होटल में बैठक की थी। इस बैठक के दौरान, आरोपियों ने अभ्यर्थियों के अभिभावकों से पैसे की डील की थी। गिरोह के सदस्यों ने एक प्रश्न पत्र के लिए अभ्यर्थियों के अभिभावकों से 40-40 लाख रुपये तक वसूले थे।

## गैंगस्टर दाऊद इब्राहिम के गुर्गे की आर्थर रोड जेल में हार्ट अटैक से मौत

एजेंसी

**मुंबई।** गैंगस्टर दाऊद इब्राहिम के गुर्गे आरिफ शेख की मुंबई के आर्थर रोड जेल में हार्ट अटैक से मौत हो गई है। सूत्रों के अनुसार आरिफ शेख को शाम को अचानक सीने में दर्द होने लगा। इसके बाद जेल कर्मियों ने आरिफ को तत्काल जेजे अस्पताल में भर्ती करवाया। इलाज के दौरान आरिफ की मौत हो गई। आरिफ को मई 2022 को राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने दाऊद इब्राहिम से जुड़े टेरर फंडिंग मामले में गिरफ्तार किया था। आरिफ को तब से आर्थर रोड जेल में रखा गया था। बताया जा रहा है कि आरिफ एक समय छोटा शकील के सभी ऑपरेशन्स का मुखिया था। 2016 में मुंबई क्राइम ब्रांच की एंटी एक्सटॉर्शन सेल ने उसे जबरन वसूली के आरोप में गिरफ्तार किया था।

## दिल्ली जल संकट को लेकर रमेश बिधूड़ी के नेतृत्व में बीजेपी नेताओं ने खोला केजरीवाल सरकार के खिलाफ मोर्चा

एजेंसी

**नई दिल्ली ।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में पानी संकट को लेकर सियासत और तेज हो गई है। एक तरफ जहां आम आदमी पार्टी की मंत्री आतिशी अनिश्चितकालीन धरने पर बैठी हैं, वहीं अब बीजेपी नेता रमेश बिधूड़ी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने केजरीवाल सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। बीजेपी नेता रमेश बिधूड़ी के नेतृत्व में बीजेपी कार्यकर्ताओं ने शनिवार को पानी संकट को लेकर दिल्ली जल बोर्ड के दफ्तर का घेराव करने का प्रयास किया, लेकिन पुलिस ने उन्हें रोक दिया। इस दौरान बीजेपी के कई नेताओं की पुलिस के साथ झड़प भी हुई। यही नहीं, पुलिस ने इस दौरान कई कार्यकर्ताओं को वाटर कैनन के जरिए रोकने का प्रयास भी किया।

बीजेपी नेताओं का कहना है कि केजरीवाल सरकार निकम्मी है। सरकार के कुप्रबंधन की वजह से दिल्ली के लोगों को पानी के संकट का



सामना करना पड़ रहा है। बीजेपी का कहना है कि केजरीवाल सरकार के निकम्मेपन की वजह से दिल्ली के लोग एक-एक बूंद पानी के लिए तरस रहे हैं। केजरीवाल सरकार को पता था कि हर साल गर्मी का मौसम आते ही दिल्ली में पानी की किल्लत होती है। हालांकि, हर साल इससे निपटने के लिए 'समर एक्शन प्लान' तैयार किया जाता है, लेकिन इस बार सरकार ने इस तरह का ऐसा कोई भी प्लान तैयार नहीं किया। पूरे साल सरकार शराब घोटाले के नाम पर राजनीति करती रही, जिससे स्पष्ट है कि इस सरकार को जनता के हितों से कोई लेना-देना नहीं है। आलम यह है कि दिल्ली के लोग एक-एक बूंद पानी के लिए तरस रहे हैं। उन्होंने कहा, दिल्ली सरकार अपनी गलती स्वीकार करने की जगह हरियाणा पर पानी ना देने का आरोप लगा रही है, जबकि सच्चाई यह है कि हरियाणा की ओर से दिल्ली के लिए पर्याप्त मात्रा में पानी दिया जा रहा है। मगर दिल्ली सरकार वाटर टैंकर माफिया को पानी उपलब्ध करवा रही है। ऐसा कर वो अपने लिए आर्थिक मुनाफा प्राप्त कर रही है। बीते दिनों बीजेपी ने दिल्ली जल बोर्ड पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाया था। बीजेपी का कहना था कि दिल्ली सरकार के संरक्षण में जल बोर्ड में घोटाला हुआ है। जनता के हितों को ताक पर रखते हुए निजी टैंकर माफियाओं को आर्थिक मोर्चे पर दिल्ली सरकार फायदा पहुंचाने का प्रयास कर रही है।

## कोलकाता से लापता बांग्लादेशी नागरिक का तीन दिन बाद भी सुराग नहीं

एजेंसी

**कोलकाता।** कोलकाता के एक होटल से लापता हुए एक बांग्लादेशी नागरिक का तीन दिन बाद भी कोई सुराग नहीं लग पाया है। पुलिस ने शनिवार को बताया कि इलाज के लिए भारत आया बांग्लादेशी व्यक्ति कोलकाता के एक होटल से लापता होने के तीन दिन बाद भी अभी तक नहीं मिला है।

उन्होंने बताया कि बांग्लादेश के पबना जिले के पबना सदर उपजिला के हेमायतपुर निवासी मोहम्मद दिलवर हुसैन (23) को आखिरी बार बुधवार को देखा गया था। उन्होंने बताया कि उसके परिवार ने पार्क स्ट्रीट पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई, जिसके बाद उसकी तलाश शुरू की गई है। पुलिस अधिकारी ने बताया, सीसीटीवी फुटेज में वह मैदान इलाके में आराम से घूमता हुआ दिखाई दे रहा था। उसके बाद उसे नहीं देखा जा सका। हम हर




जगह उसकी तलाश कर रहे हैं। आस-पास के शहरों की पुलिस को भी सूचित कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि हुसैन अपने परिवार के साथ पिछले सप्ताह कोलकाता आया था।

## कैबिनेट मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने दी निःशुल्क एंबुलेंस की सौगात

### कहा -बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं जनता का अधिकार

एजेंसी

**जयपुर।** राजस्थान सरकार में कैबिनेट मंत्री एवं झोटवाड़ा के लोकप्रिय विधायक कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ झोटवाड़ा के मरीजों को निःशुल्क एंबुलेंस की सुविधा देने जा रहे हैं। आज इसी के तहत कैबिनेट मंत्री ने स्वास्थ्य विभाग के डॉक्टरों की उपस्थिति में एंबुलेस वाहन का निरीक्षण किया।

इस दौरान चिकित्सकों को एंबुलेंस में हर तरह के जीवन रक्षक उपकरणों की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। कर्नल राज्यवर्धन ने कहा कि बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं क्षेत्र की आम जनता का अधिकार है। दुर्घटना या आपातकाल के समय मरीज की जान बचाने के लिए शीघ्र से शीघ्र




जरूरी उपकरणों के साथ अस्पताल पहुंचाना आवश्यक है। आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में आमजनों को आज बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिल रही है। उन्हीं से प्रेरणा लेकर झोटवाड़ा क्षेत्र के लोगों के लिए निःशुल्क एंबुलेंस की सुविधा आरंभ होने जा रही है।

## अवैध रेत खनन के मामले में सीबीआई ने राजस्थान के दस प्रमुख शहरों में की छापेमारी

एजेंसी

**जयपुर।** अवैध रेत खनन के मामले में सीबीआई ने जयपुर, जोधपुर और बीकानेर समेत राजस्थान के 10 प्रमुख शहरों में छापेमारी की। तलाशी के दौरान केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने 20 लाख रुपये नकद और एक देशी पिस्तौल बरामद की है।

सीबीआई के अधिकृत सूत्रों के मुताबिक आज शनिवार (22 जून) की सुबह इन शहरों में तलाशी अभियान शुरू किया था, वह अभी भी जारी है। सीबीआई द्वारा अवैध रेत खनन का मामला हाथ में लेने के बाद यह उसकी दूसरी छापेमारी है। इसके पहले सीबीआई ने बजरी माफियाओं पर कार्रवाई के तहत बूंदी में छापेमारी की थी। उल्लेखनीय है कि उच्च न्यायालय ने चंबल और बनास नदियों के आस-पास क्षेत्र में अवैध




रेत खनन मामले में छापेमारी के लिए सीबीआई को दिशा निर्देश दिया है। यह कार्रवाई उसी का हिस्सा है। सीबीआई ने अवैध रेत खनन मामले में माफियाओं के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई कर रही है। सीबीआई स्थानीय पुलिस से भी सहयोग ले रही है।

## बिहार के सीवान जिले में गंडक नहर पर बना 30 फीट लंबा पुल गिरा

एजेंसी

**पटना।** बिहार में सीवान जिले के महाराजगंज अनुमंडल के पढ़ेरा और गरौली गांव के बीच शनिवार को गंडक नहर पर बना 30 फीट लंबा पुल भरभराकर गिर गया। पहले पुल का एक पिलर धंसा और फिर पूरा पुल नहर में समा गया। पुल गिरने से आई तेज आवाज से इलाके में हड़कंप मच गया।

घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। पुल के गिरने का वीडियो भी तेजी से वायरल हो रहा है।गंडक नहर पर बना यह पुल काफी पुराना था। पिछले वर्ष नहर का निर्माण कराया गया था लेकिन



नहर बनाने में लापरवाही बरती गई, जिसके कारण पानी के तेज बहाव से पुल के पिलर से मिट्टी का कटाव होने लगा।

इससे पुल का पिलर धंसने लगा और कुछ ही मिनटों में पुल धड़ाम से गिर गया। पुल ध्वस्त होने से आवागमन पूरी तरह से बंद हो गया। गंडक नहर पर बना यह पुल महाराजगंज प्रखंड के पटेढी बाजार और दरौंदा प्रखंड के रामगढ़ पंचायत को जोड़ता था। इस पुल के सहारे हजारों लोग इस पार से उस पार जाते थे लेकिन अब लोगों को पास के गांव में जाने के लिए भी काफी लंबी दूरी तय करनी पड़ेगी।

# कर्नाटक के गृह मंत्री ने कहा, प्रज्वल रेवन्ना के भाई के खिलाफ शिकायत दर्ज हुई तो होगी कार्रवाई

एजेंसी

**बेंगलुरु ।** कर्नाटक के गृह मंत्री जी. परमेश्वर ने शनिवार को कहा कि यदि जनता दल (एस) के विधान पार्षद सूरज रेवन्ना के खिलाफ यौन उत्पीड़न मामले में शिकायत मिली तो पुलिस कानूनी कार्रवाई करेगी।

सूरज रेवन्ना पूर्व प्रधानमंत्री एच.डी. देवेगौड़ा के पोते और सेक्स वीडियो कांड के मुख्य आरोपी प्रज्वल रेवन्ना के भाई हैं। परमेश्वर ने यहां संवाददाताओं से कहा कि पुलिस को अब तक सूरज रेवन्ना के खिलाफ कोई शिकायत नहीं मिली है। उन्होंने कहा, मुझे मीडिया के जरिये इसके बारे में जानकारी मिली।

जब उनसे डीजीपी को भेजी गई याचिका में शिकायत के बारे में पूछा गया तो उन्होंने स्पष्ट किया कि अब तक कोई आधिकारिक शिकायत दर्ज नहीं कराई गई है। केंद्र सरकार में खाद्य एवं उपभोक्ता मामलों के मंत्री प्रल्हाद जोशी ने मामले पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि घटना की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। उन्होंने कहा, ÷चाहे कोई भी व्यक्ति हो, यदि उसने गलती की है तो उसे सजा मिलनी चाहिए। चाहे वह प्रज्वल रेवन्ना हो या सूरज रेवन्ना, यदि उसने गलती की है



तो उसे सजा मिलेगी। सूरज रेवन्ना के चाचा और केंद्रीय भारी उद्योग एवं इस्पात मंत्री एच.डी. कुमारस्वामी ने इस बारे में पूछे जाने पर नाराजगी जाहिर करते हुए मामले में कुछ भी बोलने से इनकार कर दिया।

उन्होंने बेंगलुरु हवाई अड्डे पर संवाददाताओं से कहा, आप राज्य से जुड़े मुद्दों पर बात कीजिए। मुझे इस मामले में प्रतिक्रिया देने की जरूरत नहीं है, कानून अपना काम करेगा। आने वाले समय में पता चल जाएगा कि इन शिकायतों को दर्ज कराने के पीछे असली मकसद क्या है। जद(एस) के वरिष्ठ नेता बनदेप्पा काशेमपुर ने कहा कि यह मायने नहीं रखता कि गलती करने वाला कौन है, कानून उन्हें सजा देगा। उन्होंने कहा कि पार्टी ने प्रज्वल रेवन्ना के खिलाफ कार्रवाई की है। प्रज्वल रेवन्ना के वीडियो लोकसभा चुनाव से पहले सामने आये थे। अब वे सूरज रेवन्ना पर आरोप लगा रहे हैं। राज्य के स्वास्थ्य मंत्री दिनेश गुंडू राव ने कहा कि देश में एक कानून है और मामले में कानून के अनुरूप कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा, मैं मीडिया रिपोर्टों के आधार पर मामले में कोई प्रतिक्रिया नहीं दे सकता।

इस बीच, कर्नाटक पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ सूरज रेवन्ना पर ÷यौन उत्पीड़न के झूठे आरोप÷ लगाने के लिए दो लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। हासन जिले के अरकलागुडु के एक पुरुष जद(एस) कार्यकर्ता ने उन पर यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया है। सूरज रेवन्ना के सहयोगी शिवकुमार ने तथाकथित पीड़ित और उसके एक रिश्तेदार के खिलाफ होलेनरसीपुरा थाने में एफआईआर दर्ज कराई है। एफआईआर में कहा गया है कि पांच करोड़ रुपये की जबरन वसूली के प्रयास में विफल रहने के बाद सूरज रेवन्ना पर आरोप लगाया गया है।

# बीजेपी शासित राज में ही पेपर लीक हो रहे हैं : तेजस्वी यादव

एजेंसी

**पटना।** एंटी पेपर लीक लॉ को लेकर नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने कहा कि अभी देखना पड़ेगा कि उस लॉ के अंदर क्या है ? लेकिन आप देखिएगा जहां भी बीजेपी शासित राज है वहां पेपर लीक होते रहा है । हम लोग के सत्ता के बाहर जाने के बाद भी शिक्षा विभाग से जो शिक्षकों की तीसरा जो चरणवध निकलना था उसको रद्द किया गया क्योंकि पेपर लीक हो गया ।

उन्होंने कहा कि पेपर लीक करने वाला अभी भी घूम रहा है । बाहर ही बाहर जमानत करवाकर आ गए। इन लोगों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हुई। इनका मुखिया संजीव है। हमारी जांच एजेंसियों से अपील है कि संजीव मुखिया की जांच करें। सरकार से अपील करते हैं कि इसकी जांच कराए।

उन्होंने चेतावनी दी है कि अगर निष्पक्ष जांच नहीं की गई तो हमारे पास नेताओं और पेपर लीक माफियाओं की तस्वीरें हैं, जिनको सार्वजनिक करना पड़ सकता है। बेहतर है कि जांच एजेंसी जो है निष्पक्षता से जांच करें। कोई चीज छिपने वाली नहीं है। तेजस्वी ने कहा



कि पहले तो वह लोग मान ही नहीं रहे थे कि पेपर लीक हुआ है । उनके लिए कौन सा लॉ लाया जाए । यह बताना पड़ेगा ना । धर्मेंद्र प्रधान वरिष्ठ नेता हैं भाजपा के बहुत ही अनुभवी नेता हैं वह मानते ही नहीं थे कि पेपर लीक हुआ है । उनके लिए भी लॉ लाया जाए। देश में पुल गिर रहे हैं, पेपर लीक हो रहे हैं, ट्रेन हादसे हो रहे हैं। किस पर कार्रवाई हो रही है। कौन पकड़ा जा रहा है। ये लोग घूम फिरकर तेजस्वी और लालूजी को गाली देते हैं। तेजस्वी यादव ने अपनी यात्रा पर कहा कि 15 अगस्त के बाद हम लोग कार्यक्रम बना करके जनता के बीच में जाएंगे । जब से सरकार गई है । हम लोगों ने विधानसभा में भाषण दिया कि नीतीश कुमार ने हमें वनवास नहीं जनता के बीच में भेजा है । तब से लगातार हमने यात्राएं की हैं । अब फिर से 15 अगस्त के बाद लगातार जनता के बीच मिलेंगे ।

## केंद्रीय वन मंत्री भूपेंद्र बोले- आग की पुनरावृत्ति रोकने के लिए बनाएं मजबूत व्यवस्था

एजेंसी

**देहरादून।** केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु मंत्री भूपेंद्र यादव ने देश भर में जंगलों में लगने वाली आग के प्रबंधन और नियंत्रण की समीक्षा के लिए देहरादून के भारतीय वन सर्वेक्षण में समीक्षा बैठक की। केंद्रीय मंत्री ने देश में जंगलों की आग की वर्तमान स्थिति और इस पर नियंत्रण की समीक्षा की। जनभागीदारी के माध्यम से इस पर नियंत्रण के लिए ठोस रणनीति तैयार करने पर जोर दिया। उन्होंने देश में जंगलों की आग की चेतावनी प्रणाली की स्थिति की भी समीक्षा की। इस बात पर बल दिया कि प्रत्येक वर्ष लगातार आग लगने वाले क्षेत्रों को उच्च प्राथमिकता दी जानी चाहिए और राज्यों को उनसे निपटने के लिए उपयुक्त उपाय खोजने चाहिए। अग्रिम चेतावनी प्रणाली को मजबूत करने और जंगल की आग से निपटने वाले अग्रिम पंक्ति के कर्मचारियों को सुरक्षात्मक उपकरण प्रदान करने पर भी विचार-विमर्श किया।

बैठक में वन महानिदेशक एवं विशेष सचिव (डीजीएफ एंड एसएस), मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी, प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख (पीसीसीएफ) उत्तराखंड समेत भारतीय वन सर्वेक्षण के महानिदेशक, भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद (आईसीएफआरई) के महानिदेशक, वन अनुसंधान संस्थान (एफआरआई) के निदेशक आदि थे।

# रिश्वत लेते आगरा प्रधान डाकघर के वरिष्ठ पोस्ट मास्टर और जनसंपर्क निरीक्षक गिरफ़्तार

**आगरा।** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने आगरा स्थित प्रधान डाकघर के सीनियर पोस्ट मास्टर और जनसंपर्क निरीक्षक को रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया है। इन पर रिश्वत के तौर पर 20 हजार रुपये की पहली किस्त लेने का आरोप है। सीबीआई ने दोनों आरोपितों के आगरा और मथुरा स्थित आवासीय परिसरों की तलाशी ली, जहां से कुछ आपत्तिजनक दस्तावेज भी बरामद हुए हैं। सीबीआई के सूचना अधिकारी ने आज शनिवार (22 जून) को यह जानकारी दी । सीबीआई के मुताबिक एक शिकायतकर्ता की शिकायत पर 21 जून 2024 को सीनियर पोस्ट मास्टर देवेंद्र कुमार और जनसंपर्क निरीक्षक राजीव दूबे के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया। सीबीआई का आरोप है कि प्रधान डाकघर आगरा में तैनात शिकायतकर्ता को हाल ही में वरिष्ठ अधीक्षक के आदेश पर 25 अप्रैल को फोर्ट प्रधान कार्यालय आगरा में स्थानांतरित कर दिया गया। जबकि, कथित तौर पर शिकायतकर्ता के खिलाफ एक विभागीय कार्यवाही भी लंबित थी। सीबीआई प्रवक्ता ने बताया कि शिकायतकर्ता के खिलाफ लंबित विभागीय कार्यवाही में अनुकूल रिपोर्ट व निर्णय देने के




साथ साथ उसे अपने नए पद स्थान पर कार्यभार ग्रहण कराने के एवज में आरोपितों द्वारा रिश्वत के तौर पर 1 लाख रुपये की मांग की गई थी। बाद में आरोपितों ने रिश्वत की राशि को घटाकर 50,000/- रुपये कर दी। सीबीआई के मुताबिक ट्रैप कार्रवाई के दौरान सीनियर पोस्ट मास्टर ने शिकायतकर्ता को रिश्वत के तौर मांगी गई 50 हजार रुपये में से पहली किश्त के तौर 20 हजार रुपये जनसंपर्क निरीक्षक को सौंपने का निर्देश दिया। इस निर्देश पर शिकायतकर्ता ने रिश्वत की यह रकम सह-आरोपित जनसंपर्क निरीक्षक को सौंप दी।

आगे की ट्रैप कार्रवाई के दौरान जब यह रकम जनसंपर्क निरीक्षक द्वारा आरोपित सीनियर पोस्ट मास्टर को दी जा रही थी, उसी समय सीबीआई की टीम ने दोनों आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया। मामले की जांच जारी है।




# मुंह के छालों से राहत पाने के लिए अपनाएं ये 4 नुस्खें

**आजकल मुंह में छाले होना एक आम समस्या हो गई है। पुरूषों के मुकाबले यह समस्या ज्यादातर महिलाओं में अधिक होती है। इसका मुख्य कारण उनके हारमोन्स में अधिक उतार-चढाव आना है। यह छाले अपने आप ही कुछ दिनों में ठीक हो जाते हैं। इनके निकलने के कई कारण हो सकते हैं।**

पेट के साफ न होने और खाना खाते समय अचानक दांतों से मुंह के अंदर की झिल्ली के कट जाने से छाले हो जाते हैं। मासिक धर्म या मेनापॉज के सामय हारमोन्स में बदलाव तथा वायरस, बैक्टीरिया या फंगस संक्रमण से निकल सकते हैं। इसके अन्य कारणें में शरीर की रोग-प्रतिरोधक क्षमता कम होना, एलर्जी होना भोजन में विटामिन सी और बी12 की कमी होना आदि शामिल हैं। कुछ दवाओं के साइड इफेक्ट के रूप में भी मुंह में छाले निकल सकते हैं।

### बचाव के उपाय

- खाना धीरे-धरी चबा-चबा कर खाएं। खाते समय बात न करें, ताकि दांतों से मुंह के अंदर की परत को नुकसान न पहुंचे।
- नींबू को आधा काटें, इसे छाले पर लगाएं, इससे थोडी जलन तो होगी, परंतु यह सुन्न हो जाएगा, जो अच्छा है। आखिर में थोडा शहद छाले पर लगाएं।
- शरीर की सफाई, संतुलित भोजन और पीने के साफ पानी पर भी विशेष ध्यान देना जरूरी है।
- कुछ दिनों तक लगातार विटामिन सी और विटामिन बी12 की गोलियां खाएं।
- माउथवाश का प्रयोग करें-कई बार कुल्ला करने से यह आपके मुख में बढने वाले जीवाणुओं को साफ करता है और इसके साथ-साथ कई मामलों में छाले में दर्द से राहत देता है। किसी बिना नुस्खा घोल का उपयोग करें, कोई भी माउथवाश इस प्रयोजन के लिए कार्यकारी है। सुबह और शाम कुल्ला करें और हो सके तो दिन के खाने के बाद भी कुल्ला करें।



# स्टेरॉयड इन्हेलर्स का उपयोग रोकने से अस्थमा के बिगड़ने का खतरा

मौजूदा महामारी में सेहत व स्वास्थ्य को महत्व देना होगा। यह खासकर तब बहुत जरूरी है, जब आपकी प्रतिरक्षा प्रणाली कमजोर है या फिर आपको किसी बीमारी का इतिहास है। अस्थमा इन्हीं में से एक है। अस्थमा बिगड़ने का मुख्य कारण श्वास की नली में वायरल संक्रमण होना है। अस्थमा के जोखिम वाले लोगों या फिर मौजूदा अस्थमा पीड़ितों के लिए सांस की नली में वायरल संक्रमण बहुत घातक हो सकते हैं। एक अनुमान के अनुसार सामान्य या फिर गंभीर अस्थमा के मरीजों को बीमारी के और ज्यादा गंभीर होने का खतरा ज्यादा होता है। भारत में लगभग 93 करोड़ लोग सांस की क्रोनिक समस्या से पीड़ित हैं। इनमें से लगभग 37 करोड़ एस्थमेटिक हैं। अस्थमा के वैश्विक भार में भारत का हिस्सा केवल 11.1 प्रतिशत है, जबकि विश्व में अस्थमा से होने वाली मौतों में भारत का हिस्सा 42 प्रतिशत है, जिस वजह से भारत दुनिया की अस्थमा कैपिटल बन गया है। अस्थमा पर सांस के वायरस के प्रभाव के चलते यह बहुत आवश्यक हो गया है कि मौजूदा समय में अस्थमा पीड़ित बहुत ज्यादा सावधानी बरतें। वायरस निर्मित समस्याओं की रोकथाम के लिए अस्थमा को अच्छी तरह से नियंत्रित करना बहुत आवश्यक है।'' मौजूदा समय में किसी बीमारी के उपचार के लिए आपातकालीन विभाग या अत्यावश्यक इलाज के लिए जाना पड़ता है ,जहां पर मरीज को किसी संक्रमित व्यक्ति के संपर्क में आने का जोखिम भी ज्यादा होता है। अस्थमा पीड़ितों को कभी भी अपने कॉर्टिकोस्टेरॉयड इन्हेलर तब तक लेना बंद नहीं करना चाहिए, जब तक कोई मेडिकल प्रोफेशनल उनसे ऐसा करने को न कहे। स्टेरॉयड इन्हेलर का प्रयोग बंद करने से मरीज को संक्रमण का ज्यादा खतरा हो जाएगा क्योंकि इससे अस्थमा का नियंत्रण खराब हो जाता है।'' यदि अस्थमा नियंत्रण में है, तो हॉस्पिटल के क्लिनिक जाने से बचें। आप टेलीफोन पर अपने डॉक्टर से संपर्क कर सकते हैं और उन्हें अपनी प्रगति के बारे में बता सकते हैं। एस्थमेटिक मरीजों को बिना योजना के क्लिनिक नहीं जाना चाहिए। सामान्य से गंभीर अस्थमा से पीड़ित लोगों को वायरल संक्रमण से बहुत ज्यादा बीमारी पड़ने का खतरा रहता है। ये संक्रमण आपकी सांस की नली ( नाक, गला, फेफड़ों ) को प्रभावित करते हैं, अस्थमा का अटैक लाते हैं और इनकी वजह से निमोनिया या एक्यूट रेस्पिरेटरी डिजीज हो सकती है। एक्यूट लक्षणों से आराम के लिए स्पेसर के साथ एमडीआई का उपयोग किया जा सकता है। नेबुलाईजर्स का उपयोग करने से बचें क्योंकि उनमें वायरल संक्रमण फैलने का खतरा बहुत ज्यादा होता है। नेबुलाईजर्स एयरोसोल्स बनाते हैं, जो संक्रमित ड्रॉपलेट्स को कई मीटर तक फैला सकते हैं। आपका डॉक्टर आपको इन विधियों के बारे में परामर्श देगा। सुनिश्चित करें कि आपके पास नॉन-प्रेस्क्रिप्शन दवाईयों एवं सप्लाई का 30 दिनों का स्टॉक हो, ताकि यदि लंबे समय तक आपको घर में रहने की जरूरत पड़े, तो आपको कोई परेशानी न हो।



# कई गुणों से भरपूर है नारियल तेल

**नारियल तेल के इस्तेमाल के कई फायदे हैं। कई गुणों से भरपूर यह तेल स्वास्थ्यपरक फायदों के लिए पीढियों से इस्तेमाल में लाया जा रहा है।**

- नारियल तेल त्वचा के लिए नैचुरल मॉइश्चराइजर का काम करता है, यह मृत त्वचा को हटाकर रंग निखारता है, चूंकि इसका कोई साइड इफेक्ट नहीं है, तो इसका इस्तेमाल त्वचा रोग, डर्मेटाइटिस, एक्जिमा और स्किन बर्न में किया जा सकता है। नारियल तेल स्ट्रेच माक्र्स हटाने में भी मदद करता है और होंठ को फटने से बचाने के लिए भी इसे नियमित रूप से होंठ पर लगाया जा सकता है।
- नारियल तेल बालों को घना, लंबा और चमकदार बनाने में काफी मददगार साबति होता है। सिर का मसाज सिर्फ पांच मिनट नारियल तेल से करने से न सिर्फ रक्त संचार में वृद्धि होती है, बल्कि खो चुके पोषक तत्वों की भी भरपाई करता है, नियमित रूप से नारियल तेल से मसाज करने से बालों में रूसी नहीं होता है।
- नारियल तेल को मुंह में करीब 20 मिनट तक रखने के बाद थूक देने से मुंह के कीटाणु और मसूड़ों की समस्याएं दूर होती है। स्वस्थ मसूड़ों के लिए सप्ताह में कम से कम तीन बार ऐसा करें।
- आयुर्वेद में पित्त वृद्धि के कारण नारियल तेल का इस्तेमाल गठिया, जोड़ों के दर्द को कम करने के लिए किया जाता है। यह हड्डियों में कैल्शियम और मैग्नीशियम अवशोषित करने की क्षमता में सुधार करता है।
- नारियल तेल के इस्तेमाल से वजन भी कम किया जा सकता है। ताजे नारियल से निकाले गए तेल में अन्य नारियल तेलों की अपेक्षा ज्यादा मीडियम चेन फैटी एसिड्स ( 70-85 प्रतिशत ) होता है। मीडियम चेन फैटी एसिड्स आसानी से ऑक्सीडाइज्ड लिपिड्स होते हैं और एडीपोज ऊतक में संग्रहित नहीं होते हैं। इस प्रकार, मुख्य रूप से मीडियम चेन फैटी एसिड युक्त नारियल का तेल वजन घटाने में मददगार साबित होता है।
- नारियल तेल लॉरिक एसिड और कैप्रिक एसिड की तरह एंटीमाइक्रोबियल लिपिड का एक समृद्ध स्रोत होता है, जो एंटीफंगल और जीवाणुरोधी होते हैं।
- खाना पकाने में नारियल का तेल ज्यादा अच्छा रहता है। इसका तेल ऑक्सीकरण के प्रति कम असुरक्षित होता है, जो इसे खाना पकाने के लिए सबसे सुरक्षित बनाता है।



# औषधीय गुणों से भरपूर है लहसुन

औषधीय गुणों से भरपूर लहसुन सिर्फ खाने में स्वाद ही नहीं बढाता बल्कि आपके स्वास्थ्य के लिए बहुत फायदेमंद है और वैसे भी भारतीय रसोईघर में लहसुन से मिल जायेगा। इसमें विटामिन, प्रोटीन, खनिज, लवण और फॉस्फोरस, आयरन व विटामिन ए, बी व सी भरपूर मात्रा में पाए जाते हैं। तो आज लहसुन के कुछ स्वास्थ्य संबंधी गुणों के बारें में जानते हैं. लहसुन बैक्टिरीअल और वायरल संक्रमण को रोकने में बहुत कारगार साबित होता है। यह फंगस, यीस्ट और कीडा से इन्फेक्शन को रोकने में मदद करता है। लहसुन कानों में दर्द हो, तो लहुसन के तेल को गर्म करके दो बूंदें रोजाना दो बार 5 दिनों तक कानों में डालें। लहसुन में मौजूद जर्मेनियम, सेलेनियम और सल्फर तत्व दर्द उत्पन्न करने वाले बैक्टीरिया को खत्म करने में सक्षम हैं। लहसुन का तेल तैयार करने के लिए लहसुन की 3 कलियों को कूटकर आधा कप ऑलिव ऑयल तेल में मिलाकर धीमी आंच पर 2 मिनट के लिए पकाएं। छालनकर 2 हफ्तों तक फ्रिज में रखें इस्तेमाल में लाने से पहले हल्का-सा गर्म कर लें। लहसुन खाने से जुकाम नहीं होता है। साथ ही इसमें एन्टीबैक्टिरीअल गुण गले के दर्द से राहत दिलाता हैं। अगर आप अपने बढते मोटापे से परेशान है तो अपनाएं ये लहसुन की दो कलियां को अच्छे से भून लें और फिर उसमें जीरा सैंधा नमक मिलाकर चूर्ण बना लें। इसको आप रोजाना खाली पेट गर्म पानी से लें। कुछ ही दिनों में मोटापा कम हो जाएगा।





# स्वस्थ बनाने के साथ सुंदरता भी बढ़ाती है चीनी


**इस भाग-दौड भरी जिन्दगी में हर किसी के कंधों पर काम की जिम्मेदारी इतनी अधिक हो जाती है। कि यह टेंशन कभी-कभी डिप्रेशन का विक्राल रूप धारण कर लेती है जिससे व्यक्ति के सोचने समझने की शक्ति खत्म हो जाती है। लेकिन अब परेशान होने की जरूरत नही है और ना ही डिप्रेशन से बचने के लिए ढेर सारी दवाइयाँ खाने की जरूरत है। आपको जानकर ताज्जुब हो कि सिर्फ चीनी खाने से ही आपको डिप्रेशन से राहत मिल सकती है।**

चीनी का प्रयोग फिकेपन को दूर करने को किया जाता है। जब भी आपको शरीर में थकावट या लो महसूस हो तो शुगर से बने पदार्थों का सेवन करें। यह शरीर में शुगर के लेवल को ठीक कर नई ऊर्जा देता है। जैसे फूरड कस्टर्ड, जूस का एक ग्लास, केक का एक टुकडा वगैहर खा कर आप पहले से ज्यादा तरोताजा फील कर सकते हैं।

### ब्यूटी बेनेफिट्स

**चीनी और नींबू** : अगर आप फेस पर कील-मुहांसों से परेशान है तो चीनी में नींबू की कुछ बूंदे मिला ले और इससे अपने चेहरे पर हल्के हाथों से स्क्रब करें। अगर आपकी त्वचा धूप की कारण त्वचा काली पड गई है तो 2 चम्मच कॉफी में 1 चम्मच चीनी मिला कर थोडा सा पानी मिलाएं फिर इस पेस्ट को अपने चेहरे को लगाएं। यकीन मानिये इससे आपको चेहरा साफ और ग्लोंइन हो जाएगा।

सन टैनिंग से परेशान है तो आप चीनी के साथ दही का पेस्ट बना लें फिर इसी पेस्ट से अपने चेहरे को स्क्रब करें, कुछ ही दिनों में सन टैनिंग से राहत मिलेगी।



# बारिश के मौसम में न करें इन फूड्स का सेवन

**बारिश के मौसम में कई बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है और इसीलिए इस दौरान हमें खाने-पीने से जुड़ी हुई चीजों पर भी ज्यादा ध्यान देना चाहिए। यहां पर आपको कुछ ऐसे ही फूड्स के बारे में बताया जा रहा है जिनका बारिश के दौरान सेवन करने से बचना चाहिए।**

बारिश के मौसम में न करें इन 5 फूड्स का सेवन होगा, नहीं तो पड़ जाएंगे बीमारबारिश के मौसम में हमें कई प्रकार के खाद्य पदार्थों का सेवन करने के दौरान विशेष सावधानी बरतनी पड़ती है। इसमें जरा-सी की गई लापरवाही हमारी सेहत के लिए कई समस्याएं भी खड़ी कर देती है। बारिश के मौसम में ज्यादातर लोगों को बीमार पड़ते हुए देखा जाता है क्योंकि गर्मी का मौसम खत्म होने के बाद से तापमान नीचे जाता है और तरह-तरह की स्वास्थ्य समस्याएं शुरू हो जाती हैं। बारिश के मौसम में सबसे ज्यादा नुकसान खाद्य पदार्थों से पहुंचता है और कई प्रकार के फूड्स का सेवन करना बीमारी की प्रमुख वजह भी बन जाता है। इसीलिए यहां पर कुछ ऐसे फूड्स के बारे में बताया जा रहा है जिनका सेवन बारिश के दौरान या फिर सावन के मौसम में आप नहीं करेंगे तो यह आपको बीमारियों से बचाए रखेगा। आपको इसका कारण भी बताया जाएगा कि क्यों इन फूड्स का सेवन नहीं करना चाहिए।

### पालक

पालक आपको बारिश के मौसम में भी बड़ी आसानी से मिल जाएगी लेकिन इसका सेवन ना करने की सलाह दी जाती है। इसके वैज्ञानिक कारण को अगर समझने की कोशिश करेंगे तो यह बेहद आसान है। दरअसल बारिश के मौसम में छोटे-छोटे कीटाणु वायरस और बैक्टीरिया जो आंखों से दिखाई भी नही देते हैं वह पालक के पत्तों में चिपके रहते हैं। इन कीटाणुओं को भगाने के लिए हानिकारक कीटनाशक का भी प्रयोग किया जाता है, जो कि सेहत के लिए नुकसानदायक साबित हो सकता है।

### बैंगन

बारिश के मौसम में कई लोगों के द्वारा बैंगन का चोखा बनाकर भी खाने के लिए इस्तेमाल किया जाता है, जबकि इसका सेवन करने से बचना चाहिए। दरअसल, बारिश के मौसम में बैंगन के अंदर छोटे-छोटे कीड़े पड़ना शुरू हो जाते हैं। यह कीड़े पेट दर्द और पेट से जुड़ी कई प्रकार की समस्याओं का प्रमुख कारण भी बन सकते हैं। यही वजह है कि सावन के मौसम में खासकर बैंगन का सेवन करने से बचना चाहिए।

### दूध

दूध सेहत के लिए बेहतरीन फायदे पहुंचाता है और हम कई प्रकार की गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं से भी बचे रहते हैं। बारिश के दिनों में दूध का सेवन न करने की सलाह देने के अलग-अलग कारण



बताए जाते हैं। मुख्य रूप से ध्यान देने वाली बात यह है कि बारिश के मौसम में जानवरों को खिलाया जाने वाला हरा चारा बैक्टीरिया और कीटाणुओं का घर बन जाता है। यह दूध की अच्छी क्वालिटी को भी प्रभावित करता है। इस कारण बारिश के दिनों में दूध का सेवन करने से पहले इसे खूब अच्छी तरह उबालना चाहिए। जितना कोशिश हो सके इस दौरान दूध का सेवन करने से बचे रहें और दूध से मिलने वाले पौष्टिक तत्वों की पूर्ति के लिए किसी अन्य फूड का सहारा लें।

### तले-भुने और स्ट्रीट फूड से करें परहेज

तली भुनी हुई चीजों और खासकर स्ट्रीट फूड का सेवन बारिश के दिनों में नही करना चाहिए। इनसे भी संक्रमण का खतरा ज्यादा रहता है। स्ट्रीट फूड का सेवन करने के कारण आप विभिन्न प्रकार की परेशानी से जूझ सकते हैं। खासकर यदि आप पानीपुरी का सेवन करते हैं तो पानीपुरी का दूषित पानी डायरिया या फिर लूज मोशन की समस्या खड़ी सकता है। इसलिए बारिश के दिनों में खाने पीने की चीजों में विशेष सावधानी जरूर बरतें।

### मांस और मछली

मांस और मछली मुख्य रूप से बारिश के दिनों में नहीं खाना चाहिए। सावन के महीने में खासकर इसका सेवन न करने की सलाह दी जाती है और इसका वैज्ञानिक कारण भी है। इस दौरान हवा में भी कई ऐसे हानिकारक बैक्टीरिया मौजूद रहते हैं जो मांस और मछलियों को दूषित कर देते हैं। इसके अलावा बारिश के दिनों में मछलियों के अंडे देने का वक्त होता है। अंडा एक विशेष प्रकार की फूड एलर्जी का भी गुण रखता है जो गले में इंफेक्शन हो सूजन का मुख्य कारण हो सकता है। इसलिए बारिश का सीजन खत्म होने तक नॉनवेज फूड का सेवन करने से बचें।



## टी-20 विश्व कपः वेस्टइंडीज टीम में चोटिल किंग के प्रतिस्थापन के रूप में मेयर्स को मिली मंजूरी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** बाएं हाथ के बल्लेबाज काइल मेयर्स को वेस्टइंडीज की 2024 टी20 विश्व कप टीम में चोटिल ब्रैंडन किंग के प्रतिस्थापन के रूप में आधिकारिक तौर पर मंजूरी दे दी गई है। आईसीसी ने देर रात उक्त जानकारी दी। किंग के साइड स्ट्रेन के कारण टूर्नामेंट के शेष भाग से बाहर होने के बाद मेयर्स, जिन्होंने 37 टी20 मैच खेले हैं, को प्रतिस्थापन के रूप में नामित किया गया था। किंग को बुधवार (19 जून) को इंग्लैंड के खिलाफ बल्लेबाजी करते समय चोट लगी और उन्हें 23 रन पर रिटायर होना पड़ा। वेस्टइंडीज ने यह मैच 8 विकेट से गंवा दिया। मेयर्स के शनिवार को टीम में शामिल होने की उम्मीद है, जो 23 जून को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मेजबान टीम के अंतिम सुपर 8 मैच से पहले है।

## राष्ट्रीय कैनो स्लालम चैम्पियनशिप में मप्र के खिलाड़ियों ने जीते 15 स्वर्ण समेत 16 पदक

**भोपाल।** कनार्टक के काली रिवर गणेश गुडी गांव में पहली बार 19 से 21 जून तक आयोजित सीनियर एवं जूनियर नेशनल राष्ट्रीय कैनो स्लालम चैंपियनशिप 2024 का समापन हुआ। प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश के खिलाड़ियों ने खेल का उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 15 स्वर्ण और 01 रजत पदक सहित कुल 16 पदक अर्जित कर प्रदेश को गौरवान्वित किया।



प्रतियोगिता में गोवा, महाराष्ट्र, राजस्थान, दिल्ली, कर्नाटक, मेघालय, आर्मी, केरल, गुजरात, चण्डीगढ़ राज्य के लगभग 150 खिलाड़ियों ने प्रतिभागिता की। इनमें मध्यप्रदेश की दो टीमें शामिल रहीं। प्रतियोगिता में सबसे ज्यादा पदकों के साथ मध्यप्रदेश ओवरऑल चैम्पियन बना। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने उनका उत्साहवर्धन करते हुए बधाई दी है। उन्होंने कहा कि विभाग द्वारा उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं और मप्र खेल संघ के अथक प्रयासों से मध्यप्रदेश ने यह सफलता प्राप्त की है।

## ओलंपिक से पहले चोट प्रबंधन पर मीराबाई चानू ने कहा- सबसे अच्छी तैयारी भी विफल हो सकती है, लेकिन मैं अपना सर्वश्रेष्ठ दूंगी

**नई दिल्ली।** मीराबाई चानू दो ओलंपिक पदक जीतने वाली पहली भारतीय भारोत्तोलक बनने से एक पदक दूर हैं। टोक्यो 2020 की रजत पदक विजेता का कहना है कि पेरिस ओलंपिक में सफलता इस बात पर निर्भर करेगी कि वह खुद को चोट से कितना बचा पाती हैं और तकनीकी बारीकियों को कैसे सुधार पाती हैं। उन्होंने कहा कि इस बार 49 किलोग्राम वर्ग में प्रतिस्पर्धा बहुत कठिन होने वाली है।



पटियाला में नेताजी सुभाष राष्ट्रीय खेल संस्थान में साई मीडिया से बातचीत में, पेरिस 2024 के लिए क्वालीफाई करने वाली एकमात्र भारतीय भारोत्तोलक मीराबाई ने कहा कि अब से लेकर 7 अगस्त तक, जिस दिन पेरिस में भारोत्तोलन प्रतियोगिता शुरू होगी, के बीच का समय मेरे शरीर की सभी मांसपेशियों को संभालने और स्नैच में कम से कम 90 किलोग्राम वजन उठाने की तकनीक में सुधार करने के लिए समर्पित होगा।

## पिछड़ने के बाद यूक्रेन ने की वापसी, स्लोवाकिया को हराकर अगले दौर में पहुंचने की संभावना बरकरार रखी

**नई दिल्ली।** रोमन यारेमचुक के गोल की बदौलत यूक्रेन ने शानदार वापसी करते हुए स्लोवाकिया को यूरोपीय चैंपियनशिप 2024 (यूरो कप) फुटबॉल टूर्नामेंट के मुकाबले में 2-1 से हराया। यूक्रेन की टीम इस मुकाबले में एक गोल से पिछड़ रही थी, लेकिन यारेमचुक ने दमदार प्रदर्शन करते हुए यूक्रेन को जीत दिलाई जिसके दम पर उसने खुद को अगले दौर में पहुंचने की दौड़ में बरकरार रखा है। यूक्रेन की यह 2024 में चार प्रतिस्पर्धी मैचों में वापसी करते हुए तीसरी जीत है। रोमानिया से मिली 0-3 की हार के कारण खराब गोल अंतर से यूक्रेन नाजुक स्थिति में था और एक और हार उसे बाहर होने की कगार पर भेज सकती थी। तेज बारिश में खेलते हुए स्लोवाकिया ने 17वें मिनट में इवान शरांज के हेडर से किए गए गोल से बढ़त बना ली थी। हालांकि, यूक्रेन ने मायकोला शापारेंको के 54वें मिनट में किए गए गोल से स्कोर 1-1 बराबर कर दिया। यह शापारेंको का टूर्नामेंट में पहला गोल था। इसके बाद स्थानापन्न खिलाड़ी के तौर पर उतरे यारेमचुक ने 80वें मिनट में विजयी गोल दागा।

# वेस्टइंडीज 55 गेंद रहते जीता, इंग्लैंड से बेहतर हुआ नेट रन रेट, अमेरिका की राह हुई मुश्किल

एजेंसी

**सैन फ्रांसिस्को।** वेस्टइंडीज ने शनिवार को अमेरिका के खिलाफ नौ विकेट से जीत हासिल कर सेमीफाइनल में पहुंचने की अपनी उम्मीदों को बरकरार रखा। अब वेस्टइंडीज की टीम अपना तीसरा मैच दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 24 जून को खेलेगी। पिछले मैच में विंडीज टीम को इंग्लैंड के खिलाफ करारी हार मिली थी। वहीं, अमेरिका के सेमीफाइनल में पहुंचने की राह अब मुश्किल है। वेस्टइंडीज के लिए खास बात यह है कि उसने अमेरिका को 10.5 ओवर में हरा दिया। यानी 55 गेंद रहते टीम जीती है। उनका नेट रन रेट दक्षिण अफ्रीका और इंग्लैंड से बेहतर हो गया है।

हालांकि, दक्षिण अफ्रीका के चार अंक हैं और वह सुपर-8 ग्रुप-2 में शीर्ष पर है, जबकि वेस्टइंडीज की टीम दूसरे स्थान पर आ गई है। इंग्लैंड तीसरे स्थान पर है। उसे द. अफ्रीका से हार का सामना करना पड़ा था। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए अमेरिका की टीम 19.5 ओवर में 128 रन पर सिमट गई थी। जवाब में वेस्टइंडीज ने 10.5 ओवर में एक विकेट गंवाकर लक्ष्य हासिल कर लिया।





**अमेरिका की पारी**

टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी अमेरिका ने 19.5 ओवर में 10 विकेट पर 128 रन बनाए। जवाब में वेस्टइंडीज ने 10.5 ओवर में शाई होप की 82 रनों की नाबाद पारी के बदौलत एक विकेट पर 130 रन बनाए और नौ विकेट से मुकाबला अपने नाम कर लिया। वेस्टइंडीज को अपना अगला मैच दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ खेलना है। अगर इस मैच में टीम को जीत मिलती है तो वह अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंच जाएगी और सेमीफाइनल में जगह बना लेगी।

**वेस्टइंडीज की पारी**

129 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी वेस्टइंडीज की शुरुआत शानदार हुई। शाई होप और जॉनसन चार्ल्स के बीच पहले विकेट के लिए 67 रनों की साझेदारी हुई। हरमीत सिंह ने सातवें ओवर की आखिरी गेंद पर चार्ल्स को मिलिंद कुमार के हाथों कैच कराया। वह सिर्फ 15 रन बना सके। इसके बाद मोर्चा निकोलस पूरन ने संभाला। उन्होंने सलामी बल्लेबाज के साथ टीम को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई। दोनों के बीच 63 रनों की नाबाद साझेदारी हुई। पूरन ने 12 गेंदों पर एक चौके और तीन छक्के की मदद से 27 रन बनाए। वहीं, होप ने तूफानी प्रदर्शनक किया। उन्होंने चार चौके और आठ छक्कों की मदद से 82 रन बनाए। इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट 210.25 का रहा।

## सर विवियन रिचर्ड्स स्टेडियम की पिच स्पिनरों की मदद कर सकती है: विक्रम राठौर

एजेंसी

**एंटीगुआ।** टी 20 विश्व कप 2024 के सुपर फोर में बांग्लादेश के खिलाफ अपनी टीम के मुकाबले से पहले, भारत के बल्लेबाजी कोच विक्रम राठौर ने कहा कि सर विवियन रिचर्ड्स स्टेडियम की पिच स्पिनरों की मदद कर सकती है। भारत इस मैच में अपने पिछले सुपर आठ मुकाबले में अफगानिस्तान को 47 रनों से हराने के बाद उतरेगा। दूसरी ओर, बांग्लादेश ने अपने पहले सुपर आठ मैच में 28 रनों से हार का सामना किया।

प्री-मैच प्रेस कॉन्फ्रेंस में राठौर ने कहा कि बांग्लादेश के खिलाड़ी कुछ परिस्थितियों में अच्छे हैं। भारत के बल्लेबाजी कोच ने स्वीकार किया कि नॉर्थ साउंड की परिस्थितियाँ टाइगर्स के लिए थोड़ी अनुकूल होंगी। उन्होंने कहा कि टी20 प्रारूप में हर टीम कठिन होती है। राठौर ने कहा, वे एक अच्छी टीम हैं। उनके पास कई ऐसे खिलाड़ी हैं जो स्पिन गेंदबाजी कर सकते हैं और कुछ परिस्थितियों में वे अच्छे हैं। और मुझे लगता है कि ये परिस्थितियां एक टीम के तौर पर उनके लिए कुछ हद तक अनुकूल हैं, क्योंकि विकेट स्पिनरों के लिए थोड़ी मददगार है और उनकी टीम में स्पिनर हैं। लेकिन फिर से, इस प्रारूप में, मुझे लगता है कि हर टीम एक कठिन टीम है। राठौर ने कहा कि उन्हें शनिवार को सर विवियन रिचर्ड्स स्टेडियम में अच्छी पिच की उम्मीद है। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि हम पहले ही न्यूयॉर्क में सबसे खराब परिस्थितियों में खेल चुके हैं, इसलिए उसके बाद जो भी हो रहा है, वह अच्छा ही लग रहा है। आज भी बहुत अच्छा लगा। इसलिए, मुझे उम्मीद है कि विकेट बेहतर होंगे। मेरा मतलब है कि यह न्यूयॉर्क के मुकाबले हमारे लिए उतना चुनौतीपूर्ण नहीं होगा। और फिर, मुझे लगता है कि हम एक टीम के रूप में, एक बल्लेबाजी इकाई के रूप में, हमारे सामने आने वाली किसी भी स्थिति से निपटने के लिए तैयार हैं।

## दिवंगत महान फुटबॉलर पेले की मां सेलेस्टे अरांतेस का 101 वर्ष की आयु में निधन

एजेंसी

**साओ पाउलो।** दिवंगत महान फुटबॉल खिलाड़ी पेले की मां सेलेस्टे अरांतेस का 101 वर्ष की आयु में निधन हो गया। अरांतेस ने पिछले पांच साल वानस्पतिक अवस्था (चेतना की कमी) में बिताए। उन्हें 2022 में पेले की मृत्यु के बारे में सूचित नहीं किया गया था।

ब्राजील फुटबॉल परिसंघ (सीबीएफ) ने एक बयान में कहा कि वह पिछले आठ दिनों से अस्पताल में भर्ती थीं। सीबीएफ ने कहा कि अरांतेस की मौत का कारण नहीं बताया गया है। पेले फाउंडेशन ने अपने सोशल मीडिया चैनलों पर कहा कि एकमात्र तीन बार विश्व कप जीतने वाले खिलाड़ी की माँ एक रोल मॉडल थीं। फाउंडेशन ने कहा, भावनाएँ मिश्रित हैं। हम सेलेस्टिन्हा के जाने पर गहरा शोक व्यक्त करते हैं, जैसा कि उनके बेटे ने उन्हें प्यार से बुलाया था। साथ ही, हम उनके अस्तित्व के लिए हमेशा आभारी हैं, डोना सेलेस्टे रानी माँ हैं और उन्हें हमेशा हमारे दिलों और यादों में प्यार से याद किया जाएगा। सैंटोस, वह क्लब जहाँ पेले ने अपने करियर का अधिकांश हिस्सा खेला, ने कहा कि



उसके प्रशंसक हमारे शाश्वत राजा की माँ की मृत्यु पर दुखी हैं। क्लब ने कहा, उनके पास 101 साल की प्रेरणादायक जीवन कहानी थी। एक अश्वेत महिला जिसने अपने परिवार की भलाई के लिए जीवन में अंतहीन प्रतिकूलताओं का सामना किया। एडसन अरांतेस डो नैसिमेंटो, जिन्हें विश्व स्तर पर पेले के नाम से जाना जाता है, सेलेस्टे अरांतेस के तीन बच्चों में से एक थे। वह शुरू में अपने बेटे के पेशेवर फुटबॉलर बनने के खिलाफ थीं, लेकिन धीरे-धीरे उनके बेटे के अधिक सफल होने के बाद उन्होंने अपने विचार बदल दिए।

## दक्षिण अफ्रीका ने इंग्लैंड को हराकर विजयी अभियान जारी रखा, सेमीफाइनल की उम्मीदों को मजबूत किया

एजेंसी

**सैन फ्रांसिस्को।**

दक्षिण अफ्रीका ने क्विंटन डिकॉक की शानदार बल्लेबाजी के बाद गेंदबाजों के दमदार प्रदर्शन से गत चैंपियन इंग्लैंड को रोमांचक मुकाबले में सात रन से हराकर सुपर आठ चरण में लगातार दूसरी जीत दर्ज की। दक्षिण अफ्रीका ने पहले बल्लेबाजी करते हुए क्विंटन डिकॉक के 65 रनों की पारी की मदद से 20 ओवर में छह विकेट पर 163 रन बनाए, जवाब में ब्रूक ने 37 गेंदों पर 53 रनों की पारी खेली और टीम को मुश्किल से उबारा, लेकिन अंतिम ओवर में वह अपना विकेट गंवा बैठे और इंग्लैंड को हार का सामना करना पड़ा। इंग्लैंड की टीम 20 ओवर में छह विकेट पर 156 रन ही बना सकी। दक्षिण अफ्रीका के लिए कैगिसो रबादा और केशव महाराज ने दो-दो विकेट अपने नाम किए।

**डिकॉक की तूफानी बल्लेबाजी**

इससे पहले, इंग्लैंड के कप्तान जोस बटलर ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया, लेकिन क्विंटन डिकॉक ने शानदार बल्लेबाजी कर इस फैसले को गलत साबित करने में ज्यादा देर नहीं लगाई।





डिकॉक ने दूसरे ओवर में मोइन अली के खिलाफ चौका और छक्का लगाने के बाद आर्चर की लगातार गेंदों पर दो छक्के और चौका लगाकर हाथ खोला। पारी के इस चौथे ओवर में रीजा हेंड्रिक्स ने भी चौका लगाया जिससे दक्षिण अफ्रीका ने 21 रन बटोरे। डिकॉक ने छठे ओवर में सैम कुर्रन के खिलाफ अपनी पारी का चौथा छक्का लगाया जिससे दक्षिण अफ्रीका ने पावरप्ले में बिना किसी नुकसान के 63 रन बना लिए। उन्होंने अगले ओवर में एक रन चुरा कर 22 गेंद में अपना अर्धशतक पूरा किया। यह मौजूदा टी20 विश्व कप का संयुक्त रूप से सबसे तेज पचासा है। डिकॉक से पहले अमेरिका के आरोन जोंस ने कनाडा के खिलाफ 22 गेंदों पर अर्धशतक लगाया था। डिकॉक ने इससे पहले अमेरिका के खिलाफ भी 26 गेंदों पर पचासा जड़ा था।

**दक्षिण अफ्रीका ने नियमित अंतराल पर गंवाए विकेट**


अच्छी शुरुआत के बाद दक्षिण अफ्रीका की पारी लड़खड़ा गई और उसने नियमित अंतराल पर विकेट गंवाए। राशिद ने इसके बाद दक्षिण अफ्रीका के कप्तान एडेन मार्करम को चलता किया जिससे टीम का स्कोर बिना किसी नुकसान के 86 रन से 15वें ओवर में चार विकेट पर 115 रन हो गया। हालांकि, अंतिम ओवरों में डेविड मिलर ने तूफानी बल्लेबाजी की और लगातार शॉट खेल दक्षिण अफ्रीका को मुश्किल से निकालने की कोशिश की। तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर ने आखिरी ओवर में लगातार दो गेंदों पर मिलर और मार्को जेनसेन का विकेट लेकर दक्षिण अफ्रीका को 163 रन पर रोक दिया। यह इस मैदान पर इस विश्व कप का पहली पारी का न्यूनतम स्कोर है। मिलर अर्धशतक से चूक गए और 28 गेंदों पर चार चौकों और दो छक्कों की मदद से 43 रन बनाकर आउट हुए।

## इंग्लैंड पर मिली जीत के बाद मार्करम ने कहा- गेंदबाजों के पास अच्छी योजना थी और उन्होंने इसे सफल बनाया

एजेंसी

**ग्रोस आइलेट।** आईसीसी टी20 विश्व कप 2024 के सुपर 8 में इंग्लैंड के खिलाफ जीत के बाद, दक्षिण अफ्रीका के कप्तान एडेन मार्करम ने मैच में गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन की सराहना की।

एडेन मार्करम की अगुआई वाली दक्षिण अफ्रीकी टीम ने डेरेन सैमी नेशनल क्रिकेट स्टेडियम में सुपर आठ मैच में इंग्लैंड को सात रन से हराकर मौजूदा टी20 विश्व कप 2024 के सेमीफाइनल की तरफ एक कदम और बढ़ा दिया है। ऑलराउंडर ने मैच में शानदार मैच जिताऊ प्रदर्शन करने वाले सलामी



बल्लेबाज क्विंटन डी कॉक की जमकर तारीफ की। मार्करम ने मैच के बाद कहा, पिछले तीन ओवरों में हमारे खिलाफ़ बहुत कुछ था, लेकिन गेंदबाज़ों के पास अच्छी योजनाएँ थीं और उन्होंने इसे पूरा किया। पावरप्ले के बाद संदेश यह था कि यह धीमा हो गया। हमने पूरी तरह से क्रिकेट नहीं खेला, लेकिन हम सही रास्ते पर हैं। क्विनी (डी कॉक) ने पिछले दो मैचों में हमारे लिए अच्छा प्रदर्शन किया है। उन ओवरों में यह थोड़ा नर्वस करने वाला था, लेकिन ऐसा हो सकता है। योजनाएँ तो थीं, लेकिन क्रियान्वयन नहीं हो पाया। मैं आभारी हूँ कि ब्रूक का कैच पकड़ा गया।

## हाले एटीपी सेमीफाइनल में पहुंचकर झांग झिझेन ने रचा इतिहास

**बर्लिन।** चीनी पुरुष टेनिस खिलाड़ी झांग झिझेन ने चीन के टेनिस इतिहास में एक नया रिकॉर्ड बनाते हुए जर्मनी के हाले में टेरा वोर्टमैन ओपन के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। झिझेन ने पुरुष एकल के अंतिम 8 चरण में अमेरिका के क्रिस्टोफर यूबैंक को 6-4, 4-6, 7-5 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई।

झांग तीसरे सेट में 2-5 से पीछे थे, लेकिन उन्होंने लगातार पांच गेम जीतकर जीत हासिल की, जिससे वे ओपन युग में ग्रास कोर्ट पर टूर-लेवल सेमीफाइनल में पहुंचने वाले पहले चीनी खिलाड़ी बन गए। अपने दूसरे टूर-लेवल सेमीफाइनल में पहुंचकर, झांग इस सप्ताह पीआईएफ



एटीपी लाइव रैंकिंग में नौ पायदान ऊपर चढ़कर 33वें स्थान पर पहुंच गए हैं। ये उनके करियर की सर्वोच्च रैंकिंग है। 28 वर्षीय चीनी टेनिस खिलाड़ी का अगला मुकाबला विश्व के नंबर एक खिलाड़ी जननिक सिनर से होगा, जिन्होंने जर्मनी के जान-लेनार्ड स्ट्रफ को 6-2, 6-7(1), 7-6(3) से हराया। झांग ने कहा, मैं जननिक के खिलाफ सेमीफाइनल का बेसब्री से इंतजार कर रहा हूं, ठीक वैसे ही जैसे डेनियल के खिलाफ (बुधवार को) खेलना था। हमने फ्यूचर्स टूर्नामेंट से लगभग उसी समय शुरुआत की थी, लेकिन अब वे (जननिक और डेनियल) शीर्ष पांच खिलाड़ी हैं, इसलिए मैं मैच में हमारे अंतर को जानना चाहता हूं।

# भारत नवंबर में चार टी-20 मैचों के लिए करेगा दक्षिण अफ्रीका का दौरा

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम 8 नवंबर से शुरू होने वाली चार मैचों की टी20 सीरीज के लिए दक्षिण अफ्रीका का दौरा करेगी। क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका (सीएसए) और भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने एक संयुक्त बयान में उक्त जानकारी दी।

सीरीज का पहला मैच डरबन के हॉलीवुडबेट्स किंग्समीड स्टेडियम में खेला जाएगा। अगला मैच 10 नवंबर को गेकेबरहा के दाफाबेट सेंट जॉर्ज पार्क में खेला जाएगा। इसके बाद सीरीज हाईवेल्ड में होगी, जहां सुपरस्पोर्ट पार्क में 13 नवंबर को तीसरा और डीपी वर्ल्ड वांडरर्स स्टेडियम में 15 नवंबर को सीरीज का अंतिम मैच खेला जाएगा।

यह दौरा भारत की न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू टेस्ट सीरीज के बाद और बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलिया दौरे से पहले होगा।

बीसीसीआई सचिव जय शाह ने कहा, भारत और दक्षिण अफ्रीका के





बीच हमेशा से ही एक गहरा और मजबूत रिश्ता रहा है, जिस पर दोनों देश गर्व करते हैं। भारतीय क्रिकेट टीम को दक्षिण अफ्रीकी प्रशंसकों से लगातार अपार सराहना और प्यार मिला है, और यह भावना दक्षिण अफ्रीकी टीम के प्रति भारतीय प्रशंसकों में भी उतनी ही प्रबल है। मुझे पूरा विश्वास है कि आगामी श्रृंखला एक बार फिर मैदान पर क्रिकेट की उत्कृष्टता को उजागर करेगी और रोमांचक, उच्च तीव्रता वाले मुकाबले पेश करेगी।

सीएसए के अध्यक्ष लॉसन नायडू ने कहा, मैं बीसीसीआई को दक्षिण अफ्रीका के क्रिकेट और सामान्य रूप से विश्व क्रिकेट को उनके निरंतर समर्थन के लिए धन्यवाद देना चाहता हूं।

भारतीय क्रिकेट टीम का हमारे तटों पर कोई भी दौरा अद्भुत सौहार्द और रोमांचक क्रिकेट से भरा होता है, और मुझे पता है कि हमारे प्रशंसक इस श्रृंखला का बेसब्री से इंतजार कर रहे होंगे, जिसमें दोनों टीमों की असाधारण प्रतिभा का प्रदर्शन होगा।

पिछले साल अपने सभी प्रारूपों के दौरे के दौरान दोनों पक्षों के बीच खेली गई तीन मैचों की आखिरी श्रृंखला, डरबन में पहला टी20आई बारिश के कारण रद्द होने के बाद 1-1 से बराबरी पर समाप्त हुई थी।

**भारत के दक्षिण अफ्रीकी दौरे का कार्यक्रम इस प्रकार है-**

**8 नवंबर, डरबन में पहला टी20**
**10 नवंबर, गेबेरा में दूसरा टी20**
**13 नवंबर, सेंचुरियन में तीसरा टी20**
**15 नवंबर, जोहान्सबर्ग में चौथा टी20।**

# आखिरी ओवर में विकेट लेकर एनरिक नॉर्खिया ने रचा इतिहास, डेल स्टेन को छोड़ा पीछे; ग्रीम स्वान का रिकॉर्ड तोड़ बने नंबर-1

एजेंसी

**नई दिल्ली।** साउथ अफ्रीका ने सुपर-8 मुकाबले में इंग्लैंड के खिलाफ 7 रन से रोमांचक जीत दर्ज की। सांस रोक देने वाले इस मैच में साउथ अफ्रीका के तेज गेंदबाज एनरिक नॉर्खिया ने उम्दा गेंदबाजी का प्रदर्शन किया। आखिरी ओवर में नॉर्खिया ने एक विकेट लेकर 14 रन बचाते हुए एक नया रिकॉर्ड बना दिया। एक समय हैरी ब्रूक और लियाम लिविंगस्टोन ने 78 रन की साझेदारी करके दक्षिण अफ्रीका से मैच छीन लिया था। हालांकि, 18वें ओवर में रबाडा ने लियाम लिविंगस्टन को आउट कर साउथ अफ्रीका के लिए एक मौका बनाया। अंतिम ओवर की पहली गेंद पर हैरी ब्रूक का विकेट लेकर एनरिक नॉर्खिया ने इंग्लैंड की ताबूत में आखिरी कील ठोक दी।

**डेल स्टेन का तोड़ा रिकॉर्ड**

इस विकेट के साथ एनरिक नॉर्खिया टी20 वर्ल्ड कप में साउथ अफ्रीका के सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गए। उन्होंने दिग्गज





गेंदबाज डेल स्टेन को पीछे छोड़ दिया। डेन स्टेन ने टी20 वर्ल्ड कप में 30 विकेट लिए थे। वहीं, एनरिक नॉर्खिया के नाम 16 मैच में 31 विकेट दर्ज हो गए हैं।

मेंस टी20 वर्ल्ड कप में साउथ अफ्रीका के लिए सर्वाधिक विकेट

31 - एनरिक नॉर्खिया (16 मैच)
30 - डेल स्टेन (23 मैच)
24 - मोर्ने मोर्कल (17 मैच)
24 - कगिसो रबाडा (19 मैच)

**ग्रीम स्वान को छोड़ा पीछे**

यही नहीं एनरिक नॉर्खिया के उस एक विकेट ने टी20 वर्ल्ड कप में खेले गए हर मैच में कम से कम एक विकेट लेने के अपने लंबे समय से चले आ रहे कमाल को जारी रखा। नॉर्खिया ने अब टूर्नामेंट में कम से कम लगातार 16 पारियों में विकेट लेकर इस लिस्ट में नंबर-1 बन गए हैं। इस मामले में ग्रीम स्वान को पीछे छोड़ा।

टी20 वर्ल्ड कप में कम से कम एक विकेट लेने वाली सबसे अधिक लगातार पारियां

**16 - एनरिक नॉर्खिया (2021-24*)**
**15 - ग्रीम स्वान (2009-12)**
**15 - एडम जंपा (2021-24*)**
**11 - ईश सोढ़ी (2016-21)**

## एआईएफएफ ने दी पूर्व मुख्य कोच स्टिमैक को चेतावनी

**नई दिल्ली।** भारतीय फुटबॉल टीम के पूर्व मुख्य कोच इगोर स्टिमैक और अखिल भारतीय फुटबॉल संघ के बीच विवाद कम नहीं हो रहा है। दिग्गज ने हेड कोच पद से बर्खास्त किए जाने के बाद एआईएफएफ को चेतावनी दी है कि 10 दिन में उनका बकाया भुगतान नहीं किया गया तो वह फीफा ट्रिब्यूनल में उसके खिलाफ मामला दर्ज करेंगे। इसके अलावा स्टिमैक ने एआईएफएफ अध्यक्ष कल्याण चौबे पर भड़ास निकालते हुए उनका अनुबंध कई बार तोड़ने का आरोप लगाया।

इसके अलावा उन्होंने क्वालिफायर में भारत के दूसरे दौर से आगे नहीं जा पाने के लिए चौबे को ही जिम्मेदार ठहराया। अब बोर्ड ने उन्हें अगले 48 घंटे में कार्रवाई की चेतावनी दी है।

## साइकिलिंग स्पर्धा के माध्यम से प्रशंसक पेरिस की प्राकृतिक सुंदरता का अनुभव कर सकेंगे: यूसीआई अध्यक्ष

**जिनेवा।** यूनियन साइक्लिस्ट इंटरनेशनल (यूसीआई) के अध्यक्ष डेविड लैपर्टिएंट ने कहा कि ओलंपिक साइकिलिंग प्रतियोगिताओं को देखना प्रशंसकों के लिए पेरिस शहर की प्राकृतिक सुंदरता का अनुभव करने का सबसे अच्छा अवसर है।

लैपर्टिएंट ने सिन्हुआ को दिए एक साक्षात्कार में कहा, मैं पेरिस ओलंपिक खेलों में कुछ अद्भुत होने की उम्मीद कर रहा हूं। पेरिस एक बहुत ही प्रतिष्ठित शहर है। यह एक खुला संग्रहालय है। ओलंपिक प्रशंसकों को पेरिस देखने का अवसर देगा।

51 वर्षीय लैपर्टिएंट का जन्म फ्रांस के उत्तर-पश्चिम में पोंटिवी में हुआ था। लैपर्टिएंट ने कहा, हमारे पास ये सभी विधाएँ बहुत ही प्रतिष्ठित स्थानों पर हैं। केवल साइकिलिंग प्रतियोगिताएँ ही अपने प्रशंसकों को पेरिस में ये सभी अच्छे दृश्य देखने का अवसर दे सकती हैं।, पेरिस 2024 ओलंपिक खेलों की साइकिलिंग प्रतियोगिता प्लेस डे ला कॉनकॉर्ड्स में आयोजित की जाएगी, जो पेरिस के केंद्र में सबसे बड़ा चौक है और सीन नदी के उत्तर में स्थित है। सड़क साइकिलिंग मार्ग ट्रोकाडेरो से शुरू होते हैं और लौवर और एफिल टॉवर सहित पेरिस के प्रसिद्ध स्थलों से होकर गुजरेंगे। उन्होंने कहा, पेरिस के बहुत ही प्रतिष्ठित स्थान पर बहुत से



साइकिलिंग खेल हैं, और सड़क पर साइकिल चलाना भी निःशुल्क है। इसलिए मैं कहता हूँ कि यह एक तरह का खुला संग्रहालय है। आप सभी प्रतिष्ठित इमारतों को देखेंगे। इसलिए मैं कहता हूँ कि साइकिल चलाना एकमात्र ऐसा खेल है जिसके ज़रिए आप वास्तव में शहर को देख सकते हैं।

लैपर्टिएंट के लिए एकमात्र चिंता पेरिस का मौसम है। लेकिन उन्हें एथलीटों की नहीं, बल्कि प्रशंसकों की चिंता है। उन्होंने कहा, मौसम चाहे जो भी हो एथलीट साइकिल चलाएँगे। एथलीटों के लिए यह कम मुश्किल होगा. लेकिन प्रशंसकों या दर्शकों के लिए, बिना छत के, यह शायद ज़्यादा मुश्किल होगा। पेरिस 2024 में साइकिलिंग प्रतियोगिताओं के लिए पाँच विषय हैं, जिनमें सड़क साइकिलिंग, ट्रैक, माउंटेन बाइक, बीएमएक्स रेसिंग और बीएमएक्स फ़्रीस्टाइल शामिल हैं।



### चिल्लाओ झगड़ा करो... क्या

# देवोलीना भट्टाचार्जी

## ने बिग बॉस में नजर आने वाली वड़ा पाव गर्ल पर कसा तंज?



देवोलीना भट्टाचार्जी उन एक्ट्रेसेज में से हैं जो इंडस्ट्री, पॉलिटिक्स जैसे मुद्दों पर अपनी बात खुलकर रखती हैं। उन्हें कई टीवी शोज में देखा जा चुका है। पॉपुलर शो साथ निभाना साथिया में उन्होंने जिया मानेक को गोपी बहू के किरदार से रिप्लेस किया था और खूब फेमस हुई थीं।हाल ही मे एक्ट्रेस ने टीवी के सबसे कंट्रोवर्सियल शो बिग बॉस पर अपनी राय दी है। एक्ट्रेस ने शो पर कंटेस्टेंट के तौर पर नजर आने वाली वड़ा पाव गर्ल चंद्रिका दीक्षित पर तंज कसा है।

देवोलीना ने इंस्टाग्राम स्टोरीज में ये बात शेयर करते हुए अपनी भड़ास निकाली। देवोलीना ने लिखा, बहुत से लोग मुझसे पूछते हैं कि बिग बॉस में कैसे आ सकते हैं। इसके लिए क्या करना पड़ता है? कहां ऑडिशन देना पड़ता है? तो इसका जवाब मिल गया है।

**देवोलीना ने किस पर साधा निशाना**

देवोलीना ने कहा कि वैसे हमारे टाइम पर ऐसा नहीं होता था। लेकिन अब वक्त और फीलिंग्स दोनों बदल गए हैं। फिलहाल ये चल रहा है कि झगड़ा करिए, 1-2 थप्पड़ मारिए, हो सकता है कि पुलिस भी जाना पड़ जाए तो इससे पब्लिसिटी भी होगी। अभी की कंडीशन को देखकर ये बात कंफर्म की जा सकती है। इसके बाद खुद को वायरल कीजिए। ब्लॉगर्स को बुला लीजिए अपना ब्लॉग बनवाइए।

उन्होंने आगे कहा मैं इस बात को पूरे विश्वास के साथ कह सकती हूं कि अगर आप एक महीने तक स्ट्रीट पर रहते हैं, लोगों से झगड़ा करते हैं, बहस करते हैं तो आप पक्का पुलिस स्टेशन पहुंच जाएंगे। यही पब्लिसिटी है। इतना सब करने के बाद जब लोग आपको गाली देने लगें तो समझ जाना कि बिग बॉस से आपको बुलावा मिल सकता है।

**क्यों वायरल है वड़ा पाव गर्ल**

वैसे तो देवोलीना ने यहां पर किसी का भी नाम नहीं लिया है लेकिन लोग ऐसा अंदाजा लगा रहे हैं कि वो वड़ा पाव गर्ल पर टारगेट कर रही हैं। वड़ा पाव गर्ल को दिल्ली की स्ट्रीट्स पर वड़ा बेचते हुए देखा जाता है। वड़ा पाव गर्ल के नाम से वायरल चंद्रिका दीक्षित उत्तर-पश्चिमी दिल्ली के मंगोलपुरी इलाके में स्टॉल लगाकर वडा पाव बेचती हैं। हाल ही में उनका एक वीडियो वायरल हुआ था जिसमें वो स्थानीय लोगों के साथ झगड़ा कर रही थीं।



# ऋचा चड्ढा

## ने मिर्जापुर का ट्रेलर देख गुड्डू भैया की खींची टांग, कहा- अब बच्चे को...

प्राइम वीडियो की मोस्ट अवेटेड वेब सीरीज मिर्जापुर के तीसरे सीजन का इंतजार अब जल्द ही खत्म होने वाला है। दो सीजन लगातार सुपरहिट होने के बाद अब फैंस इसके तीसरे सीजन में फिर से कालीन भैया और गुड्डू पंडित का भौकाल देखने का इंतजार कर रहे है। गुरुवार को इसका ट्रेलर जारी किया गया।मिर्जापुर 3 के ट्रेलर को लोगों से अच्छा खासा रिस्पॉन्स मिला। अब इस पर अली फजल की पत्नी और एक्ट्रेस ऋचा चड्ढा ने भी अपना रिएक्शन दिया है। एक्ट्रेस ने इसे देखने के बाद अपने पति की तारीफ की है।

**ऋचा चड्ढा ने कही ये बात**

ऋचा चड्ढा ने अपने सोशल मीडिया हैंडल इंस्टाग्राम पर मिर्जापुर 3 का ट्रेलर शेयर किया है। इसके शेयर करते हुए एक्ट्रेस ने लिखा कि तो आज ये आ गया, है न गुड्डू। कम से कम अगर बच्चे को पता चले कि शादी की तस्वीरों में डैडी के बाल छोटे क्यों थे, जबकि अब वो लंबे बाल रखते हैं।


**ऋचा ने की अली फजल की तारीफ**

इसके आगे पोस्ट में एक्ट्रेस ने लिखा कि क्या मैं देख पाउंगी। तुम इसमें अविश्वसनीय लगोगे। वैसे भी मैंने देखा कि तुम कितनी मेहनत करते हो।

**क्या था सीरीज के ट्रेलर में**

मिर्जापुर 3 के ट्रेलर में देखने को मिला था कि कैसे एक बार फिर भौकाल मचाने गुड्डू भैया वापस मिर्जापुर आते हैं। इसके साथ ही इसमें बिना त्रिपाठी का भी एक अलग ही किरदार देखने को मिलने वाला है। सिर्फ इतना ही नहीं, इस बार कई और चीजें इसके तीसरे सीजन में बदल जाने वाली है।इसके आगे ट्रेलर में देखने को मिला था कि गुड्डू पंडित को जेल हो जाती है और उसके पिता ही अपने बेटे के खिलाफ हो जाते हैं। ऐसे में अब इसका तीसरा सीजन और भी मजेदार होने वाला है। बता दें कि वेब सीरीज मिर्जापुर 3 ओटीटी प्लेटफॉर्म प्राइम वीडियो पर 5 जुलाई को स्ट्रीम होने वाली है।

## जूनियर NTR ने जो RRR में किया, राम चरण अगली फिल्म में कुछ वैसा ही गेम करने जा रहे!





एस.एस राजामौली की ऋक्क ने दुनियाभर से झामफाड़ कमाई की. जूनियर एनटीआर और राम चरण की जोड़ी आई और छा गई. दोनों सुपरस्टार्स को लेकर तभी से फैन्स के बीच तगड़ा बज बना हुआ है. इस साल दोनों मेगा बजट फिल्मों के साथ कमबैक करने वाले हैं. जहां जूनियर एनटीआर की 'देवरा' आ रही है, तो वहीं दूसरी ओर राम चरण की 'गेम चेंजर' का काम लगभग पूरा होने वाला है. दोनों फिल्मों का फैन्स बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं. राम चरण के खाते में इस वक्त कई बड़े प्रोजेक्ट्स हैं. 'गेम चेंजर' की शूटिंग खत्म करने के बाद वो बुची बाबू की फिल्म पर काम शुरू कर देंगे. इस फिल्म का टाइटल अबतक अनाउंस नहीं किया गया है, फिल्म को ऋ़16 कहकर बुलाया जा रहा है.इस फिल्म में राम चरण के साथ जान्हवी कपूर नजर आने वाली हैं. बीते दिनों पता चला था कि, फिल्म में विलेन के लिए बॉबी देओल के नाम पर चर्चा चल रही है. फिल्म में राम चरण का लुक पूरी तरह से बदलने वाला है, जिसके लिए मेकर्स ने भारी-भरकम बजट रखा है. इसी बीच उनके रोल को लेकर बड़ा अपडेट आ गया है.

**अगली फिल्म में कैसा होगा राम चरण का रोल ?**

राम चरण 'गेम चेंजर' की शूटिंग पूरी करने के बाद से ब्रेक पर हैं. अबतक फिल्म की रिलीज डेट अनाउंस नहीं की गई है. पर इसी बीच राम चरण ने अपनी अगली फिल्म के लिए खुद को तैयार करना शुरू कर दिया है, जो एक स्पोर्ट्स ड्रामा फिल्म है. तेलुगु 360 डॉट कॉम में एक रिपोर्ट छपी है. इससे पता लगा कि, एक्टर एथलीट का किरदार निभाने वाले हैं. फिल्म उत्तरांधरा रीजन के बैकड्रॉप पर बन रही है. इसका डायरेक्शन बुची बाबू करेंगे. वहीं, वृद्धि सिनेमा, मैत्री मूवी मेकर्स और सुकुमार राइटिंग्स इस बड़े बजट की फिल्म को प्रोड्यूस करने वाले हैं.

रिपोर्ट से मिले नए अपडेट के मुताबिक, राम चरण फिल्म में एक आदिवासी खिलाड़ी का किरदार निभाते नजर आएंगे. पिक्चर में जान्हवी कपूर लीड रोल कर रही हैं. दरअसल इस पिक्चर के लिए राम चरण का तगड़ा ट्रांसफॉर्मेशन होने वाला है. इस बदलाव के बाद फिल्म की अगस्त में शूटिंग शुरू होगी. इसके लिए वो ऑस्ट्रेलिया में ट्रेनिंग लेने वाले हैं.

## शाहरुख खान ने छोड़ी Don 3, फरहान अख्तर ने उससे भी बड़ी फिल्म बनाने की प्लानिंग कर ली!





शाहरुख खान नाम ही काफी है. बीते साल बॉक्स ऑफिस पर किंग खान ने जो भौकाल काटा, उसके आसपास भी कोई नहीं आ पाया. 'पठान', 'जवान' और 'डंकी'ज तीनों फिल्मों ने बॉक्स ऑफिस पर झामफाड़ कमाई की थी. इस वक्त वो अपनी अपकमिंग फिल्मों में बिजी हैं. कई बड़ी पिक्चर उनके खाते में हैं. पर सबसे पहले 'किंग' की शूटिंग खत्म करेंगे. इसी बीच किंग खान फिर से चर्चा में आ गए हैं. इस बार वजह है छ्हह. जब से फरहान अख्तर ने 'डॉन 3' का अनाउंसमेंट किया है, तभी से फैन्स उनसे नाराज हैं. लोगों का सवाल था कि, आखिर क्यों तीसरे इंस्टॉलमेंट में शाहरुख खान की वापसी नहीं हुई? पर अब फरहान अख्तर ने फैन्स की बात मान ली है और बड़ा अपडेट दे दिया है.'डॉन' का नाम आते ही जुबां पर सबसे पहले शाहरुख खान का नाम आ जाता है. ऐसा होना लाजमी भी है, क्योंकि डॉन बनकर जब वो कहते हैं- डॉन के सामने आदमी के पास दो ही विकल्प हैं या तो आज्ञा का पालन करें, या मर जाएंज फिल्म को गजब का रिस्पॉन्स मिला था. पर अब फरहान अख्तर की शाहरुख खान के साथ क्या प्लानिंग हैं, उन्होंने बता दिया है.

**शाहरुख खान संग फरहान अख्तर की प्लानिंग**

हाल ही में फरहान अख्तर ने पिंकविला से बातचीत की. इस दौरान उन्होंने शाहरुख खान के डॉन फैंचाइजी से बाहर होने से निराश फैन्स को बड़ा हिंट दिया है. उन्होंने बताया कि, जल्द ही वो शाहरुख खान के साथ कुछ बड़ा करने की प्लानिंग कर रहे हैं.

इस दौरान फरहान अख्तर ने फैन्स से वादा किया कि, वो 100 प्रतिशत शाहरुख खान के साथ जल्द किसी नए प्रोजेक्ट पर काम करेंगे. दरअसल 'डॉन 3' में रणवीर सिंह को लीड रोल के लिए फाइनल किया गया है. उनके साथ कियारा आडवाणी नजर आएंगी. पर ऐसी खबरें थीं कि, मेकर्स पहले फिल्म में रणबीर कपूर को लेना चाहते थे. पर उन्होंने इस रोल को करने से इनकार कर दिया. ऐसे में उन्हें रणवीर सिंह को फाइनल करना पड़ा. फिल्म की साल 2025 से शूटिंग शुरू की जाएगी. फिलहाल प्री-प्रोडक्शन पर काम चल रहा है.